
फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 26 प्रभात जयपुर, बुधवार 27 अगस्त, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



What if Russia wins in Ukraine?
Instability is growing, Putin's war in Europe is heating up, and for fear of escalation, we have encouraged global nuclear proliferation
Daily Skincare Routine
Chuk-Chuk Chalti Rail? No!
India's First Hydrogen Train Successfully Tested at Integral Coach Factory, Chennai

# अंबानी के "वनतारा" की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी गठित की

## सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस चेलमेश्वर के नेतृत्व वाली एसआईटी को 12 सितम्बर तक अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा है

- सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश एडवोकेट जया सुकीन व देव शर्मा की याचिका पर दिए जिनमें अखबारों में छपी खबरों के आधार पर पशु अधिकारों के हनन व पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था।
- कोर्ट ने एसआईटी गठित करते समय हालांकि यह भी कहा, कि जिन आरोपों की पुष्टि के लिए ठोस सबूत न हों वे याचिकाएं खारिज कर दी जानी चाहिए पर इस मामले से तथ्यात्मक जांच जरुरी है।
- वनतारा असल में वन्यजीवों का पुनर्वास केन्द्र है जहां देश विदेश से जंगली जानवर लाए जाते हैं। इस केन्द्र की स्थापना अनन्त अंबानी ने की है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात स्थित अनंत अंबानी द्वारा स्थापित 'वनतारा' रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया है।

अदालत ने कहा कि सामान्यतः ऐसे आरोपों पर आधारित याचिका, जिनके समर्थन में कोई ठोस सबूत न हो, कानून की दृष्टि में विचारणीय नहीं होती और प्राथमिक स्तर पर ही खारिज की जानी चाहिए।

इसके बावजूद, कोर्ट ने मामले की तथ्यात्मक जांच पड़ताल के लिए जांच आवश्यक मानी है और एसआईटी को 12 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

एसआईटी का नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस जस्ती चेलमेश्वर करेंगे और आयोग के अन्य सदस्य होंगे, बॉम्बे हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, राघवेन्द्र चौहान, मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त हेमंत नगराले तथा अतिरिक्त आयुक्त, कस्टम्स अनीश गुप्ता।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस पंकज मिथल और पीबी वराले की बैंच ने यह आदेश एडवोकेट सी.आर. जया सुकीन और देव शर्मा द्वारा दायर दो याचिकाओं के आधार पर पारित किया है। इन याचिकाओं में मांग की गई थी कि वनतारा रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र जांच कराई जाए।

याचिकाओं में लगाए गए आरोप अखबारों में छपी रिपोर्टों पर आधारित हैं और उनके समर्थन में कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं किए गए। फिर भी, अदालत ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करने की बजाय, एक तथ्यान्वेषण जांच का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने से जिन मुद्दों पर रिपोर्ट मांगी है, उनमें शामिल हैं: वनतारा द्वारा भारत और विदेशों से जानवरों, विशेष रूप से हाथियों का अधिग्रहण किन परिस्थितियों में और किस प्रक्रिया से किया गया।

क्या ये गतिविधियां वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, तथा चिड़ियाघर नियमों के अनुरूप हैं?

क्या जानवरों या उनके उत्पादों के व्यापार संबंधी नियमों का पालन किया गया है?

क्या वहां पशुपालन, पशु चिकित्सा देखभाल और पशु कल्याण से संबंधित मानकों का पालन हो रहा है?

# विधानसभा सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक 28 को

- विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने यह परम्परा शुरू की थी।

जयपुर, 26 अगस्त। सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के चतुर्थ सत्र की बैठकें 1 सितम्बर से आरंभ होंगी। इससे पहले विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने, 28 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे विधान सभा में अपने कक्ष में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, बसपा के मनोज कुमार, भारत आदिवासी पार्टी के थावर चन्द और रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग को आमंत्रित किया गया है।

देवनानी ने विधान सभा अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद लोकसभा की तर्ज पर विधान सभा में भी सर्वदलीय बैठक बुलाये जाने का निर्णय लिया था। राजस्थान विधान सभा में पहली बार सोलहवीं विधान सभा से आरंभ हुई यह सर्वदलीय बैठक चौथी बार हो रही है।

# हैल्थ इंश्योरैंस और लाइफ इंश्योरैंस पर से जी.एस.टी. पूर्णतया हटेगी?

## 3-4 सितम्बर को दिल्ली में आयोजित जी.एस.टी. काउंसिल की बैठक में यह निर्णय पारित होने की सम्भावना

- भारत में इंश्योरैंस का प्रसार न्यूनतम है, अन्य उभरते देशों की तुलना में। इंश्योरैंस प्रिमियम पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लगती है, यह जी.एस.टी. लगना बन्द हो जाने के बाद मध्यम वर्ग में इंश्योरैंस का प्रचलन बढ़ने की भारी उम्मीद है।
- एक मध्यमवर्ग परिवार को बीस हजार रुपये प्रतिवर्ष की वार्षिक किश्त काफी भारी पड़ती है, और इस किश्त पर 3600 रु. का जी.एस.टी. का भार और पड़ता है।
- अगर जी.एस.टी. इंश्योरैंस पर लगना बंद हो जाये तो मध्यमवर्गीय परिवार पर 3600 रु. का भार कम हो जाता है, और सरकार को आशा है, इससे हैल्थ इंश्योरैंस व लाइफ इंश्योरैंस का "पैनिट्रेशन" बढ़ेगा (प्रसार बढ़ेगा) और बीमारी के इलाज के लिए मध्यम वर्ग को जमीन-जायदाद बेचकर इलाज कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

- सुकुमार साह -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 26 अगस्त। दो-तीन सितंबर को नई दिल्ली में होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक भारत के वित्तीय सुरक्षा परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। इस बैठक के केंद्र में यह प्रस्ताव है कि स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा (जिसमें टर्म प्लान भी शामिल हैं) पर वर्तमान में लगाए जा रहे 18 प्रतिशत जीएसटी को समाप्त कर दिया जाए। अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो यह न केवल घरेलू खर्चों को सीधे कम करेगा, बल्कि कुछ लोगों के लिए विशेष सुविधा के बजाय यह प्रस्ताव बीमा को एक जन-उत्पाद (मास प्रॉडक्ट) बना सकता है।

इस सुधार की आवश्यकता बिल्कुल स्पष्ट है। आज भारत में बीमा की पहुँच उभरते बाजारों में सबसे कम है। इसकी एक प्रमुख वजह इसकी ऊंची लागत है। एक मध्यम वर्गीय परिवार, जो 20,000 सालाना प्रीमियम देता है, उसे इसके ऊपर 3,600 टैक्स भी चुकाना पड़ता है। यदि यह कर हटा दिया जाए, तो बोझ तुरंत कम हो जाएगा तथा अधिक परिवार बीमा लेने के लिए प्रोत्साहित होंगे। ऐसे देश में, जहाँ जेब से मेडिकल खर्च करना अक्सर परिवारों को कर्ज में डुबो देता है, सुरक्षा की लागत को कम करना न केवल आर्थिक रूप से उचित है, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी आवश्यक है।

राज्यों के मंत्रियों के एक समूह ने पहले ही इस प्रस्ताव को समर्थन दे दिया है कि व्यक्तिगत और पारिवारिक स्वास्थ्य तथा टर्म जीवन बीमा योजनाओं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उपराष्ट्रपति के चुनाव में आंध्र व तेलंगाना सांसदों की क्या भूमिका रहेगी?

## राजनीतिक दल पूर्व न्यायाधीश सुदर्शन रेड्डी के खिलाफ टिप्पणी को "तैलुगु सम्मान" को आहत करने का प्रयास बताकर प्रचारित कर रहे हैं

- इस प्रचार के दबाव में आंध्र व तेलंगाना के सांसद "तेलुगु सम्मान" की रक्षा में खड़े हो सकते हैं।
- सम्भावना बन रही है, कि चन्द्रबाबू नायडू की पार्टी के सांसद, "एन-ब्लॉक" न्यायाधीश सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में वोट करने को मजबूर हो जायें और उपराष्ट्रपति का चुनाव, जिसे सामान्य, साधारण सा चुनाव माना जा रहा था, सरकार के लिए खतरे की घण्टी न बन जाये।
- जैसा, कि विदित ही है, गृहमंत्री अमित शाह ने न्यायाधीश सुदर्शन के खिलाफ टिप्पणी की थी कि, न्यायाधीश के सलवा जुदुम आन्दोलन के खिलाफ दिये गये निर्णय से छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को "नई जिंदगी" मिल गई थी।

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 26 अगस्त। उपराष्ट्रपति चुनाव ने अप्रत्याशित रूप से सत्तारूढ़ एनडीए के भीतर हलचल पैदा कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बी. सुदर्शन रेड्डी पर की गई तीखी टिप्पणी से तेलुगु राजनीतिक हलकों में बेचैनी बढ़ गई है। शाह ने फिर दोहराया कि सुदर्शन रेड्डी द्वारा सलवा जुडुम आंदोलन पर दिए गए ऐतिहासिक निर्णय ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को नई जिंदगी दी।

हालांकि शाह ने यह स्पष्ट किया कि "हिंसा से लड़ने के लिए एक और हिंसक समूह बनाना केवल दोनों पक्षों के आतंक को बढ़ाता है," लेकिन यह टिप्पणी अब राष्ट्रीय सुरक्षा से इतर क्षेत्रीय पहचान और गरिमा के नजरिए से देखी जा रही है-खासकर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में।

वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक इसे 1980 के दशक में एन.टी. रामाराव की राजनीतिक उदय के समय से जोड़कर देख रहे हैं, जब राजीव गांधी द्वारा तत्कालीन आंध्र मुख्यमंत्री टी. अंजैया के अपमान की घटना ने तेलुगु स्वाभिमान की लहर पैदा की थी और उसी भावना को आधार बनाकर ने तेलुगु देशम पार्टी खडी की थी। आज, विश्लेषकों का मानना है कि शाह की टिप्पणी-चाहे वह अप्रत्यक्ष ही क्यों न हो-एक सम्मानित तेलुगु न्यायविद् पर हमला मानी जा सकती है, और इसे तेलुगु अस्मिता पर प्रहार माना जा सकता है।

तेलुगु देशम पार्टी, जो एनडीए को एक प्रमुख घटक हैं, के सांसद जनमत के दबाव में आकर न्यायमूर्ति रेड्डी का समर्थन करने के लिए मजबूर हो सकते हैं भले ही पार्टी स्तर पर कोई औपचारिक निर्णय न लिया गया हो। अब बहस केवल गठबंधन निष्ठा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह तेलुगु नेताओं की प्रतिष्ठा की रक्षा से भी जुड़ चुकी है।

हैदराबाद के एक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक का कहना है, कि अमित शाह की बातों का असर ऐसा हो सकता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन में 6 की मौत

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैष्णो देवी यात्रा अस्थायी तौर पर रोक दी गई।

जम्मू, 26 अगस्त। जम्मू के पास कटरा स्थित श्री माता वैष्णो देवी मार्ग में अर्धकुवारी के पास मंगलवार को भूस्खलन होने से 6 लोगों की मौत हो गयी और 14 अन्य घायल हो गये हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यह जानकारी दी।

श्राइन बोर्ड ने कहा कि अर्धकुवारी के पास हुए इस भूस्खलन में घायल हुए लोगों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। दूसरी ओर जम्मू के सभी स्कूल बुधवार को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। श्राइन बोर्ड और सुरक्षा बलों ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर माता वैष्णो देवी की यात्रा को अस्थायी तौर पर रोक दिया गया है। अर्धकुवारी से भवन तक का मार्ग बंद कर दिया गया है। निचले ट्रैक से भी श्रद्धालुओं की आवाजाही सीमित कर दी गई है।

जम्मू प्रशासन ने खराब मौसम और क्षेत्र भर में अलग अलग स्थानों पर बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने के मद्देनजर सभी सरकारी और निजी स्कूल कल बंद रखने का निर्देश दिया है।

# एससीओ समिट में मोदी और पुतिन का स्वागत खुद करेंगे जिनपिंग

## शी इस कदम से ट्रंप को कड़ा मैसेज देना चाहते हैं कि टैरिफ वॉर में "ग्लोबल साउथ" एकजुट है

- चीन में हो रहे तियानजिन समिट में शामिल होने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 अगस्त को चीन जा रहे हैं। 7 सालों में उनकी यह पहली चीन यात्रा है और भारत और चीन के बीच गंभीर सीमा विवाद को देखते हुए भी यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है।
- चीन भी चाहता है कि भारत अमेरिका के पाले में ना जाए क्योंकि एक स्वतंत्र तटस्थ भारत का चीन के साथ आना उसके लिए भी फायदेमंद हो सकता है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अगस्त। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा ब्रिक्स देशों और अन्य साझेदारों पर टैरिफ युद्ध थोपने की पृष्ठभूमि में, ग्लोबल साउथ की एकजुटता का संदेश देने के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 31 अगस्त से 1 सितंबर तक तियानजिन, चीन में होने जा रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का व्यक्तिगत रूप से स्वागत करेंगे। यह कदम वॉशिंगटन को एक सूक्ष्म किंतु स्पष्ट संदेश देने के रूप में देखा जा रहा है।

शी जिनपिंग अगले सप्ताह चीन में एक क्षेत्रीय सुरक्षा मंच पर 20 से अधिक विश्व नेताओं को इकट्ठा करेंगे, जिससे न केवल ट्रंप के समय ग्लोबल साउथ की शक्ति का प्रदर्शन होगा, बल्कि प्रतिबंधों से जूझ रहे रूस को एक और कूटनीतिक जीत पाने में मदद मिलेगी।

पुतिन और मोदी के अलावा, मध्य एशिया, मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। यह शिखर सम्मेलन भारत और चीन के बीच 2020 की घातक सीमा झड़पों के बाद तनाव कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी हो सकता है, क्योंकि यह मोदी की सात वर्षों में पहली चीन यात्रा होगी।

पिछले साल कज़ान, रूस में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी मोदी, शी और पुतिन ने मंच साझा किया था, जबकि उस समय पश्चिमी नेताओं ने यूक्रेन युद्ध के चलते पुतिन से दूरी बना रखी थी। नई दिल्ली में रूसी दूतावास के अधिकारियों ने हाल ही में कहा कि मॉस्को को शी जिनपिंग और मोदी के साथ त्रिपक्षीय वार्ता की उम्मीद है।

चीनी राष्ट्रपति इस शिखर सम्मेलन को एक ऐसे मंच के रूप में पेश करना चाहेंगे जो दिखाए कि अमेरिका के नेतृत्व से रहित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था कैसी हो सकती है और यह भी जनवरी तक वाइट हाउस ने चीन, ईरान, रुस और अब भारत पर भी जो प्रतिबंध लगाए गए हैं उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। चाइना-ग्लोबल साउथ प्रोजेक्ट के संपादक एरिक ओलेंडर ने कहा, जरा देखिए ब्रिक्स ने डॉनल्ड ट्रंप को कितना विचलित किया है - यही तो इन मंचों की मूल भूमिका है।

इस वर्ष का शिखर सम्मेलन एससीओ के 2001 में गठन के बाद से अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। चीनी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने इसे "अंतरराष्ट्रीय संबंधों की नई प्रकार की संरचना में एक महत्वपूर्ण शक्ति" बताया।

हाल के वर्षों में भारत की नीति अमेरिका और इज़रायल के प्रति झुकाव के कारण एससीओ और ब्रिक्स के प्रति थोड़ी ठंडी पड़ी थी। लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के धमकाने की नीति भारत तथा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति असम्मानजनक रवैये ने भारत को इन मंचों की ओर फिर से आकर्षित किया है।

सुरक्षाकारणों से गठित एससीओ, जो कभी छह यूरेशियाई देशों का समूह था, अब 10 स्थायी सदस्य और 16 संवाद व पर्यवेक्षक देशों तक फैल चुका है। इसका ध्यान अब सिर्फ सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक और सैन्य सहयोग तक भी विस्तारित हो चुका है।

हालाँकि विश्लेषकों का मानना है कि एससीओ ने अब तक ठोस सहयोग के नतीजे नहीं दिए हैं, लेकिन चीन के लिए यह अमेरिका के विरुद्ध ग्लोबल साउथ की एकजुटता दिखाने का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

कुछ विशेषज्ञ जो चीन को संदेह की दृष्टि से देखते हैं और अमेरिका भारत संबंध के समर्थक है उनका कहना है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी ने ट्रंप के चार फोन कॉल नहीं उठाये ?

- जर्मन अखबार ने दावा किया कि ट्रंप की धमकियाँ व दबाव भारत पर काम नहीं कर रहे।

नई दिल्ली, 26 अगस्त। एक जर्मन अख़बार ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा किए गए चार फोन कॉल्स का जवाब नहीं दिया। भारत-अमेरिका टैरिफ़ विवाद का विश्लेषण करने वाले फ्रैंकफर्टर अलगेमाइन जितुंग (एफ.ए.जेड.) की रिपोर्ट में यह दावा करते हुए कहा गया है कि व्यापार विवादों में ट्रंप की आम रणनीति, शिकायतें, धमकियाँ और दबाव, भारत के मामले में काम नहीं कर रही हैं, जबकि कई अन्य देशों के साथ ऐसा हो रहा है। हालांकि, इस दावे के बारे में पुष्टि नहीं हो पाई है।

मीडिया वेबसाइट वियॉन ने एफ.ए.जेड. का हवाला दिया है, जिसमें यह दावा किया है कि अगर जर्मन भाषा की रिपोर्ट का मशीनी अनुवाद सही है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कौन पैदा करवा रहा है "ट्राइबल लीडर" बिरसा मुंडा और अम्बेडकर के बीच टकराव की स्थिति?

## कोटा में भारतीय रेल्वे एस.सी./एस.टी. एसोसिऐशन को आवंटित आवास में अम्बेडकर की मूर्ति के समक्ष अनाधिकृत तरीके से क्यों लगाई गई बिरसा मुंडा की मूर्ति?

- इस मामले में हाईकोर्ट के समक्ष दायर याचिका में कहा गया कि एसोसिऐशन के अधिकारी "ट्राइबल" महानायक बिरसा मुंडा द्वारा, अनुसूचित जनजाति के हकों के लिए किए गए संघर्ष का भरपूर सम्मान करते हैं, परन्तु जिस जोर-जबरदस्ती और अनाधिकृत तरीके से उनकी मूर्ति स्थापित की गई, उससे केवल अनूसूचित जाति की भावनाओं को आहत करने की कोशिश की गई है।
- याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2022 में एसोसिऐशन का चुनाव हार चुके एक गुट ने लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिड़ला, के ओ.एस.डी. के साथ मिलकर अनाधिकृत तरीके से मूर्ति लगाने का कृत्य किया।
- याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एफ.आई.आर. भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन, राजनैतिक दबाव के चलते एफ.आर. लगाकर मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया।

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 26 अगस्त। राजस्थान हाईकोर्ट ने भारतीय रेल्वे की अनुसूचित जनजाति के लिए गठित एसोसिऐशन को कोटा आवंटित मकान के परिसर में अनाधिकृत और अवैध तरीके से बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापित करने के मामले में सुनवाई की और एसोसिऐशन की कोटा ज़ोन की ईकाई को राहत देते हुए आदेश दिए हैं कि 7 दिन के भीतर इस एसोसिऐशन के द्वारा दिए गए परिवाद की सरकार में सुनवाई हो।अदालत ने आदेश में कहा कि मुख्य सचिव इस एसोसिऐशन के सभी अधिकारियों के साथ 04.09.2025 तक सुनवाई करे और 30 दिन के भीतर मामले में निर्णय दे।

गौरतलब है कि भारतीय रेल्वे में अनुसूचित जनजाति की एसोसिऐशन की कोटा ज़ोन की ईकाई ने हाईकोर्ट में रिट याचिका इसलिए दायर की थी क्योंकि पिछले वर्ष लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिड़ला, के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओ.एस.डी.) ने एसोसिऐशन को आवंटित भवन में जबरदस्ती घूसकर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति के सामने ही अनाधिकृत, अवैध तरीके से झारखण्ड प्रदेश के अनुसूचित जनजाति के महानायक, बिरसा मुंडा, की मूर्ति का लोकार्पण किया, और अनुसूचित जाति के सदस्यों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई।

याचिकाकर्ता के वकील सतीश पचौरी का कहना है कि वे बिरसा मुंडा के अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष और योगदान का सम्मान करते हैं, परन्तु एसोसिऐशन को आवंटित परिसर में उनकी मूर्ति स्थापित करने का कोई सरकारी आदेश नहीं था और केवल बलपूर्वक अनुसूचित जाति के सदस्यों की गरिमा को आहत करने के लिए यह कृत्य किया गया है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि 2022 में एसोसिऐशन के चुनाव में एक गुट चुनाव हार गया था, जिसने प्रतिशोध लेने के लिए एसोसिऐशन को आवंटित इस आवास की शांति भंग करने की कोशिश की है। इस मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया था कि मूर्ति स्थापित करने से पूर्व राजीव दत्ता व उनके सहयोगियों ने कोई तरीके की स्वीकृति प्राप्त नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका ने 50% टैरिफ का नोटिफिकेशन जारी किया

- नोटिस के अनुसार 27 अगस्त को रात 12.01 के बाद भारत के गोदामों से निकले माल पर यह टैरिफ लगेगा।

नई दिल्ली, 26 अगस्त। अमेरिका ने भारत से आयात होने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की योजना का ऐलान कर दिया है। यह वही टैरिफ है जिसकी घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पहले कर चुके हैं।

अमेरिकी होमलैंड सिक्यूरिटी विभाग ने एक ड्राफ्ट नोटिस जारी कर इसकी रूपरेखा पेश की। यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है, जब रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते की कोशिशें ठप पड़ती नजर आ रही हैं।

नोटिस में साफ कहा गया है कि यह बढ़ा हुआ टैरिफ भारत के उन उत्पादों पर लागू होगा, जो 27 अगस्त, 2025 को सुबह 12:01 बजे (पूर्वी डेलाइट समय) के बाद खपत के लिए आयात

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**अन्याय को मिटाओ लेकिन अपने आप को मिटाकर नहीं। –प्रेमचंद**

# न्याय की लंबी डगर: निचली अदालतों में तारीखों पर तारीखें

भारतीय न्यायपालिका केवल उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ही नहीं है। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि न्याय के इन्हीं उच्च स्तरों से अधिकांश विधिक ज्ञान की शुरुआत होती है। शायद ऐसा इसलिए है क्योंकि इन न्यायालयों में न्यायमूर्ति संवैधानिक सिद्धांतों की बारीकियों का अन्वेषण करते हैं, मौलिक अधिकारों के जटिल अंतर्संबंधों की व्याख्या करते हैं, और ऐसे निर्णय सुनाते हैं जो विधिक और लोकजगत दोनों पर अपनी छाप छोड़ते हैं। लेकिन यह भी सच है कि न्याय का असली संघर्ष निचली अदालत अर्थात 'ट्रायल कोर्ट' से शुरू होता है। भीड़भाड़ वाली मजिस्ट्रेटी अदालतों और कम रोशनी वाली सिविल अदालतों में न्याय की यह प्रक्रिया हमेशा एक मोहर और एक तारीख से शुरू होती है, तथा तारीख पर तारीख का किस्सा बन कर बरसों चलती रहती है। देश के अधिकांश मुकदमों के लिए ये निचली अदालतें प्राय: पहला संपर्क बिंदु होती हैं। लेकिन अनोखी बात यह है कि यह व्यवस्था इस तरह से है कि एक भी न्यायाधीश किसी मामले की शुरुआत से अंत तक सुनवाई नहीं कर पाता है। उनका तबला होता रहता है। न्याय में अत्यधिक देरी भारतीय न्यायिक प्रशासन की सबसे बुनियादी समस्याओं में से एक है। लेकिन उससे निबटने के लिए ट्रायल कोर्ट के बारे में देश में विश्वसनीय, व्यापक और मानकीकृत आंकड़ों का भी अभाव है। जैसे भारत को कितने न्यायाधीशों की ज़रूरत है? जानकार लोग कहते हैं कि भारत के न्यायिक आंकड़े न केवल खराब हैं, बल्कि वे संरचनात्मक रूप से भी भ्रामक हैं। इसका प्रमाण न्यायिक पारदर्शिता की एक महत्वपूर्ण पहल राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) है, जिसकी कार्यप्रणाली की आलोचनाएं होती रहती हैं। जैसे उसके आंकड़ों में दो मिनट के प्रक्रियात्मक आदेश से निपटाए गए मामले को भी पूरी सुनवाई के बाद समाप्त हुए मामले के बराबर गिना जाता है। आलोचक कहते हैं कि न्याय विभाग का डेटा विंग ऐसे अधिकारियों से भरा पड़ा है जिनकी न तो कोई न्यायिक पृष्ठभूमि है और न ही अनुभवजन्य विशेषज्ञता है और न न्यायिक सूचना विज्ञान का कोई औपचारिक प्रशिक्षण।

भारत की न्याय व्यवस्था पर जब भी चर्चा होती है तो सबसे बड़ा आरोप उस पर यही लगता है कि यहां न्याय देर से मिलता है, और कई बार तो इतनी देर से मिलता है कि उसका अर्थ ही बदल जाता है। आम नागरिक की अदालतों के प्रति सबसे बड़ी शिकायत यही है कि हर सुनवाई पर तारीख़ पर तारीख़ मिलती है, और अंतिम फ़ैसला आने में बरसों बीत जाते हैं। निचली अदालतें देश की न्याय व्यवस्था की नींव हैं और उन्हीं के भरोसे आम आदमी न्याय पाने के लिए अदालत का दरवाज़ा खटखटाता है। न्याय मिलने में लंबे विलंब के दुष्परिणाम से भी सभी वाक़िफ़ हैं?

फैसलों में देरी का कारण लंबित मामलों का बोझ बताया जाता है। भारत की अदालतों में लटके पड़े मामलों की संख्या चौंकाने वाली है। विभिन्न विधिक संगठनों की रिपोर्टें बार-बार चेतावनी देती रही हैं कि देशभर की अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं। इनमें से लगभग 70 प्रतिशत से अधिक निचली अदालतों में अटके हुए हैं। कारण साफ है–केवल सीमित संख्या में जज और कर्मचारी हैं, जबकि मुकदमों की संख्या लगातार बढ़ती जाती है। भारत में औसतन प्रति दस लाख आबादी पर केवल 20 न्यायाधीश उपलब्ध हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक इसके कई गुना अधिक का सुझाव देता है। यानी, जजों की संख्या मुकदमों के बोझ के हिसाब से बेहद कम है। जब एक जज को रोज़ाना दर्जनों मुकदमों की सुनवाई करनी पड़ती है, तो अनिवार्य रूप से अधिकांश मामलों में केवल अगली तारीख़ देना ही संभव हो पाता है। भारतीय न्याय प्रणाली में प्रक्रियागत जटिलताएं भी कम नहीं हैं। भारतीय दंड संहिता, सिविल प्रक्रिया संहिता और दंड प्रक्रिया संहिता जैसे कानूनों में प्रक्रियाएं इतनी जटिल और लंबी हैं कि उनका पालन करने में ही कई बार वर्षों खप जाते हैं। हालांकि इन कानूनों में बदलाव लाये गये हैं किन्तु उनका असर होने लगा हो ऐसा संकेत कहीं से नहीं मिल रहा है। गवाहों की पेशी, सबूतों का संग्रह, पुलिस रिपोर्ट, सरकारी विभागों से अनुमति या कागज़ात, विशेषज्ञ राय और अपील की प्रक्रिया–ये सब मिलकर एक मुकदमे को लंबा खींच देते हैं। सिविल मामलों में तो स्थिति और भी विकट है। ज़मीन-जायदाद, पारिवारिक विवाद, या अनुबंधों से जुड़े मामलों में बार-बार दस्तावेज़ों की मांग, गवाहों की अनुपस्थिति और अपील की अंतहीन श्रृंखला न्याय की गति को और धीमा कर देती है। न्याय प्रक्रिया में देरी के लिए वकीलों और पक्षकारों की भूमिका को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कई बार देरी का बड़ा कारण वकीलों और पक्षकारों का रवैया भी होता है। पक्षकार जानबूझकर सुनवाई टालने की कोशिश करते हैं ताकि मामला लंबा खिंचे और सामने वाले को थका दिया जाए। कई वकील भी तारीख़ पर तारीख़ लेने की नीति अपनाते हैं, क्योंकि लंबा मुकदमा उनके लिए आर्थिक रूप से लाभकारी साबित होता है। इसके अतिरिक्त, गवाहों की अनुपस्थिति या पुलिस द्वारा समय पर चार्जशीट दाख़िल न करना भी मामलों को आगे बढ़ने से रोक देता है। कई बार गवाहों को धमकाने या उन्हें मैनेज करने के मामले भी सामने आते हैं, वे पलट जाते हैं या पेश ही नहीं होते। ऐसे में अदालत को मजबूर होकर अगली तारीख़ देनी पड़ती है।

> **न्याय में देरी के दुष्परिणाम पर कम ही विचार हुआ है। न्याय अर्थहीन हो जाता है जब फैसला आने में बीस-बीस साल लग जाते हैं। तो कई बार जब पीड़ित पक्ष ही जीवित नहीं रहता है तब फैसला केवल कागज़ी महत्व का रह जाता है। इसीलिए लोग अदालतों से निराश होकर न्याय के लिए अन्य रास्ते अपनाने लगते हैं। यह लोकतंत्र और विधि के शासन के लिए खतरनाक होता है।**

जानकार लोग देरी के लिए न्याय प्रणाली में तकनीकी ढांचे की कमी को भी इंगित करते हैं। आज जब डिजिटल क्रांति हर क्षेत्र में पहुंच चुकी है, तब भी निचली अदालतों की कार्यप्रणाली पूरी तरह तकनीकी रूप से आधुनिक नहीं हो सकी है। ई-कोर्ट और वर्चुअल हियरिंग की पहल उच्च न्यायालयों में तो हुई है, लेकिन यह अभी पूरी तरह ज़मीनी स्तर या निचली अदालतों तक नहीं पहुंची है। निचली अदालतों में कंप्यूटर, इंटरनेट और प्रशिक्षित कर्मचारियों की भारी कमी है। नतीजतन, फाइलें ढूंढने, कागज़ात तैयार करने और आदेश दर्ज करने में अनावश्यक विलंब होता है।


कहा जाता है कि भारत में सबसे अधिक मुकदमें सरकार की तरफ से दर्ज होते हैं या गलत सरकारी निर्णयों के कारण दर्ज होते हैं इसलिए अदालतों में मुकदमों की इतनी अधिकता नज़र आती है। अदालतों में लंबित मुकदमों का बड़ा हिस्सा सरकार बनाम नागरिक वाले मामले होते हैं। कर, ज़मीन अधिग्रहण, सेवा विवाद, या अन्य प्रशासनिक निर्णयों के खिलाफ नागरिक अदालतों का रुख करते हैं। सरकार अपील दर अपील करती रहती है, जिससे मुकदमे वर्षों तक चल पड़ते हैं। निचली अदालतों में सरकारी वकीलों की अनुपस्थिति या उनकी तैयारी की कमी भी देरी को बढ़ाती है। सरकारी वकीलों की तैयारी की कमी की टिप्पणियां अदालती फैसलों में भी आती रहती है। न्यायिक संस्कृति और मानसिकता की दृष्टि से देखें तो भारतीय न्याय व्यवस्था में यह मानसिकता अब भी गहरी है कि "सभी पक्षों को पूरा अवसर मिलना चाहिए।" यह सिद्धांत सही है, लेकिन कई बार इसी के नाम पर बार-बार सुनवाई टाल दी जाती है। पश्चिमी देशों में मामलों की समयबद्ध सुनवाई होती है और अदालतें एक निश्चित समयसीमा में फ़ैसला देने को बाध्य होती हैं। भारत में ऐसी सख्ती का अभाव है।

न्याय में देरी के दुष्परिणाम पर कम ही विचार हुआ है। न्याय अर्थहीन हो जाता है जब फैसला आने में बीस-बीस साल लग जाते हैं। तो कई बार जब पीड़ित पक्ष ही जीवित नहीं रहता है तब फैसला केवल कागज़ी महत्व का रह जाता है। इसीलिए लोग अदालतों से निराश होकर न्याय के लिए अन्य रास्ते अपनाने लगते हैं। यह लोकतंत्र और विधि के शासन के लिए खतरनाक होता है। लंबी मुकदमेबाजी गरीब और मध्यम वर्ग को आर्थिक रूप से तोड़ देती है। वकीलों की फीस, तारीख़ पर आने-जाने का खर्च और समय की बर्बादी लोगों को हतोत्साहित करती है जब मामलों का निपटारा देर से होता है, तो अपराधियों को छूट मिल जाती है। गवाह थक जाते हैं, सबूत कमजोर पड़ जाते हैं और दोषी बरी हो जाते हैं। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए बहुआयामी सुधार आवश्यक हैं। आबादी और मुकदमों के अनुपात में न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाने की जरूरत है। तकनीकी सशक्तिकरण के लिए निचली अदालतों में ई-फाइलिंग और वर्चुअल हियरिंग को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए उन्हें पूरी तरह डिजिटल बनाया जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा हर प्रकार के मुकदमे के लिए एक निश्चित समय सीमा तय होनी चाहिए, ताकि तारीख़ पर तारीख़ देने की प्रवृत्ति खत्म हो। सरकार को हमेशा अपील करो की नीति छोड़नी चाहिए। केवल गंभीर और महत्त्वपूर्ण मामलों में ही अपील की जाए। छोटे-मोटे विवादों को अदालत में लाने के बजाय लोक अदालत, मध्यस्थता और पंचायती व्यवस्था से सुलझाया जाने को बढ़ावा देना भी आवश्यक है। जानबूझकर मुकदमे लटकाने वालों पर जुर्माना लगाने की व्यवस्था की भी अनेक लोग सिफ़ारिश करते हैं। गवाहों को सुरक्षित और सहज वातावरण देना भी जरूरी है ताकि वे समय पर आकार अदालत में गवाही दे सकें।

तारीख़ पर तारीख़ का दर्द केवल किसी फिल्मी संवाद की सच्चाई नहीं है, बल्कि भारत के करोड़ों नागरिकों का जीता-जागता अनुभव है। न्याय में यह विलंब लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर करता है। न्यायपालिका को अब ऐसे ठोस कदम उठाने होंगे जिससे कि हर नागरिक को समय पर और निष्पक्ष न्याय मिल सके। न्याय देर से मिलना, न्याय न मिलने के बराबर है। निचली अदालतों में लंबित मामलों के बोझ और तारीख़ पर तारीख़ की संस्कृति को खत्म करना ही होगा। यही सच्चे लोकतंत्र और विधि के शासन की कसौटी है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# मैनेजमेंट के आदि गुरु की विभिन्न मुद्राओं के अंदर छिपा है जीवन को सुखमय मनाने का रहस्य



डॉ. जे.के. गर्ग



गणेश में गण का अर्थ है वर्ग और समूह और ईश का अर्थ है स्वामी अर्थात जो समस्त जीव जगत के ईश हैं वहीं देवों के देव भगवान गणेश ही है। इसलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक गणपति के नाम से भी जाना जाता है। गणेशजी की चार भुजाएं चारों दिशाओं में सर्वव्यापकता की प्रतीक हैं। शिव मानस पूजा में श्री गणेश को प्रणव (ॐ) कहा गया है। इस एकाक्षर (ॐ ब्रह्म में ऊपर वाला भाग गणेश का मस्तक, नीचे का भाग उदर, चंद्रबिंदु लड्डू और मात्रा सूँड है)। विघ्नहर्ता गणेशजी की व्याख्या करने से स्पष्ट होता है कि गज दो व्यंजनों से यानि ग एवं ज से बना हैं, यहाँ अक्षर जन्म और उद्गम का परिचायक है वहीं ग गति और गन्तव्य का प्रतीक है। निसंदेह हमें गज से जीवन की उत्पति और अंत का संदेश मिलता है यानि हमारे नश्वर शरीर को जहाँ से आया है वहीं पर वापस जाना है। निसंदेह जहाँ जन्म है वहां म्रत्यु भी है। सच्चाई तो यही है कि विनायक गणेशजी के शरीर की शारीरिक रचना के भीतर भोले शंकर शिवजी की सूक्ष्म सोच निहित है, भगवान शिव ने गणेशजी के अंदर न्यायप्रिय, योग्य, कुशल एवं सशक्त शासक के समस्त गुणों के साथ उनके अंदर देवों के सम्पूर्ण गुण भी समाहित किये हैं।

**गणेशजी की मूर्ति का विसर्जन क्यों किया जाता है ?**

भाद्र शुक्ल चतुर्थी को गणेशजी की मूर्ति की स्थापना ढोल-नगाड़े के साथ घरों में जाती है। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से अगले 10 दिन के बाद देश के विभिन्न प्रान्तों में गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना के नारों के साथ गणपति की मूर्ति का विसर्जन हर्षोल्लास के साथ सरोवरों में किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से अगले 10 दिन तक गणपति को वेद व्यास जी ने भागवत कथा सुनाई थी। गणेश जी की शर्त थी कि महर्षि एक क्षण के लिए भी कथावाचन में विश्राम ना लेंगे। यदि वे एक क्षण भी रूके, तो गणेश जी वहीं लिखना छोड़ देंगे। महर्षि ने उनकी बात मान ली और साथ में अपनी भी एक शर्त रख दी कि गणेश जी बिना समझे कुछ ना लिखेंगे। हर पंक्ति लिखने से पहले उन्हें उसका मर्म समझना होगा। गणेश जी ने उनकी बात मान ली। इस कथा को गणपति जी ने अपने दाँत से लिखा था। दस दिन तक लगातार कथा सुनाने के बाद वेद व्यास जी ने जब आंखें खोली तो पाया कि लगातार लिखते-लिखते गणेश जी के शरीर का तापमान काफी बढ़ गया है। महर्षि वेद व्यास जी ने गणेश जी को आदेश दिया कि वो तुरंत पास के कुंड में डुबकी लगा कर अपने आप को ठंडा कर लें। अत: इसी मान्यता के अनुसार गणेशजी की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है।

**हाथ में अंकुश:** -गणेशजी का अंकुश हमें अपने लक्ष्य की और केन्द्रित रहते हुए हमेशा आगे बड़ने का पाट पढ़ाता है। मनुष्य को अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिये सतत प्रयास करते हुवे निरंतर आगे बढ़ना ही होगा। गणेशजी के हाथ में अंकुश हम सभी को भौतिकता से आध्यात्मिकता की तरफ चलने की शिक्केषा भी देता है।

**आशीर्वाद की मुद्रा में हाथ :** निर्सविवाद रूप से जीवन में हमेशा जीत उन व्यक्तियों की होती है जो परिस्थतियों के अनुसार अपने आप को परिवर्तित करके आगे बड़ते हैं। गणेशजी के आशीर्वाद की मुद्रा में हाथ हमें परिस्थतीयों के अनुसार खुद को ढालने की क्षमता विकसीत करने की सीख देता है। अत: भगवान गणेशजी का आशीर्वाद की मुद्रा में हाथ हमको उच्च कार्यक्षमता और अनुकूलन क्षमता प्राप्त करने की प्रेरणा देता है।

**चूहे की सवारी:** सभी देवी-देवता गणेशजी की बुद्धिमता के कायल हैं, तर्क-वितर्क में हर देवी-देवता गणेशजी से हार जाते थे। प्रत्येक समस्या के मूल में जाकर उसकी मीमांसा एवं विवेचना कर उसका तर्कसंगत हल खोजना उनकी विशेषता है इसलिए हर एक के मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि भगवान गणेशजी ने निकृष्ट माने जाने वाले चूहे (मूषक) को ही अपना वाहन क्यों चुना? इसी सन्दर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि चूहा भी तर्क-वितर्क में किसी से पीछे नहीं रहता है, चूहे का काम हर किसी भी वस्तु को कुतर डालना है। जो भी वस्तु या चीज चूहे को दिखाई देती है, चूहे महाराज उसकी चीर फाड़ करके उसके प्रत्येक अंगो का विस्तृत विश्लेष्ण सा कर देते है, अत: संभवत गणेशजी ने चूहे के इन्हीं गुणों को देख कर चूहे को अपना वाहन चुना होगा। गणेशजी की चूहे की सवारी के बारे में यह भी कहा जाता है कि जैसे चूहे की इच्छा कभी पुरी नहीं होती, उसे कितना मिले हमेशा खाता रहता है वैसे ही मनुष्य की इच्छायें भी कितना भी मिले कभी पुरी नहीं होती क्योंकि लोभी आदमी का लालच कभी भी नहीं खत्म होता है। गणेश हमेशा चूहे की सवारी करते हैं इसका अर्थ है कि बेकाबू इच्छायें हमेशा विध्वंस का कारण बनती है। इनको काबू में रखते हुए इन पर राज करो, न कि इन इच्छाओं के मुताबिक खुद को उनमें लिप्त हो जा हो क्योंकि मनुष्य की इच्छायें और कामनाएं कभी भी पूरी नहीं होती है वरन आदमी इच्छाओं के मकड जाल में फसं कर असंतुष्ट तनावग्रस्त और दुखी रह कर अपने जीवन को बर्बादी के कगार पर ले आता है। अत: निसंदेह गणेशजी की चूहे की सवारी इन्सान की कभी भी पूरी नहीं होने वाली इच्छाओं का परिचायक है।

**खड़े होने का भाव:** गणेशजी की यह अवस्था बताती है कि दुनिया में रहते हुए मनुष्य को सांसारिक कर्म भी करने जरूरी है। वस्तुत: इन सबमें एक संतुलन बनाये रखते हुए उसे अपने सभी अनुभवों को परे रखते हुए अपनी आत्मा से जुड़े रखना चाहिए और अपने जीवन को आध्यात्मिकता सेजोड़ कर अंतर मुखी बनना चाहिए।

**हाथी का सिर :** इस कहावत से हम सभी परिचित हैं कि बड़ा सिर सरदार और बड़ा पांव गवांर का गणपति का बड़ा सिर खुशहाल जीवन जीने के लिये इंसान के अन्दर मौजूद असीमित बुद्धिमत्ता का प्रतीक है, वहीं विनायक के बड़े कान अधिक ग्राह्यशक्ति के प्रतीक हैं। गजानन लंबोदर हैं क्योंकि समस्त चराचर सृष्टि उनके उदर में ही विचरती है। हम लोगों यह भी जानना चाहिए कि गणपति के बड़े कान उनकी सर्वाधिक ग्राह्य शक्ति को दर्शाती है गजकर्णक की लंबी नाक (सूंड) महा बुद्धित्व का प्रतीक है।

**विनायक का एक दंत:-** विनायक का एक दंत: यह बतलाता है कि अच्छाई और अच्छों को अपने पास रक्खो वहीं बुराई और बुरों का साथ तुरंत छोड़ दो। गणेशजी के बाई तरफ का दांत टूटा है। इसका एक अर्थ यह भी है कि मनुष्य का दिल बाई और होता है, इसलिए बाई और भावनओं का उफान अधिक होता है, जबकि दाई और बुद्धीपरक होता है। बाई और का टूटा दांत इस बात का प्रतीक है कि मनुष्य को हमेशा अपनी भावनाओं पर बुद्धि और विवेक से नियन्त्रण रखना चाहिए। छोटी आँखें: गणेशजी की छोटी-पैनी आँखें हमें सिखाती है कि हमें सूक्ष्म एवं तीक्ष्ण दृष्टि वाला बनना चाहिये। सफलता प्राप्ति के लिये आदमी को एकाग्र चित्त बन कर अपना ध्यान हमेशा अपने लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए अपने मन पर नियंत्रण रखना चाहिए और मन को इधर-उधर भटकने से रोकना चाहिये। बड़ा पेट: विघ्ननाशक गणेश जी का बड़ा पेट हमें सिखाता है कि मनुष्य को अच्छी-बुरी सभी बातों-भावों को समान भाव से ठाहण करना चाहिए, उन्हें समान भाव से लेना चाहिये। दूसरे शब्दों में गणेशजी का बड़ा पेट मनुष्य को उदार आदतों का धनी बनने की सीख देता है। जीवन में कुछ बातों को पेट में पचा लेना चाहिये। धीर और गम्भीर पुरुषों का समाज में सम्मान होता है।

**क्यों सिर्फ माता पिता के चरणों में ही बसता है समस्त संसार?**

एक बार देवता अनेकों आपदाओं में घिरे हुए थे, तब वे मदद मांगने भगवान शिव के पास आए। देवताओं की बात सुनकर शिवजी के दोनों पुत्रों कार्तिकेय व गणेशजी ने शिवजी से देवताओं की मदद करने की आज्ञा मांगी, तब भगवान शिव ने दोनों की परीक्षा लेते हुए कहा कि तुम दोनों में से जो सबसे पहले पृथ्वी की परिक्रमा करके आएगा वही देवताओं की मदद करने जा सकेगा। भगवान शिव के मुख से यह वचन सुनते ही कार्तिकेय तो अपने वाहन मोर पर बैठकर पृथ्वी की परिक्रमा के लिए निकल गए। किन्तु गणेशजी सोच में पड़ गए कि वह चूहे के ऊपर चढ़कर सारी पृथ्वी की परिक्रमा करेंगे तो इस कार्य में उन्हें बहुत समय लग जाएगा। तभी गणेशजी को एक उपाय सूझा। गणेश अपने स्थान से उठें और अपने माता-पिता की सात बार परिक्रमा करके वापस बैठ गए।

विघ्नहर्ता गणेश जी एक मुद्रा में कलिंग सांप के फन के ऊपर नृत्य कर रहे हैं। यह बुराई पर अच्छाई की जीत दर्शाता हैं। अपने इस स्वरूप में भगवान गणेश कलियुग के उन लोगों की सहायता करते हैं जो अपने अच्छे कर्मों के बावजूद, समस्याओं को झेल रहे हैं। अलिंग अपने इस स्वरूप में भगवान गणेश कलिंग नामक सांप के फन के ऊपर नृत्य कर रहे हैं। यह बुराई पर अच्छाई की विजय को दर्शाता। बुद्धि ऋद्धि सिद्धि सुख स्वास्थ्य सम्पन्नता को देने वाले देव देवों गणपति भगवान के श्री चरणों मे कोटि कोटि प्रणाम। 27 अगस्त 2025 को देश प्रथम पूज्य भगवान विनायक का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना रहा है।

**-डॉ. जे.के गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर में साहित्यिक महाकुंभ के चौदहवें संस्करण का समापन

## साहित्यिक प्रतियोगिता में देशभर से 22 विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से लगभग 250 प्रतिभागियों ने प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया

**जयपुर/अजमेर।** अजमेर स्थित मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल में चार दिवसीय साहित्यिक महाकुम्भ रजत जयंती स्मृति युवा विचारक सम्मेलन-2025' कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित हुआ। इस साहित्यिक प्रतियोगिता में देशभर से 22 विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से लगभग 250 प्रतिभागियों ने रजत जयंती स्मृति अन्तर्विद्यालयीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता विचारवाणी, हिंदी सृजनात्मक स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता सृजन अभिव्यक्ति: मन की उड़ान, इंग्लिश एनैक्ट्मन्ट / ड्रामाटिक्स, मल्टी फॉर्मेट इंग्लिश डिबेट, इंग्लिश सृजनात्मक लेखन, सामान्य क्विज़ जैसी विविध प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मेयो एल्युमनाई एसोसिएशन, जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष एवं जनसंपर्क विशेषज्ञ, जगदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता और उपविजेताओं टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अनूठे कार्यक्रम को प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रणब मुखर्जी ने क्यूरेट किया। समापन समारोह पर मुख्य अतिथि जगदीप सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय की प्राचार्या, प्रबंधन तथा कार्यक्रम के संयोजकों के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल सदैव उत्कृष्टता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल करियर की तैयारी नहीं है, यह जीवन की तैयारी है। सदैव जिज्ञासु और रचनात्मक बनें।



मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर में रजत जयंती स्मृति युवा विचारक सम्मेलन-2025 संपन्न हुआ।

- **वाद-विवाद, काव्य पाठ, ड्रामाटिक्स, सामान्य क्विज़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ**
- **समारोह में अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगितां के विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया**

जॉन लेनन का उदाहरण देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि चाहे आप पायलट बनें, इंजीनियर या उद्यमी बनें, अपने भीतर की मानवीयता को कभी न खोएं। सदैव प्रसन्न रहें और जीवन को समझने का प्रयास करें।

**इस चार दिवसीय प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा :-**हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का विजेता मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर रहा। हिंदी सृजन-अभिव्यक्ति: मन की उड़ान स्वरचित काव्य रचना और अभिनय के विजेता मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल, अजमेर से जाह्नवी सोमानी और छवि सिंह रहे।

मल्टी फॉर्मेट अंग्रेजी डिबेट प्रतियोगिता में बेस्ट डेलिगेशन के साथ मेयो कॉलेज, अजमेर विजेता रहा। अंग्रेजी सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता में बेस्ट डेलिगेशन अवॉर्ड सनबीम स्कूल, लहरतारा ने जीता। इंग्लिश एनैक्ट्मन्ट/ड्रामाटिक्स में बेस्ट डेलिगेशन ट्रॉफी बिरला विद्या मंदिर, नैनीताल ने जीती। वहीं, सामान्य क्विज़ में ओवरऑल बेस्ट डेलिगेशन में के सी पब्लिक स्कूल जम्मू विजेता रहा।

इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या नीति भल्ला सैनी ने सभी प्रतिभागी विद्यालयों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने संबोधन में आत्म-चिंतन के महत्व पर जोर दिया, जिससे हम खुद के भीतर झांक सकें, विचार कर सकें और सभी प्रकार के कौशलों में कई गुना वृद्धि कर सकें।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 27 अगस्त, 2025**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, चित्रा नक्षत्र गुरूवार प्रात: 8:44 तक, शुभ योग दिन 12:34 तक, विष्टि करण दिन 3:45 तक, चन्द्रमा सायं 7:21 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज भद्रा दिन 3:45 तक है। आज महागणपति चतुर्थी है। शास्त्रों के अनुसार गणेश पूजन का श्रेष्ठ समय दिन 11:13 से दिन 1: 45 तक रहेगा। दिन 12:11 से दिन 1:45 तक वृश्चिक लग्न और भी श्रेष्ठ रहेगा। आज जैन संवत्सरी (चतुरथी पक्ष) है। आज से गणेश महोत्सव आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:18 तक, शुभ 10:53 से 12:28 तक, चर 3:39 से 5:14 तक, लाभ 5:14 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:08, सूर्यास्त 6:49

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। धार्मिक-मांगलिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

**वृष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

**कन्या**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव बना रहेगा। घर-परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।

**मीन**
घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसान हितों के प्रति संवेदनशील

## प्रदेश में मांग अनुसार उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति एवं अतिरिक्त आपूर्ति की कार्यवाही जारी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। विशेष रूप से यूरिया और डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले जिलों व ब्लॉकों को चिन्हित कर प्रदेश भर में प्राथमिकता के साथ पूर्ण पारदर्शिता से डीएपी व यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी प्रदेश भर में पूर्ण सतर्कता से कार्य कर रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा निरंतर केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश की मांग अनुसार उर्वरकों की आपूर्ति करवाई जा रही है।

राज्य के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु खरीफ 2025 में अप्रैल से अगस्त तक भारत सरकार द्वारा आवंटित 8 लाख 82 हजार मैट्रिक टन यूरिया के विरुद्ध अब तक 8 लाख 23 हजार मैट्रिक टन की आपूर्ति की जा चुकी है। अगस्त माह की शेष अवधि में 59 हजार मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति राज्य सरकार द्वारा कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

माह अप्रैल से अगस्त तक भारत सरकार द्वारा आवंटित 4 लाख 75 हजार मैट्रिक टन डीएपी के विरुद्ध अब तक 3 लाख 59 मैट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति की जा चुकी हैं, शेष 27 हजार मैट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति प्रस्तावित है।

- **खरीफ 2025 में अप्रैल से अगस्त तक भारत सरकार द्वारा आवंटित 8 लाख 82 हजार मैट्रिक टन यूरिया के विरुद्ध अब तक 8 लाख 23 हजार मैट्रिक टन की आपूर्ति की जा चुकी है।**
- **अगस्त माह की शेष अवधि में 59 हजार मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति राज्य सरकार द्वारा कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है।**

प्रदेश में वर्तमान में 1 लाख 86 हजार मैट्रिक टन यूरिया, 1 लाख 20 हजार मैट्रिक टन डीएपी, 0.81 लाख मैट्रिक टन एनपीके एवं 1 लाख 93 हजार मैट्रिक टन एसएसपी उर्वरकों का स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान में गत वर्ष की तुलना में फॉस्फेटिक उर्वरकों का स्टॉक 1 लाख मैट्रिक टन अधिक है एवं आपूर्ति जारी है। यूरिया की लगभग 8000 मैट्रिक व डीएपी की 10 हजार 900 मैट्रिक उर्वरक रेल द्वारा परिवहन में है।

केंद्र सरकार की ओर से यूरिया, डीएपी एव अन्य उर्वरकों का राज्यों को माहवार व कंपनीवार आवंटन किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त आवंटन एवं जिलों की मांग के अनुसार जिलेवार आपूर्ति योजना तैयार कर प्रदेश में उर्वरकों को वितरण कराया जाता है।

राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध हो कर कार्य कर रही है और यह सुनिश्चित करने हेतु हर संभव प्रयास कर रही है कि खेती-किसानी में किसी प्रकार की बाधा न आए। यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता के साथ-साथ उनकी उचित कीमत पर आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है।

कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अंकित सिफारिश के अनुसार ही उर्वरकों के उपयोग हेतु प्रेरित करने, उर्वरकों का समान रूप से पारदर्शिता के साथ वितरण कराने और उर्वरक वितरण में अनियमित्ता बरतने वाले विक्रेताओं, जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

विभाग द्वारा समस्त किसानों को समान रूप से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के लिए कृषकों को पंक्तिबद्ध किया जाकर उर्वरकों का वितरण प्रशासन के सहयोग एवं विभागीय कार्मिकों की देख-रेख में किया जा रहा है। राज्य में सरसों फसल की अग्रिम बुवाई करने वाले जिलों में किसानों द्वारा डीएपी का क्रय कर अग्रिम भण्डारण किया जा रहा है।

# जयपुर जिले से 4905 वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा तीर्थ यात्रा का अवसर

## जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने निकाली ऑनलाइन लॉटरी

**जयपुर ।** राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के तहत जयपुर जिले के 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। मंगलवार को देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की मौजूदगी में जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने ऑनलाइन लॉटरी निकालकर सफल आवेदकों की घोषणा की।

- **देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**
- **526 सफल आवेदक हवाई जहाज से तथा 4379 रेल से करेंगे तीर्थ यात्रा**



**देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की मौजूदगी में जयपुर जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 की ऑनलाइन लॉटरी निकालकर सफल आवेदकों की घोषणा की।**

प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर हैं। उनके जीवनभर के अनुभव और आशीर्वाद से समाज व देश आगे बढ़ता है। सरकार का यह प्रयास है कि हमारे वरिष्ठ जन अपनी जीवन यात्रा के इस पड़ाव पर धर्म, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ सकें। तीर्थ यात्रा योजना न केवल धार्मिक स्थल दर्शनों का अवसर प्रदान करती है, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के मनोबल को भी सशक्त करती है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हवाई यात्रा एवं रेलयात्रा सहित प्रदेश के कुल 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा का अवसर दिया जा रहा है, जिसमें से जयपुर जिले के 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित होंगे। इनमें से 526 यात्री हवाई मार्ग से काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की यात्रा करेंगे, जबकि 4 हजार 379 यात्री रेल मार्ग से विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा करेंगे। योजना के तहत जयपुर जिले के कुल आवेदन 11 हजार 378 एवं कुल यात्री 18 हजार 423 प्राप्त हुए।

उन्होंने बताया कि रेल यात्रा के लिए चयनित वरिष्ठ नागरिकों को हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या-वाराणसी-सारनाथ, सम्मेदशिखर-पावापुरी-वाराणसी-सारनाथ, मथुरा-वृंदावन-बरसाना-आगरा-अयोध्या, द्वारकापुरी-नागेश्वर-सोमनाथ, तिरुपति-पदमावति, कामाख्या-गुवाहाटी, गंगासागर-कोलकाता, जगन्नाथपुरी-कोणार्क, रामेश्वरम-मदुरई, वैष्णो देवी-अमृतसर-वाघा बोर्डर, गोवा के मंदिर एवं अन्य स्थल चर्च आदि, महाकालेश्वर-उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर-घृष्णेश्वर-ऐलोरा, बिहार शरीफ, पटनासाहिब पटनाबिहार, श्री हजुर साहिब नांदेड़ जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों का दर्शन करवाया जाएगा।

इस अवसर पर देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर देकर उनके जीवन में आध्यात्मिक संतोष और मानसिक शांति का संचार करती है। यह यात्रा ना केवल व्यक्तिगत अनुभव है बल्कि सामूहिकता, मेल-जोल और सामाजिक संबंधों को भी सुदृढ़ करती है।

उन्होंने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के यात्री अपने साथ एक अटेंडेंट ले जा सकते हैं। साथ ही, यदि पति-पत्नी में से एक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक और दूसरे की आयु 58 वर्ष है तो दोनों को एक साथ यात्रा की अनुमति है। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके लिए प्रत्येक दल के साथ चिकित्सा स्टाफ, सुरक्षा कर्मी और सरकारी कर्मचारी यात्रा करेंगे।

राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक चंद्रप्रकाश आक्या, जीवाराम चौधरी, अशोक कोठारी, प्रियंका चौधरी जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) देवेन्द्र कुमार जैन और देवस्थान विभाग के अतिरिक्त निदेशक रतनलाल योगी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नामांकन के बाद विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हों : राज्यपाल

## शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए निरंतर कार्य हो, ताकि राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बने : हरिभाऊ बागड़े

**जयपुर ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कुलगुरुओं को व्यक्तिगत रुचि लेकर शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए कार्य करने का आव्हान किया है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में नामांकन के बाद विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, इस हेतु अच्छे ढंग से पढ़ाने, रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों से उन्हें जोड़ने आदि के लिए भी कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने राजस्थान को उच्च शिक्षा में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में सुधार हो, नहीं तो उनके खिलाफ भी कड़े कदम उठाए जाएंगे।

राज्यपाल बागडे मंगलवार को राजभवन में विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालयों में नई शिक्षा नीति लागू करने, विश्वविद्यालयों में नैक एक्रिडिएशन की कार्यवाही पूर्ण करने, वहां उपलब्ध लैब, पुस्तकालय, खेल मैदानों और छात्रावास के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में एक समान प्रश्नपत्र और पाठ्यक्रम लागू किए जाने की व्यावहारिकता के बारे में भी सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के गोद लिए गांवों को पिपलांत्री पैटर्न पर विकसित किया जाए। वहां पर अच्छे छायादार पौधे, फल, प्राकृतिक खेती के लिए भी लोगों को प्रोत्साहित कर कार्य किया जाए।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में शोध के अंतर्गत मौलिक दृष्टि रखे जाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में पेंशन, वेतनमान आदि के लिए भी राज्य सरकार स्तर पर संवाद कर सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को राजभवन में विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक ली।**

उन्होंने निजी और राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में अच्छे से अध्ययन कराने और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए निरंतर कार्य करने की आवश्यकता जताई।

उन्होंने कहा कि यह हमारा राष्ट्रीय दायित्व है कि हम विद्यार्थियों को देश का सुयोग्य नागरिक बनाए। बैठक में विश्वविद्यालयों में कुलगुरु के कार्यकाल की अवधि तीन से पांच वर्ष किए जाने संबंधित सुझावों के साथ बैठक में सभी विश्वविद्यालयों में प्रो वाइस चांसलर बनाने, वहां पर भविष्य के प्रशासनिक अधिकारी तैयार करने, नवाचारो के आलोक में भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत भारत विद्या अनुसंधान केन्द्र खोले जाने आदि पर भी चर्चा हुई।

अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने प्रदेश में विश्वविद्यालयों में कॉमन भर्ती बोर्ड, डिजिटल कनेक्टिविटी और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों के लिए विशेष प्रयास किए जाने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जो नवाचार करें, उसे विश्वविद्यालय पोर्टल पर डाला जाए। उन्होंने राज्य सरकार से जुड़े विश्वविद्यालयों मुद्दों के जल्द निस्तारण का भी विश्वास दिलाया।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने आरंभ में विभिन्न विश्वविद्यालयों से जुड़े विषयों और संबंधित कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं ने उच्च शिक्षा में नवाचार अपनाते हुए राज्य को उच्च शिक्षा में श्रेष्ठतम बनाए जाने से संबंधित सुझाव दिए।

राज्यपाल बागडे ने बैठक के बाद राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के न्यूज लेटर का लोकार्पण किया। उन्होंने जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. रोशन लाल रैना द्वारा लिखी पुस्तक का भी विमोचन किया।

# 'भजनलाल सरकार ने 80-90 प्रतिशत बजट घोषणाओं को क्रियान्वित किया'

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने मंगलवार को जयपुर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संवाद में सांसद एवं विधायकों को केन्द्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों को अधिक से अधिक आमजन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आग्रह किया है।

चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने बजट की 80 से 90 प्रतिशत से अधिक बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन किया है। राम जलसेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौतों को मूर्त रूप प्रदान किया। वहीं, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में ईआरसीपी की योजनाओं पर गंभीरता से कार्य नहीं हुआ और केवल राजनीति हुई। उस समय जब तत्कालीन जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जल परियोजनाओं पर बैठक लेने आए तो पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्री बैठक से नदारद रहे। चतुर्वेदी ने कहा कि राज्य सरकार ने हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। लगभग 75 हजार पदों पर सरकारी नियुक्तियां प्रदान की गई। आने वाले कुछ दिनों में 15-20 हजार सरकारी भर्तियों की घोषणा होने वाली है। हमारी सरकार, पहली सरकार है जिन्होंने सरकारी भर्तियों का कैलेण्डर जारी किया है। उन्होंने कहा कि यूरिया और खाद की आपूर्ति प्रदेशभर में सुनिश्चित की जा रही है तथा इनकी कालाबाजारी को प्रभावी रूप से रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है।



**मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में मंगलवार को सिंजारा और मेहन्दी पूजन कार्यक्रम हुआ। महन्त कैलाश शर्मा ने भगवान गजानन्द को मेहन्दी अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं में उसे वितरित किया। पाली के सोजत से करीब 3100 किलो मेहन्दी मंगवाई गई थी।**

# 'दिव्यांगता प्रमाण-पत्र के आवेदन ऑनलाइन प्रोसेस करें'

**जयपुर ।** प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किए जाने के निर्देश जारी किये गये। बैठक में मौसमी बीमारियों सहित विषयों पर भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. अमित कुमार यादव, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ.टी. शुभमंगला, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने मौसमी बीमारियों, टीबी मुक्त अभियान, एनसीडी गतिविधियों, यूडीआईडी कार्ड, मेडिको लीगल केस, अपंजीकृत चिकित्सक एवं प्रयोगशालाओं के विरूद्ध की गयी कार्यवाहियों, आरजीएचएस व आयुष्मान योजना, राज हैल्थ पोर्टल पर चिकित्सा संस्थानों व स्वास्थ्यकार्मिकों की मैपिंग कार्य के दिशा-निर्देश दिये।

# जल जीवन मिशन के 900 करोड़ के टैंडर घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी को राहत नहीं

## राजस्थान हाईकोर्ट ने महेश जोशी की जमानत याचिका खारिज की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े ईडी प्रकरण में आरोपी पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में महेश जोशी की ओर से दायर जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश महेश जोशी की जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए दिए। एकलपीठ ने गत 8 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रखा था।

इस मामले में ए.सी.बी. की 2 तथा सीबीआई की एक एफ.आई.आर. समेत कुल 4 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जिससे ईडी की ओर से चारों मामलों को संयुक्त तरीके से जांचा जा रहा है। इस मामले में ईडी की ओर से अधिवक्ता अक्षय भारद्वाज ने हाईकोर्ट में बताया कि, पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में मंत्री जलदाय मंत्री रहे महेश जोशी ने इस जल जीवन मिशन घोटाले में मुख्य भूमिका निभाई है। अगर महेश जोशी, मंत्री के पद पर नहीं होते तो इस घोटाले को अंजाम नहीं दिया जा सकता था। उन्होंने कहा कि, इस मामले में मुख्य दलाल संजय बडाया, पदमचंद जैन, महेश जोशी व उनके पुत्र रोहित जोशी, मंगललाल सैनी समेत 18 लोगों की भूमिका संदिग्ध है।

- **ईडी की ओर से अदालत में कहा गया कि, पदमचंद जैन और अन्य लोगों की फर्मों ने फर्जी "ईरकॉन सर्टिफिकेट" पेश करके यह टैंडर हासिल किए थे**
- **ईडी का कहना था कि, इस 900 करोड़ के टैंडर में से 620 करोड़ रु. तो पूर्ववर्ती अशोक गहलोत की सरकार के समय ही रिलीज कर दिए थे, जबकि इन फर्मों का काम आंशिक हुआ था**
- **ईडी का कहना है कि, मामले में घोटाले की पूरी राशि 625 करोड़ रु. मानी जानी चाहिए, हालांकि उनके पास 5.50 करोड़ की घूस राशि के लेन-देन का पुख्ता सबूत है। अभी भी ई.डी. इस मामले में जांच कर रही है।**

ईडी की ओर से कहा गया कि, इस मामले में संजय बडाया ने पदमचंद जैन और पीयूष जैन को 900 करोड़ रु. का टैंडर दिलवाया। परंतु जल जीवन मिशन में टैंडर डालने के लिए सिर्फ वहीं कंपनियां भाग ले सकती थी, जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा अधिकृत "ईरकॉन इंटरनेशनल लि." द्वारा मान्यता प्राप्त हो। गौरतलब है कि इस मामले में जिन कंपनियों को 900 करोड़ रु. तक के टैंडर दिए गए, उनमें से किसी के पास भी यह सर्टिफिकेट नहीं था। इन फर्मों ने फर्जी दस्तावेज और सर्टिफिकेट लगाकर यह टैंडर हासिल किए थे। ई.डी. की जांच में यह भी सामने आया कि, पीएचईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी पारितोष गुप्ता ने फर्जी सर्टिफिकेट की जांच करने हेतु "ईरकॉन" को सत्यापन के लिए ई-मेल भेजा था। जिस पर "ईरकॉन" की ओर से जवाब दिया गया था कि उन्होंने इन कंपनियों को कोई सर्टिफिकेट नहीं दिया, जिन्होंने राजस्थान में जल जीवन मिशन के टैंडरों में भाग लिया। जैसे ही तत्कालीन मंत्री महेश जोशी को इस बात का मालूम चला तो अधिकारी पारितोष गुप्ता का अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया गया था।

ई.डी. की ओर अदालत में कहा गया कि, उनके पास कई अधिकारी-कर्मचारियों के बयान हैं कि, उन्हें तत्कालीन मंत्री महेश जोशी ने अनौपचारिक आदेश दे रखे थे कि संजय बडाया के कहे अनुसार काम करो, अन्यथा तबादला कर दिया जायेगा।

ईडी का कहना है कि फर्जी "ईरकॉन सर्टिफिकेट" के आधार पर पदमचंद जैन और अन्य फर्मों को 900 करोड़ का टैंडर मिला। इसमें से पिछली अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में ही 625 करोड़ रु. की मंजूरी दी जा चुकी थी तथा 620 करोड़ रु. रिलीज कर दिए गए थे। जबकि इन फर्मों द्वारा आंशिक कार्य ही किया गया था।

ई.डी. का कहना है कि, इस 625 करोड़ रु. की राशि को ही घोटाले का मूल आधार माना जाए। ईडी की जांच में 5.5 करोड़ रु. की धांधली का स्पष्ट उजागर हुई है। इसमें से 3.3 करोड़ रु. संजय बडाया ने बतौर कमीशन नकद लिया। शेष 2.1 करोड़ रु. का 50 प्रतिशत हिस्सा महेश जोशी के बेटे की कंपनी में दिया गया। बाकी बचे हुए 1.06 करोड़ रु. महेश जोशी के बेटे ने संपत्ति खरीदी।

ईडी की ओर से अधिवक्ता अक्षय भारद्वाज ने कहा कि महेश जोशी के बेटे की फर्म "शुभ मंगलम" में 50 लाख रुपए का लेनदेन किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से इस राशि को लौटाना भी बताया जा रहा है तो राशि लौटाने से अपराध की गंभीरता कम नहीं होती है। वहीं महेश जोशी की ओर से जमानत याचिका में अदालत को बताया कि प्रकरण में उसे फंसाया गया है। प्रकरण को लेकर एसीबी में दर्ज मूल केस में याचिकाकर्ता का नाम नहीं है। याचिकाकर्ता को एक साल पहले नोटिस दिया गया। इसके बाद बिना कोई परिस्थिति बदले उसे गत अप्रैल माह में गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा ईडी याचिकाकर्ता पर 2.01 करोड़ रुपए का आरोप लगा रही है, जबकि इसे लेकर ईडी के पास कोई साक्ष्य नहीं है और परिवादी यह राशि कहां से लाया, उसका भी उल्लेख नहीं है। इसके अलावा ईडी ने अपनी रिपोर्ट में बेटे की फर्म में 50 लाख रुपए का लेनदेन बता रही है। यह राशि बेटे की कंपनी ने लोन के तौर पर ली थी और उसे लौटाया भी जा चुका है। वहीं इस राशि को लेकर सिविल केस भी लंबित चल रहा है। ऐसे में उसे जमानत का लाभ दिया जाए।

हालांकि जिरह के दौरान यह स्पष्ट हो गया था कि संजय बडाया के कहने पर ही पदमचंद जैन व अन्य कंपनियों ने महेश जोशी के बेटे की फर्म में 50 लाख रु. डाले थे। ईडी ने जब उनसे पूछा कि क्या वह महेश जोशी के बेटे को जानते है अथवा पहचानते है तो उन्होंने इनकार कर दिया। इस पर ईडी की ओर से कहा गया कि, यह घूस की राशि है, ऐसे अनजान लोगों को ऋण कौन देता है। याचिकाकर्ता और उसके बेटे ने विभाग की टैंडर प्रक्रिया में रिश्वत प्राप्त की है। यदि आरोपी को जमानत दी गई तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। इसलिए उसकी जमानत याचिका को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी महेश जोशी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

# मंत्री अविनाश गहलोत ने की समाज कल्याण से जुड़े कार्यों की समीक्षा

## बजट घोषणाओं की शत प्रतिशत क्रियान्विति करने के निर्देश दिए

**जयपुर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति शत-प्रतिशत होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि घोषणाओं के बेहतर क्रियान्वयन से ही आमजन को लाभ पहुंच सकता है। गहलोत मंगलवार को मुख्यालय के अंबेडकर भवन के सभागार में आयोजित विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।




**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति जानी।**

उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 24-25 एवं 25-26 की बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट ली और लंबित कार्यों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा में विशेष योग्यजन, पेंशन, छात्रवृति, महिला कल्याण, छात्रावास सहित अन्य विषयों से जुड़े प्रश्नों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

सामाजिक न्याय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा समाज के वंचित तबके को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की वार्षिक भौतिक सत्यापन की स्थिति, छात्रवृति की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में चयनित अभ्यर्थियों में से कोचिंग संस्थानों में ज्वाइन किए गए अभ्यर्थियों की जिलेवार स्थिति, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, पालनहार, कन्यादान योजना, कामकाजी महिला छात्रावास योजना, अंबेडकर डीबीटी योजना से लाभान्वित और व्यय, आवासीय विद्यालयों की स्थिति, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं, अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में प्राप्त बजट एवं व्यय की स्थिति, डॉ सविता बेन अंबेडकर अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना में प्राप्त बजट, लाभान्वित और व्यय की स्थिति, आदर्शग्राम योजना, वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं की स्थिति, नशा मुक्त भारत अभियान, नवजीवन योजना, देवनारायण योजना, मुख्यमंत्री घुमंतू आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से प्रगति जानी और आवश्यक निर्देश भी दिए। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने कहा कि वर्ष 2024-25 की कुल 26 बजट घोषणाओं में से 13 पूर्ण हो चुकी हैं, 10 प्रगतिरत हैं। जबकि 3 प्रक्रियाधीन है। वहीं वर्ष 25-26 की 15 घोषणाओं में से 8 पूर्ण हो चुकी हैं, 4 प्रगतिरत है, जबकि 3 प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि सभी घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है।बैठक में आयुक्त निदेशालय विशेष योग्यजन केसर लाल मीना, वित्तीय सलाहकार अंजू सिंह, निजी सचिव रोहित पटेल, अतिरिक्त निदेशक हरिसिंह मीना, रीना शर्मा, सुण्डाराम मीना, अशोक जांगिड़, अरविन्द कुमार सैनी, अनुजा निगम के वीरेन्द्र सिंह सहित बाल अधिकारिता एवं विशेष योग्यजन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जालोर जैसे शुष्क जिले में भी आठ जने नदी में डूबे

## जालोर जिले में इस वर्ष हो रही मूसलाधार बारिश के कारण कई नदी नाले उफान पर है, जिले की सुकड़ी नदी में दो अलग-अलग जगह पर हादसे हुए

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले में मानसून की सक्रियता के चलते मंगलवार शाम को भी मूसलाधार बारिश का दौर जारी रहा। वहीं जालोर जैसे शुष्क जिले में आठ जने नदी में बह गये, जिनकी मौत हो गई। जालोर की जीवन रेखा कही जाने वाली जवाई नदी में पानी की आवक तेज देखी गई। आसाना गांव में सुकड़ी नदी में डूबने से छह लोगों के मरने की सूचना हैं। इसके अलावा सांथू गांव के दो जनों की सुकड़ी नदी में बहने से मौत हो गई। बारिश के चलते कई जगह नदी-नाले उफान पर होने से मार्ग अवरुद्ध रहे।

जालोर में लगातार बारिश से जिलेभर में नदी नालों में पानी की आवक तेज देखी गई। जवाई नदी के निकट आने वाले क्षेत्र के नालों में पानी आने से मार्ग अवरुद्ध हो गए। सायला के निकट आसाना गांव में मंगलवार शाम को सुकडी नदी में बहने से छह लोगों की मौत होने की सूचना मिली। शाम को सुकड़ी नदी में आसाना गांव के छह युवक बोलेरो गाड़ी लेकर नदी किनारे नहाने गये थे। उस दौरान पानी के तेज बहाव के साथ छह युवक बह गये। ग्रामीणों के अनुसार थलवाड रोड पर नदी के दूसरे किनारे पर बोलेरो गाड़ी छोड़कर नदी की रपट पर स्नान करते हुए दूसरे किनारे आए थे। रपट से वापस दूसरी तरफ जाते समय पानी के वेग में संतुलन बिगड़ने से एक युवक के बहने पर बचाने के चक्कर पर सभी साथ में बह गए। नदी किनारे खड़े दूसरे लोगों ने देखकर ग्रामीणों को सूचना दी, जिस पर सायला एसडीएम सुरजभान विश्नोई, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी,



बीमार बुजुर्ग को सिविल डिफेंस की टीम व समाजसेवी लोगों ने नाव की सहायता से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

- पानी के वेग में संतुलन बिगड़ने से एक युवक के बहने पर बचाने के चक्कर पर सभी साथ में बहे
- आसाना गांव में सुकड़ी नदी में डूबने से छह लोगों की मौत, वहीं सांथू गांव के दो जनों की सुकड़ी नदी में बहने से मौत हो गई
- जालोर शहर का सुन्देलाव तालाब ओवरफ्लो होने से गंदा पानी कॉलोनियों में जाने से जलमग्न हो गई
- बीमार बुजुर्ग को भी सिविल डिफेंस की टीम व समाजसेवी लोगों ने खाट पर उठाकर तथा बाद में नाव की सहायता से अस्पताल पहुंचाया

थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह मौके पर पहुंचे तथा युवकों की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम भीनमाल को मौके पर बुलाया। देर शाम तक बचाव दल को नदी में तेज बहाव के चलते उन्हें ढूंढने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं सुकड़ी नदी का मिलन जवाई नदी से तुरा गांव के पास होगा। ऐसे में एक तरफ सुकडी नदी व दूसरी तरफ जवाई नदी का पानी तेज गति से बहने से कई गांवो के रास्तों का सम्पर्क टूट गया है। वहीं सांथू गांव में भी सुकडी नदी में बहने से पसिया देवी व छोटाराम की मौत हो गई। इस प्रकार सुकड़ी नदी में डूबने से अब तक आठ लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है।

जालोर में मंगलवार शाम को तेज बारिश के चलते सुन्देलाव तालाब भी ओवरफ्लो होने से निचली कॉलोनियो में तालाब का गंदा जाने से कॉलोनियां जलमग्न हो गई है। कॉलोनियां में रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुसने से लोगों के लिए परेशानी हो गई है। मंगलवार को एक बीमार बुजुर्ग को भी सिविल डिफेंस की टीम व समाजसेवी लोगों ने खाट पर उठाकर तथा बाद में एक नाव की सहायता से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। कॉलोनी के चारों तरह पानी भर जाने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जालोर में तेज बारिश के चलते सुकड़ी, जवाई, आकोली नदी पूरे उफान पर बह रही है। वणधर, बांडी, सिणधरा व बांकली बांध में भी पानी की आवक तेज गति से हो रही है। पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बांध जवाई में भी पचास फीट से अधिक पानी की आवक हो गई है। जालोर में मूसलधार बारिश का दौर जारी रहने से जगह जगह पानी भर गया। बस स्टेण्ड, शिवाजी नगर सहित कई कॉलोनियों में पानी भर जाने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कार सहित नदी में डूबे तीन युवकों की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले के खेरवाड़ा थाना क्षैत्र लकोड़ा पावर हाउस के समीप बायडी पुलिया में डूबी कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो जनों को बाहर निकालकर उनकी जान बचा ली गई।

सोमवार रात में खेरवाड़ा से बावलवाड़ा रोड़ पर लकोड़ा पावर हाउस के आगे बायड़ी पुलिया विकट मोड़ पर कार अनियंत्रित होने पर पानी में बह गई। हादसे में कार में सवार लकोड़ा निवासी ध्रुव पुत्र कैलाश चन्द्र पटेल, लव पुत्र कांतिलाल पटेल निवासी बायड़ी, मउडीया बावलवाड़ा निवासी नरेश उर्फ पिंटु पुत्र नाना पोखरिया की मौत हो गई तथा प्रवीण पुत्र भराजी व लक्ष्मण पुत्र देवीलाल निवासी बावलवाडा की कार से बाहर निकलने से जान बच गई। चालक लव खेरवाड़ा में बैकरी चलाता था एवं कार लेकर ध्रुव दोनों गांव लौट रहे थे। इस दौरान नरेश, प्रवीण व लक्ष्मण तीनों अहमदाबाद से मजदूरी कर खेरवाड़ा आए, जिन्होंने गांव जाने के लिए लिफ्ट मांगी। इस पर लव उन्हें गांव ले जाने के लिए कार में बैठा कर रवाना हुआ, जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उदयपुर से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। टीम ने मशक्कत कर ध्रुव व नरेश के शव को बाहर निकला खेरवाड़ा मोर्चरी में रखवाया।

# ट्रक और बाइक की टक्कर में दो की मौत, एक घायल


**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की आसींद विधानसभा क्षेत्र के शंभूगढ़ थाना इलाके में खेजड़ी चौराहे पर दर्दनाक सड़क हादसे में एक जने की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं एक अन्य घायल का उपचार जारी है।

हादसा एक तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर से हुआ। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने खेजड़ी चौराहे पर एनएच-148डी को जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुबह करीब दस बजे हुआ, जब एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान एक और युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौके पर जमा हो गए। उन्होंने हाइवे पर बढ़ते हादसों को लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया और हाईवे 148डी

- आक्रोशित ग्रामीणों ने खेजड़ी चौराहे पर एनएच-148डी को जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया

को जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि खेजड़ी चौराहे पर आए दिन हादसे होते रहते हैं और पिछले तीन महीनों में दर्जनों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि इस चौराहे पर वाहनों की रफ्तार को नियंत्रित करने और हादसों को रोकने के लिए एक पुल (फ्लाईओवर) बनाया जाए। उनका कहना है कि सड़क पर जेब्रा क्रोसिंग नहीं होने के कारण, यहां के खतरनाक मोड़ और चौराहे पर तेज रफ्तार गाड़िया आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होती है। हंगामे की सूचना मिलते ही शंभूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से समझाने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जिसके बाद ही जाम खुलवाया जा सका।

**फर्जी टीटी को पकड़ा :-** कोटा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के टिकट चैक करते हुए एक व्यक्ति को रेलवे पुलिस ने पकड़ा और जीआरपी पुलिस को सौंप दिया। संदिग्ध व्यक्ति सवाईमाधोपुर का रहने वाला है जो अवध एक्सप्रेस से सवाईमाधोपुर से कोटा आया था और खुद को टीटीई बताकर कोटा के प्लेटफार्म नम्बर एक पर पार्सल कार्यालय के समीप रेल यात्रियों की टिकिट चैक कर रहा था, इस दौरान मामले में सामने आया कि व्यक्ति ने फर्जी टीटीई बनकर प्लेटफार्म पर घूम रहे अवैध वेंडरो को भी पकड़ा और उनकी रसीद भी काटी। प्लेटफार्म पर घुम रहे रेलवे पुलिस के जवान को टिकिट चैकिंग कर रहे व्यक्ति पर संदेह हुआ तो फर्जी टीटी से पूछताछ की तो वह घबरा गया। रेलवे पुलिस ने व्यक्ति को जीआरपी पुलिस को सौंप दिया।



उदयपुर शहर की विश्व प्रसिद्ध फतहसागर झील लबालब होकर ओवरफ्लो हो गई। मंगलवार शाम 4.30 बजे इसके चारों गेट तीन-तीन इंच खोले गए। गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर मंगलवार को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर नमित मेहता, युडीए आयुक्त राहुल जैन, समाजसेवी गजपालसिंह आदि ने हजारों शहरवासियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर फतहसागर के गेट खोले। इसके साथ ही समूचा उदयपुर खुशी से झूम उठा। पाल पर मौजूद लोगों ने जयकारे लगाकर खुशी व्यक्त की। उदयपुर में गत दिनों हुई लगातार बारिश से झीलों में तेजी से पानी की आवक हो रही है।

## छात्रा ने आत्महत्या की

**डूंगरपुर,** (निसं)। दोवडा थाना क्षेत्र के पाल मांडव गांव में 11वीं कक्षा की एक छात्रा ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त छात्रा घर में अकेली थी। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। दोवडा थाने के एएसआई ने बताया कि पाल मांडव गांव निवासी अभिलाषा परमार 11 वीं कक्षा की छात्रा थी और दामडी गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ती थी। अभिलाषा के पिता दिनेश परमार मुंबई में मजदूरी करते है। आज अभिलाषा की मां शारदा गांव में सामान लेने बाजार गई थी। अभिलाषा घर पर अकेली थी। शारदा देवी जब सामान लेकर वापस घर लौटी तो देखा कि अभिलाषा घर में फंदे पर लटकी हुई थी। शारदा ने चिल्लाकर परिजनों और पडौसियों को बुलाया। परिजनों ने अभिलाषा को फंदे से नीचे उतरा और जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। परिजनों ने एक युवक पर अभिलाषा को परेशान करने का आरोप लगाया है।


**Govt. Of Rajasthan**
**Office of the Executive engineer**
**Watershed development and soil conservation, Jalore**

No-Jalore/E-tender/2025-26/Jalore/MJSA 2.1/237 Date-19.08.2025

**NOTICE INVITING BID / NIT No- 04/2025-26**

Bids for package of construction of tanka with agor and RTWHS (33 works) MJSA 2.1 Block jalore in jalore district of estimated value total 4222960 Rs are invited from interested bidders on date 28.08.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in orhttps://sppp.rajasthan.gov.in) of the sate.

**UBN No:- WSC2526WSOB01133 / NIB No:- WSC2526A0654**

DIPR/C/12262/2025 — Narendra Sharma, Executive Engineer, Watershed Development & Soil Conservation Jalore


# रायला में सरकारी विद्यालय का कक्षा-कक्ष ढहा, बड़ा हादसा टला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के रायला कस्बे की जनता कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का एक कक्षा-कक्ष मंगलवार सुबह अचानक तेज धमाके के साथ जमींदोज हो गया। स्कूल परिसर में उस समय 73 बच्चे मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि जिस कक्ष का मलबा गिरा, उसे पहले ही अधिकारियों ने सील कर दिया था। यही सतर्कता मासूम बच्चों के लिए जीवनदायी साबित हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ के अनुसार विद्यालय का यह भवन लंबे समय से जर्जर हालत में था। भवन की दीवारों में दरारें आ चुकी थीं और छत भी कमजोर हो गई थी।

प्रधानाध्यापक एहसान अली ने बताया कि विद्यालय के पीछे पानी भरने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे नींव कमजोर हो गई थी। इस बारे में उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया। बनेड़ा उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास व शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कुछ दिन पहले विद्यालय का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में भवन की स्थिति को बेहद खतरनाक पाया गया था। इसी आधार पर संबंधित कक्ष को लॉक कर सील कर दिया गया और बच्चों की पढ़ाई खुले मैदान में शुरू करवा दी गई। मंगलवार सुबह करीब 8.40 बजे जब विद्यालय में प्राथना खत्म ही हुई थी कि अचानक एक जर्जर कक्षा कक्ष जोरदार धमाके के साथ गिर पड़ा। आवाज सुनकर बच्चे सहम गए और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक विद्यालय परिसर में जमा हो गए। राहत की बात यह रही कि सील किया गया कमरा खाली था और उस ओर किसी का आना-जाना नहीं होता था। घटना के समय विद्यालय में 73 बच्चे मौजूद थे, जबकि स्कूल में 98 बच्चों का नामांकन है। हादसे की खबर सुनते ही बच्चों के अभिभावक भी तुरंत स्कूल पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि यदि यह कमरा सील नहीं किया गया होता, तो आज कोई बड़ा हादसा सामने आ सकता था। बच्चों को सुरक्षित देखकर सभी ने राहत की सांस ली। हालत यह है कि 98 बच्चों का नामांकन होने के बावजूद स्कूल का संचालन मात्र दो कमरों के किया जा रहा था, जिसे भी जर्जर होने के कारण 28 जुलाई को सील कर दिया गया, जिसके कारण बरसात के बीच भी बच्चे खुले मैदान में पेड़ के नीचे एक साथ पढ़ने को मजबूर थे।

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय भवन के जर्जर होने की शिकायतें काफी समय से की जा रही थीं, लेकिन हर बार मामला अनदेखा होता रहा। समय रहते कदम नहीं उठाए जाते तो मंगलवार को मासूमों की जान पर भारी खतरा मंडरा सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पूरे मामले में गंभीरता दिखाने और भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं दोहराने की अपील की। स्कूल भवन का कमरा गिरने के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों ने जोर देकर कहा कि बच्चों को खुले मैदान में पढ़ाना लंबे समय तक संभव नहीं है। गर्मी और बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी कठिन हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्यालय भवन का पुनर्निर्माण किया जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि गिरे हुए कमरे का मलबा जल्द ही हटवाया जाएगा और भवन के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभाग का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।



शाहपुरा क्षेत्र के रायला कस्बे में राजकीय प्राथमिक विद्यालय का एक कक्षा-कक्ष जमींदोज हो गया।

- हादसे के दौरान स्कूल परिसर में 73 बच्चे मौजूद थे, गनीमत रही कि जिस कक्ष का मलबा गिरा, उसे पूर्व में अधिकारियों ने सील कर दिया था
- ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ के अनुसार विद्यालय का यह भवन लंबे समय से जर्जर हालत में था


**कार्यालय नगरपालिका महवा (दौसा) राज0**

EMAIL-nagarpalikamahwa@gmail.com फोन न.– 07461 284005

क्रमांक–नपाम / 2025–26 / 401 दिनांक– 22.08.2025

**–: निविदा आमंत्रण सूचना :–**

नगर पालिका महवा द्वारा विभिन्न कार्यो की निविदा आमंत्रित की गई है जिसकी निविदा यूबीएन न. (DLB2526SLRC15522, DLB2526SSRC15523) है। निविदा सूचना एवं शर्ते राजस्थान उपापन पोर्टल की बेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproce.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद / सी / 25 / 8793 — अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका महवा

**कार्यालय जिला परिषद (पंचायत प्रकोष्ठ) करौली**

क्रमांक :- जिपक/लेखा/निविदा/2025-26/281 दिनांक :- 21/08/2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-26**

जिला परिषद् करौली के अधीन पंचायत समिति श्री महावीर जी मे स्वीकृत पंचायत समिति भवन निर्माण कार्य का पंचायतीराज अधिनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत आमंत्रित ई-निविदा (अनुमानित राशि 208.70 लाख) की विस्तृत जानकारी हेतु ऑन-लाईन वेब-साईट http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है तथा कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

UBN : ZKR2526WSOB00406

NIB Code : ZKR2526A0303

राज.संवाद/सी/25/8775 — मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद करौली

**Office of the Medical Superintendent**

RUHS Hospital of Medical Sciences, Jaipur

Sector-11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur -302033(Raj.)

दूरभाष: 0141-2795577, Email: supdt.hms@ruhsraj.org, ruhshmstore@ruhsraj.org

No. :- F. ( ) RUHS HMS/Store/2025-26/8569 Date :- 25/08/2025

**Notice Inviting e-Bids**

Single Stage Two envelope Online bids (e-bids) are invited upto 02.00 pm of 26/09/2025 for Supply and Installation of 1. High End Surgical Microscope for Plastic and Reconstructive Surgery, Qty. 01, Total Approx. Cost Rs. 2,50,00,000.00, 2. Electric Saw and Drill System with Attachments, Qty. 01, Approx. Cost Rs. 40,00,000.00 at Dept. of Plastic Surgery, RUHS Hospital of Medical Sciences, Jaipur. Details may be seen in the Bidding Documents at the Website sppp.raj.nic.in or eproc.rajasthan.gov.in.

UBN : CMS2526GLOB00087-88

Raj.Samwad/C/25/8741 — Medical Superintendent

**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर**

महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड पुरानी छावनी, धौलपुर पिन कोड़ 328001

email id : dcfwl.ncs.forest@gmail.com

क्रमांक : एफ ( )/ उवसं/वजीधौ / राचघअ /2025-26/2222 दिनांक-18/8/25

**Notice Inviting Bid**

Bid for providing Construction of Choki with solar PumP at Forest Block of Wildlife Range Sarmthura of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11.30 AM, 29.8.2025 other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state The aproximate value of the Procurement is 40.00 lakhs. UBN No. FOR2526WSB01380

( डॉ. आशीष व्यास )

DIPR/C/12141/2025 — उप वन संरक्षक ( वन्यजीव ) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर

**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला-कोटा (राज0)**

क्रमांक : न.पा.रा. / 2025 / 755 दिनांक : 22.08.2025

**ई-निविदा सूचना 11/2025-26**

नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा कार्यो हेतु पालिका में पंजीकृत एवं विभागों में AA,A,B, Class एवं उपयुक्त श्रेणी संवेदको से लिफाफा पद्धति / ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 25.08.2025 से 11.09.2025 एवं अपलोड करने की दिनांक 25.08.2025 से 11.09.2025 सांय 6 बजे तक। ई.एम.डी. / निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि : 12.09.2025 समय प्रातः 11.00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 12.09.2025 को दोप. 2.00 बजे बाद रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http//sppp.raj.nic.in, http//eproc.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

| SR.NO | NIB | UBN |
|---|---|---|
| 1 | DLB2526A5003 | DLB2526WSOB15475 |

राज.संवाद / सी / 25 / 8778 — अधिशाषी अधिकारी

**अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. जिला खंड, अजमेर**

क्रमांक : 1536 **निविदा सूचना संख्या 12/2025-26** दिनांक : 14.8.2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण /सड़क निर्माण कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको,एवं केन्द्रीय /राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों /केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 07 पैकेज /कार्यों, जिनकी कुल लागत राशि रूपये 368.01 लाख है, के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख एवं समय | दिनांक 19.8.2025 प्रात 9.30 बजे से 29.8.2025 को सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट 'www.dipronline.org" पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in एवं Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जावेगी।

UBN No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSRC09788 | 2 | PWD2526WSRC09790 | 3 | PWD2526WSRC09793 |
| 4 | PWD2526WSRC09797 | 5 | PWD2526WSRC09800 | 6 | PWD2526WSRC09802 |
| 7 | PWD2526WSRC09803 | | | | |

हजारी लाल अग्रवाल

DIPR/C/12010/2025 — अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि.जिला खण्ड, अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला-ब्यावर (राज0)**

**निविदा सूचना 02 वर्ष 2025-26**

नगरपालिका बिजयनगर द्वारा पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में E-Procurement प्रकिया से www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्र, निविदा शर्तो व अन्य विस्तृत जानकारी इंटरनेट वेब साईट www.sppp.raj.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | : | 01 कार्य |
| निविदा की कुल लागत | : | रू 49.96 / – लाख |
| कुल धरोहर राशि | : | अनुमानित लागत की दो प्रतिशत |
| ऑन लाईन निविदा फार्म प्राप्त करने व जमा करवाने की दिनांक | : | 25 / 08 / 2025 प्रातः 11.00 बजे से 07 / 09 / 2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क डी.डी., धरोहर राशि डी. डी एवं प्रोसेसिंग शुल्क डी.डी. भौतिक रूप से जमा कराने की अंतिम दिनांक | : | 08 / 09 / 2025 प्रातः 11:00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक | : | 09 / 09 / 2025 सांय 1:00 बजे |

उक्त निविदा का NIB Code :– DLB2526A5007

नोट :–निविदा दाता द्वारा निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर के नाम से एवं प्रोसेसिंग शुल्क Managing Director, RISL payable at Jaipur के नाम से एवं ड़िमाण्ड ड्राफ्ट (D.D) निविदा जारी होने कि दिनांक के बाद के होने चाहिए।

अध्यक्ष, नगरपालिका बिजयनगर — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

राज.संवाद / सी / 25 / 8780

# अपहरण कर लूटपाट करने वाले सात बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण कर लूटपाट करने वाले सात आरोपितो को देवली जिला टोंक से धर-दबोचा है और आरोपियों के पास से पुलिस लूटा गया माल और वारदात में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने

**■ पुलिस ने आरोपियों को टोंक से दबोचा, लूट का माल और वारदात में प्रयुक्त कार भी जब्त की**

बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण कर लूटपाट करने वाले राजवीर मीणा (27) निवासी सुरवाल जिला सवाई माधोपुर हाल शिप्रापथ जयपुर, कमलेश बैरवा (26) निवासी लांबा जिला टोक हाल शिप्रापथ जयपुर, सुरेश गुर्जर (25) निवासी दूदू जिला जयपुर हाल मुहाना जयपुर, तेजवीर सिंह राठौर उर्फ तेजू बन्ना (22) निवासी बोरावड जिला नागौर हाल मुहाना जयपुर, राजवीर जाटव (30) निवासी मानसरोवर जयपुर, हनी सिंह जादौन उर्फ मोहित सिंह जादौन (18) निवासी खेडली जिला अलवर हाल मानसरोवर जयपुर और शिव विजय (26) निवासी देवली जिला टोंक हाल शिप्रापथ जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आरोपियों ने लूटे गए 2 मोबाइल, घटना में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त की है। गौरतलब है कि मालपुरा गेट थाने में 23 अगस्त को परिवादी उस्मान खान ने मामला दर्ज करवाया था कि वह मंगल विहार कालोनी कोहिनूर सिनेमा के पास सांगानेर में रहता है। शिप्रापथ पर सिलाई बुनाई कंपनी में काम करता है। 22 अगस्त उसके पास फोन आया। इसमें कहा कि वह उसे दूसरी कम्पनी में नौकरी लगा देगा। इस पर पीड़ित आरोपी से मिलने पहुंच गया। इस दौरान पीड़ित का दोस्त दीपक बर्मन भी साथ था। आरोपियों ने दोनों का अपहरण किया। पत्रकार कॉलोनी के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग में लेकर गए। कमरे में बैठा कर मारपीट करना शुरू कर दिया। बदमाशों ने दोनों को बंधक बनाकर मारपीट की। इसके बाद मोबाइल लेकर दूसरे खातों में पैसा ट्रांसफर किया। बदमाशों ने दोनों के साथ रातभर मारपीट कर सुबह सुनसान जगह पर छोड़ा। रिपोर्ट मिलने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। वारदात की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को देवली जिला टोंक में ट्रेस करते हुए पकडा।



मालपुरा गेट पुलिस ने अपहरण और लूटपाट की वारदात करने वाले बदमाशों को पकड़ा।

## युवक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**जयपुर**। हरमाड़ा पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि घायल युवक और आरोपित आपस में दोस्त थे और दोनों के बीच सोने की बात को लेकर विवाद होने पर जिस के बाद दोनों अलग-अलग जगहों पर जाकर सो गए। इस पर आरोपित आरोपी ने उठकर दोस्त के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। घायल युवक के अचेत होने पर आरोपित भाग गया था। जिसे पुलिस ने पकड लिया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्वाई करते हुए 23 अगस्त के राजावास बस स्टैंड के पास लहूलुहान होकर बेहोश पड़े अलवर निवासी भीम सिंह मीणा पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपित प्रमोद कुमार उर्फ टिन्नू उर्फ पुष्पराज (44) निवासी उत्तर प्रदेश हाल सांगानेर को गिरफ्तार को किया गया हैं। गौरतलब है कि 23 अगस्त की सुबह सूचना मिली की राजावास बस स्टैण्ड के पास एक व्यक्ति लहूलुहान होकर बेहोश पड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने जांच पडताल की तो सामने आया कि घायल भीम सिंह मीणा काफी समय से राजावास बस स्टैंड के आस-पास रोड पर सोता है। दिन में चौकटी पर मजदूरी करता है।

# मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी अलंकरण समारोह में पुरस्कृत हुए राजेन्द्र मोहन शर्मा

### 'महात्मा विदुर' के लिए मिला अखिल भारतीय राजा वीर सिंह देव सम्मान

**जयपुर**। साहित्य की समृद्ध परंपरा को सम्मानित करने के लिए आयोजित साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् का अलंकरण समारोह रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में गरिमा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में देश और प्रदेश के चुनिंदा रचनाकारों को राष्ट्रीय, प्रादेशिक और बोली-भाषा पुरस्कारों से भारी संख्या में उपस्थित साहित्य अनुरागियों की उपस्थिति में अलंकृत किया गया।

इस यादगार अवसर पर जयपुर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार राजेन्द्र मोहन शर्मा केंद्र में रहे, जिन्हें उनकी चर्चित कृति महात्मा विदुर के लिए भारतीय राजा वीर सिंह देव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के रूप में आपको एक लाख रुपए, शलाका पट्टिका, शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का संचालन वरिष्ठ कवि श्री विनय उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के संचालक श्री एन.पी. नामदेव विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि प्रख्यात खेल कमेंटेटर और पद्मश्री सुनील दोषी मुख्यातिथि ने अपने उद्बोधन में साहित्य और जीवन के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डाला। साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल श्रेष्ठ रचनाकारों को सम्मानित करना है, बल्कि मध्यप्रदेश की विविधतापूर्ण साहित्यिक परंपरा और बोलियों को नई ऊर्जा देना भी है। अखिल भारतीय और प्रादेशिक पुरस्कार वर्ष 2022 और 2023 के लिए चयनित रचनाकारों को कथा, कविता, उपन्यास, आलोचना, संस्मरण और अनुवाद जैसी विधाओं में अखिल भारतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, प्रदेश के लेखकों को प्रादेशिक पुरस्कारों से नवाज़ा गया।

मध्यप्रदेश की छह प्रमुख बोलियों-मालवी, निमाड़ी, बुंदेली, बघेली, भीली और गोंडी में रचनाधर्मिता निभाने वाले साहित्यकारों को विशेष बोली-भाषा पुरस्कार दिए गए। इनमें संत पीपा पुरस्कार, संत सिंगाजी पुरस्कार और श्री छत्रसाल पुरस्कार जैसे सम्मान शामिल थे। इस साहित्यिक पर्व को विद्वानों, साहित्यकारों, आलोचकों और कलाकारों की मौजूदगी ने गरिमा प्रदान की। यह सिर्फ पुरस्कार वितरण का अवसर नहीं रहा, बल्कि इसने साहित्य और संस्कृति के जीवंत परिदृश्य को और गहरा किया। विशेष रूप से राजेन्द्र मोहन शर्मा का सम्मान इस समारोह की शान बना, जिसने न केवल उनके साहित्यिक योगदान को नई पहचान दी, बल्कि हिंदी साहित्य की गरिमा को भी और ऊँचाई प्रदान की और राजस्थान विशेषतः जयपुर को एक गरिमा प्रदान की।




मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् के अलंकरण समारोह में जयपुर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार राजेन्द्र मोहन शर्मा को पुरस्कृत किया गया।

# श्वानों की संख्या नियंत्रित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनुपालना में डी.एल.बी. ने जारी किए निर्देश

**जयपुर** (कासं)। स्वायत्त शासन विभाग ने राज्य में कुत्तों (श्वानों) की जनसंख्या प्रबंधन नीति तथा नागरिकों और सामुदायिक पशुओं के बीच सहअस्तित्व को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सभी नगरीय निकायों को कुछ अहम निर्देश जारी किए हैं। यह निर्देश सर्वोच्च न्यायालय के 22 अगस्त 2025 के आदेश की अनुपालना में तथा एनिमल बर्थ कंट्रोल नियम- 2023 के अनुसार जारी किए गए हैं।

स्वायत्त शासन सचिव रवि जैन ने कहा कि राज्य सरकार मानवीय और विधिसम्मत तरीके से श्वानों की जनसंख्या नियंत्रण हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्टरलाइजेशन और टीकाकरण के माध्यम से किया जाने वाला ही कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण में कमी लाने का वैज्ञानिक व मानवीय तरीका है।

स्वायत्त शासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिए हैं। जिसमें प्रत्येक को स्थानीय रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों तथा पशु कल्याण संगठनों/फीडर्स से परामर्श कर सामुदायिक श्वानों के लिए फीडिंग स्पॉट्स चिन्हित एवं संरक्षित करने के लिए कहा गया है।

**■ स्वायत्त शासन सचिव रवि जैन ने कहा कि ''राजस्थान सरकार मानवीय और विधिसम्मत तरीके से श्वानों की जनसंख्या नियंत्रण हेतु प्रतिबद्ध है।''**

विभाग ने निर्देश दिए हैं कि, छह माह से कम आयु के किसी भी कुत्ते का स्टरलाइजेशन नहीं किया जाएगा। शल्य-पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण और शल्य-उपरांत देखभाल नियमों के अनुसार अनिवार्य होगी।

एबीसी नियमों के तहत गठित मॉनिटरिंग कमेटियों में स्थानीय पशु कल्याण कार्यकर्ताओं/संगठनों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा।

प्रत्येक श्वान के पकड़ने, स्टरलाइजेशन, टीकाकरण, रिकवरी और पुनः उसी स्थान पर छोड़े जाने का रिकॉर्ड फोटो/वीडियो प्रमाण सहित रखा जाएगा तथा विभाग को नियमित रूप से रिपोर्ट भेजी जाएगी। केवल सक्षम एवं से मान्यता प्राप्त एजेंसियों को ही अनुबंध दिया जाएगा। ब्लैकलिस्टेड या नियमों का उल्लंघन करने वाली एजेंसियों को प्रतिबंधित किया जाएगा।

रवि जैन ने कहा कि ये कदम जन सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों को साथ लेकर चलने के उद्देश्य से हैं। रोग-नियंत्रण (टीकाकरण के माध्यम से) तथा संवैधानिक दायित्व 'जीवों के प्रति करुणा' के पालन के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने नगरीय निकायों को तत्काल इन उपायों को लागू करने, स्टरलाइजेशन क्षमता बढ़ाने, पशु चिकित्सकों से साझेदारी मजबूत करने और वार्ड स्तर पर सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सभी नगरीय निकायों को आदेश दिया गया है कि वे इन निर्देशों को आंतरिक रूप से प्रसारित करें, फील्ड टीमों को ब्रीफ करें तथा मान्यता प्राप्त पशु कल्याण संगठनों और पशु चिकित्सकों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्धारित समयसीमा में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है की हाल ही में श्वानों के प्रति क्रूरता बरतने वालों को भीलवाड़ा में निलंबित किया गया था।

## पूर्व सैनिक को बिना दक्षता परीक्षा एसआई पद पर नियुक्ति के आदेश

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई और प्लाटून कमांडर भर्ती-2009 में याचिकाकर्ता पूर्व सैनिक को बिना शारीरिक दक्षता परीक्षा लिए तीन माह में नियुक्ति के आदेश दिए हैं। अदालत ने याचिकाकर्ता को वरिष्ठता सहित समस्त परिलाभ भी देने को कहा है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि उसे इस अवधि का वेतन नहीं मिलेगा। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश दीपक सोगरवाल की याचिका को निस्तारित करते हुए दिए।

अदालत ने माना कि पूर्व सैनिक पहले ही सेना में कठोर शारीरिक प्रशिक्षण और सेवा कर चुके होते हैं। इसलिए उन्हें नवयुवक अभ्यर्थियों के समान नहीं आंका जाना चाहिए। ऐसे में उन पर राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 को लागू करना, विशेष रूप से उनके पुनर्वास हेतु बनाए गए 1988 के नियमों की मंशा को विफल कर देगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सार्थक रस्तोगी ने बताया कि पुलिस एसआई भर्ती 2009 की प्रक्रिया में 5 किलोमीटर दौड़ और लंबी कूद सहित अन्य कठिन शारीरिक परीक्षण पूर्व सैनिकों पर थोपे गए थे। जबकि यह राजस्थान सिविल सेवा पूर्व सैनिकों के समायोजन, नियम, 1988 के विपरीत है। इन नियमों के तहत पूर्व सैनिकों के लिए केवल साधारण शारीरिक फिटनेस की जरूरत ही रखी गई है। इसलिए प्रार्थी को बिना कठोर शारीरिक दक्षता टेस्ट के ही एसआई के पद पर नियुक्ति दी जाए। इसके विरोध में राज्य सरकार ने कहा कि पुलिस सेवा को देखते हुए यह शारीरिक दक्षता परीक्षा लेना अनिवार्य है। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर कहा कि याचिकाकर्ता की उम्मीदवारी 1988 के नियमों के तहत दुबारा परखें। यदि वे लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में सफल हुए तो उन्हें नियुक्ति दी जाए।

## सार-समाचार


### धाकड़ समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

**जयपुर**। झोटवाड़ा में जोशी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में धाकड़ समाज की सामूहिक गोठ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। धाकड़ समाज सेवा समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविन्द सिंह धाकड, एवं मंच संचालन समिति के मंत्री बच्चूसिंह धाकड ने किया। कार्यक्रम में समाज के सैकडों महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने भाग लिया। बच्चूसिंह धाकड़ ने समिति के सामाजिक उत्थान के लिए किए गए क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी साथ ही रमेश धाकड, डॉक्टर हुकुम सिंह, नाहर सिंह धाकड, शिवलाल धाकड, विजयपाल धाकड, डॉक्टर गिरवर, जग्गो धाकड, हरिओम, विक्रम सिंह, केहरी सिंह, आशा धाकड, कुमुद सिंह ने अपने अपने क्षेत्र से संबंधित जानकारी दी एवं बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। समिति अध्यक्ष एवं नगर निगम पार्षद शेर सिंह धाकड़ ने बताया कि समारोह में समिति के तरफ से समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र व स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए तथा समाज की विधवा एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सहयोग के रूप में एक मिक्सी एवं धनराशि भेंट स्वरूप दिए गए। समारोह में सभी महिला-पुरुषों, बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अनुशासनात्मक तरीके से समारोह सम्पन्न में सहयोग किया। बडी संख्या में उपस्थित समाज बंधुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। अंत में समिति अध्यक्ष शेर सिंह धाकड ने सभी समाज बंधुओं का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लंदन प्रवास पर डॉ. सतीश पूनियां

**जयपुर**। सतीश पूनियां लंदन में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा द्वारा आयोजित यूथ मीट एंड ग्रीट 2025 कार्यक्रम में ब्रिटिश समयानुसार शाम 7 बजे बुधवार को शामिल होंगी। सतीश पूनियां के साथ महाराष्ट्र से विधायक देवयानी फरांडे, ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा यूके के अध्यक्ष कुलदीप सिंह शेखावत सहित गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। आगामी कई दिनों तक सतीश पूनियां लंदन में प्रवासी राजस्थानी एवं प्रवासी भारतीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सतीश पूनियां राजस्थान एवं हरियाणा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद लंदन प्रवास पर है।

### दिनेश चौधरी जिला अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान एकाउन्टेन्ट्स एसोसिएशन जयपुर के जिला अध्यक्ष पद के चुनाव सोमवार को सम्पन्न हुए। जिसमे दिनेश कुमार चौधरी अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 522 मतों से विजयी हुए। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी दिनेश कुमार चौधरी, जितेन्द्र सिंह शेखावत एवं अजीत सिंह नाथवात ने भाग लिया। चुनाव में कुल 2104 मतों में से 1734 मत पडे। दिनेश कुमार चौधरी को 928 मत, जितेन्द्र सिंह शेखावत को 400 मत एवं अजीत सिंह नाथवात को 406 मत मिले।

### नहर के गणेशजी मंदिर में उत्सवी धूम

**जयपुर**। ब्रह्मपुरी माऊण्ट रोड़ पर स्थित नगर के अति प्राचीन दाहिनीं सूँड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष ''त्रिदिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाएगा। मंदिर युवाचार्य पंडित मानव शर्मा ने बताया कि यह त्रिदिवसीय गणेशजन्मोत्सव मंदिर महंत पंडित जय शर्मा के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। उत्सव से पूर्व के व उत्सव के अनुष्ठान निम्नानुसार सम्पन्न होंगे मंगलवार की सायँ 5 बजे से गुरूवार तक त्रिदिवसीय जन्मोत्सव मनाया रहा है। जिसमें मंगलवार की सायँ 5 बजे सिंजारा महोत्सव में गणपति के नवीन श्रृंगार के दर्शन भक्तजनों ने किये तथा इस अवसर पर गणपति को विशेषरूप से बनाई गई लहरिया पौषाक व साफा धारण करवाकर ''असंख्य मोदक'' झाँकी सजायी गयी। जिसमें बड़े - छोटे सभी प्रकार के मोदकों को प्रभु को अर्पित किए गये। इसके तत्पश्चात गणपति को मेंहदी अर्पित कर पूजन व आरती गई एवं सायँ 5.30 से श्री प्रेम भाया सत्संग मण्डल जयपुर के विजय किशोर शर्मा एवं दिपक शर्मा द्वारा भजनों की सरस प्रस्तुति से देर रात्रि तक सिंजारा मनाया गया।

### संगठन में बदलाव की खबरों ने डोटासरा को कर दिया व्यथित-विचलित : गोदारा

**जयपुर**। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि कांग्रेस में दिल्ली से जो समाचार आ रहे हैं, उससे सबसे ज्यादा व्यथित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा हैं। इनका आलाकमान संगठन में बदलाव कर रहा है और ये विचलित हो रहे है। गोदारा ने वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि मीडिया में सुर्खियां पाने के लिए अकारण बोलना डोटासरा की पुरानी आदत है। बयानबाजी करो और चर्चा में रहो, इनकी राजनीति का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र में राहत कार्यों में राज्य सरकार और जनता कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ काम कर रही है। इससे बौखलाकर डोटासरा अनर्गल बयान दे रहे हैं। उन्हें अब मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखना बंद कर देना चाहिए। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार एकमुखी होकर काम कर रहे है। मुख्यमंत्री निवास पर दो दिन तक संगठन और सरकार के बीच जो सार्थक बैठकें हुई हैं, उससे डोटासरा को जलन होना स्वभाविक है। केन्द्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार जनता के हित में बेहतर कार्य कर रही है और करती रहेगी। महरिया ने कहा कि कांग्रेस में जो लोग अपने उपमुख्यमंत्री को निकम्मा तक कहते थे, अब उन्हें अनर्गल बयानबाजी से फुर्सत नहीं है। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिन-रात राजस्थान की जनता की सेवा में लगे हुए हैं। डोटासरा को बताना चाहिए कि उनकी पार्टी में पायलट और गहलोत में से बकरी कौन है और शेर कौन है।

## कोकून हॉस्पिटल में हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी से स्वस्थ जुड़वां बच्चों का जन्म

**जयपुर**। कोकून हॉस्पिटल जयपुर में एक दुर्लभ हाई-रिस्क प्रेंग्नेंसी में स्वस्थ जुड़वा बच्चों का जन्म हुआ है। अस्पताल की देखरेख और उपचार तकनीकों ने एक परिवार को नई उम्मीद दी, जहां मां ने 6 असफल प्रयासों के बाद पहली बार स्वस्थ जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। कोकून हॉस्पिटल की सीनियर कंसल्टेंट, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, डॉ. पंखुरी गौतम और टीम ने सावधानीपूर्वक इलाज और निगरानी कर इस जटिल गर्भावस्था को सफलतापूर्वक सम्भाला। माँ को गर्भावस्था के 23-24 हफ्ते में अस्पताल में भर्ती किया गया। उस समय उन्हें कई समस्याएँ थीं, जैसे कि गर्भाशय का मुँह 5 से.मी. खुल जाना और कोलेस्टेसिस ऑफ प्रेग्नेंसी, जो माँ और बच्चों दोनों के लिए खतरनाक हो सकती थी। जुड़वाँ बच्चों का वजन केवल 600 ग्राम और 800 ग्राम था और एक्सट्रीम प्री-टर्म डिलीवरी का खतरा था।

# भारत ग्लोबल साउथ की अग्रणी शक्ति : प्रो. दीक्षित

**जयपुर**। राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आज भारत की विदेश नीति विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित उपस्थित रहे।


प्रो. दीक्षित ने कहा कि भारत की विदेश नीति का मूल आधार राष्ट्रीय हित है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, भले ही अंतरराष्ट्रीय दबाव क्यों न हो। इसी प्रकार अमेरिका के दबावों के बावजूद भारत ने अपने स्वतंत्र निर्णयों को प्राथमिकता दी।

प्रो. दीक्षित ने कहा कि आज भारत आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है और विभिन्न क्षेत्रों में जैसे- ऊर्जा, उद्यमिता, खाद्य उत्पादन, विनिर्माण, फार्मा एवं सॉफ्टवेयर उद्योग में उल्लेखनीय प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ भारत ने लुक ईस्ट पॉलिसी और एक्ट ईस्ट पॉलिसी के क्षेत्र में विदेश नीतियाँ के नये प्रयोग की नीति अपनाई हैं। जिनसे भारत के हित हिंद-प्रशांत क्षेत्र से गहराई से जुड़े हैं।

प्रो. दीक्षित ने यह भी कहा कि भारत धीरे-धीरे डॉलर पर निर्भरता कम कर रहा है और रुपये में व्यापार को बढ़ावा दे रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता का उदाहरण है।

विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने धन्यवाद देते हुए कहा की भारत की विदेश नीति के निर्धारण में भारत के राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि हैं। जैसे अमेरिका के लिए अमेरिकन फर्स्ट हैं वैसे ही भारत के लिए भारत और भारतीय प्रथम हैं।



**■ 'ऊर्जा, उद्यमिता, खाद्य उत्पादन, विनिर्माण, फार्मा एवं सॉफ्टवेयर उद्योग में देश की प्रगति उल्लेखनीय'**

ऑल इण्डिया पोलिटिकल साइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर कुलगुरु प्रो. मनोज दीक्षित की सहजता और सरलता ने विद्यार्थियों को बहुत प्रभावित किया।

कुलगुरु की सहजता और सरलता से विद्यार्थी प्रभावित होकर विदेश नीति के विविध पक्ष पर कुलपति एवं विद्यार्थियों के मध्य बहुत ही रोचक संवाद स्थापित हुआ। जिससे विद्यार्थी और शिक्षक न सर्फ़ लाभान्वित हुए बल्कि गदगद हुए। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रथम सेमेस्टर के छात्र भावेश महेंद्रा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष की बर्खास्तगी पर रोक

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने जयपुर जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय के पीठासीन अधिकारी को बर्खास्त करने वाले राज्य सरकार के गत तीन जून के आदेश की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार को जवाब पेश करने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश ग्यारसी लाल मीणा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने बताया कि याचिकाकर्ता ने आयोग के अध्यक्ष के पद पर रहने के दौरान कुछ नौकरशाहों के खिलाफ आदेश पारित किए थे। वहीं राज्य सरकार ने उसे बिना सुनवाई का मौका दिए ही सीधे बर्खास्त करने की कार्रवाई की है। राज्य सरकार ने बर्खास्तगी आदेश जारी करने से पूर्व याचिकाकर्ता को न तो जांच रिपोर्ट सहित अन्य जरूरी दस्तावेज मुहैया कराए और ना ही उसे सुनवाई का मौका दिया गया।

# 'आर.जी.एच.एस. के बारे में भ्रम फैलाने वाले अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई होगी'

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (आर.जी.एच.एस.) के सुचारू संचालन और मजबूती के लिए राज्य सरकार काम कर रही है। ताकि लाभार्थियों को इस योजना का पूरा लाभ सुगमता से मिले और योजना में किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी एवं अनियमितता की गुंजाइश नहीं रहे। इसके बावजूद जो अस्पताल आर.जी.एच.एस. को लेकर भ्रम फैलाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

अनुचित तरीके से योजना पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले पक्षों के विरूद्ध राज्य सरकार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। अनियमितताओं में संलिप्त मामलों में 11 प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है तथा 23 कार्मिकों को निलंबित किया जा चुका है। 58 मेडीकल स्टोर्स को योजना से असंबद्ध किया गया है। इस सप्ताह अनियमितताओं व गडबडियों में संलिप्त 05 निजी अस्पतालों को योजना से निलंबित करने की कार्यवाही की गई।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि योजना में रही खामियों को दूर कर इसे और बेहतर बनाया जा रहा है। योजनान्तर्गत क्लेम यूनिट व क्लेम रिव्यू कमेटी का हाल ही में गठन किया गया है, जिनके द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी प्रकार आरजीएचएस में एंटी फ्रॉड यूनिट का गठन किया गया है, जो गडबडियों की जांच व अनियमितताओं के विरूद्ध कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि यह देखने में आया है कि कुछ ऐसे अस्पताल जिन्होंने योजना में अनियमितताएं की हैं और उनकी जांच एवं आडिट चल रही है, वे अनुचित दबाव बनाकर भुगतान प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं और योजना के संचालन को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। ऐसे अस्पतालों का चिन्हीकरण कर उनके विरूद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

खींवसर ने कहा कि ज्यादातर अस्पताल योजना की प्रक्रिया और संचालन तथा योजना में किये जा रहे सुधारों की कार्यवाही से संतुष्ट हैं। आमतौर पर योजना में प्रतिदिन औसतन 520 अस्पताल संचालित होते हैं। दिनांक 25 व 26 अगस्त 2025 को 350-400 निजी अस्पतालों द्वारा योजनान्तर्गत रोगियों को सेवायें प्रदान की है। इनमें निजी मेडीकल कॉलेज से जुडे समस्त अस्पताल तथा संभाग व जिला स्तर पर संचालित प्रमुख मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल शामिल हैं। सेवाएं देने से मना करने वाले अस्पतालों के खिलाफ एमओयू के नियमानुसार कडी कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों की आरजीएचएस योजना से संबद्धता निरस्त करने जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि अप्रेल माह से लेकर अब तक आरजीएचएस में अनुमोदित चिकित्सालयों को लगभग 850 करोड़ रूपये का भुगतान आईपीडी, डेकेयर एवं ओपीडी के दावों के विरूद्ध किया जा चुका है। मार्च, 2025 से पहले की अवधि के अधिकांश दावों के भुगतान उन अस्पतालों के बकाया हैं, जिनके खिलाफ अनियमितताएं पाई गई थीं और जिनके सबंध में विभिन्न स्तरों पर जांच, ऑडिट या परीक्षण की कार्यवाही विचाराधीन है। ऐसे 53 अस्पतालों की आईडी वर्तमान में निलंबित है। योजना में अनुमोदित अस्पतालों से संबंधित आईपीडी, ओपीडी, डेकेयर एवं फार्मेसी के 196 करोड़ रूपए के दावे पारित होकर भुगतान की प्रक्रिया में हैं।

## 'सहकार से समृद्धि की क्रियान्वित में राजस्थान का कार्य उल्लेखनीय'

**जयपुर**। सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' की पहलों को क्रियान्वित करने में राजस्थान उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नवीन एम-पैक्स के गठन में राजस्थान ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। साथ ही, राज्य ने कई नवाचार भी किए हैं, जिन्हें अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाया जा सकता है। डॉ. भूटानी मंगलवार को वीसी के माध्यम से 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न पहलों की क्रियान्विति की समीक्षा कर रहे थे।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बैठक में अवगत कराया कि विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के बजट में घोषित 100 में से 76 गोदामों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष गोदामों का निर्माण प्रगतिरत है। वहीं, वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित 100 गोदामों में से 56 की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अब तक नैफेड द्वारा 68 एवं एनसीसीएफ द्वारा 49 गोदामों को किराये पर लेने हेतु आश्वासन पत्र दिया गया है। जिन पैक्स के पास गोदाम निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, उन्हें भूमि उपलब्ध करवाने के लिए जिला कलक्टर्स से अनुरोध किया जा रहा है। राजपाल ने कहा कि राज्य में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इसमें विभिन्न स्तरों पर गैप्स को दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। ऑफलाइन ऑडिट के बाद हुई ऑनलाइन ऑडिट से आंकड़ों में आया अंतर दूर होने के बाद ऑनलाइन ऑडिट में तेजी से प्रगति होगी। उन्होंने बताया कि सहकारिता में सहकार के अंतर्गत 34 अरबन को-ऑपरेटिव बैंकों में से 11 ऑन बोर्ड हो चुके हैं जबकि, 6 बैंकों ने एनयूसीएफडीसी की सदस्यता हेतु आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर गठित तीन बहुराज्यीय संस्थाओं की सदस्यता के संबंध में भी राज्य की अच्छी प्रगति है। भारतीय बीज सहकारी समिति लि. की सदस्यता में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

ARBIT it happens here...



## A Peel of Celebration

Celebrated on August 27, National Banana Lovers Day is dedicated to one of the world's most popular and nutritious fruits. Bananas are not only a delicious snack but also packed with essential nutrients like potassium, fiber, and vitamin B6. This day celebrates banana enthusiasts and the many ways this versatile fruit can be enjoyed, whether blended into smoothies, baked into bread, or eaten straight from the peel. It's also a great time to appreciate the global significance of banana cultivation and the farmers behind it. On this fruity occasion, banana lovers indulge and go bananas for their favourite treat!



#HYDROGEN

# Chuk-Chuk Chalti Rail? No!

India's First Hydrogen Train Successfully Tested at Integral Coach Factory, Chennai!





In a groundbreaking milestone for sustainable transportation, India's first hydrogen-powered train has been successfully tested at the Integral Coach Factory (ICF) in Chennai. This achievement marks a revolutionary step forward in the country's commitment to zero-emission rail travel and a cleaner future.

### A New Era of Rail Travel

The 1,200 horsepower hydrogen-powered train represents the future of eco-friendly locomotion. Designed to operate on the Jind-Sonipat route in Haryana, this innovative train will cover approximately 89 kilometers, providing a clean and efficient mode of transport for over 2,600 daily commuters. Hydrogen trains, known for their quiet operation, zero emissions, and high efficiency, are poised to transform India's vast railway network. Unlike traditional diesel locomotives, hydrogen trains emit only water vapour, significantly reducing pollution and the carbon footprint of public transport.

### 'Hydrogen for Heritage' Mission

This pioneering train is a flagship project of the ambitious 'Hydrogen for Heritage' mission, aiming to introduce 35 more eco-friendly trains across India's heritage-rich and hilly regions. These trains will enable sustainable travel through ecologically sensitive and culturally significant areas, preserving the environment while enhancing connectivity.

### Made in India: Innovation and Sustainability

The development and testing of the hydrogen train at ICF, a premier coach manufacturing facility, highlight India's growing expertise in indigenous innovation and its dedication to the Make in India initiative. This aligns perfectly with the country's larger vision to achieve net-zero emissions and combat climate change.

### Benefits and Impact

**Environmental:** Zero greenhouse gas emissions, contributing to cleaner air and reduced climate impact.

**Economic:** Promotes self-reliance by developing cutting-edge technology domestically.

**Social:** Provides a quiet, efficient, and reliable commuting option for thousands of passengers daily.

### Looking Ahead

With the successful test completed, the hydrogen train is set to roll out soon on the Jind-Sonipat route, marking the beginning of India's hydrogen-powered rail era. This innovation is expected to inspire further advancements in green transportation solutions across the country. India's first hydrogen train is more than just a technological marvel, it's a bold statement of the nation's commitment to a sustainable, clean, and self-reliant future. As the Hydrogen Era officially gets on track, India paves the way for greener journeys and a healthier planet.



# What if Russia wins in Ukraine?



If Russia wins, we should realistically expect the following consequences for Ukraine, Europe, the US, and world peace. Ukraine would be defeated, divided, demoralised and depopulated. The money would not come in to reconstruct the country; instead, another wave of people would leave it. The politics would become rancorous, with a strong anti-Western trend. New possibilities for Russian disinformation and political destabilisation would emerge. Necessary reforms would stall, and hence, also progress towards EU membership.



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

#WORLD ORDER

This article was recently published in a reputed journal. It has more relevance today than even on the day it was published. For the readers of Arbit, it was a must read, and the team decided in favour of our readers. So, read on.

There are human activities in which both sides can win. War is not one of them. Either Ukraine wins this war or Russia does. Ukraine's former foreign minister Dmytro Kuleba says bluntly that unless the current trajectory is changed, 'we will lose this war.'

To be clear: this is still avoidable. Suppose the Ukrainian territory, still controlled by Kyiv, gets military commitments from the West strong enough to deter any further Russian advances, secure large-scale investment in economic reconstruction, encourage Ukrainians to return from abroad to rebuild their country, and allow for stable, pro-European politics and reform. In five years, the country joins the EU, and then, under a new United States administration, starts the process of entering NATO. Most of Ukraine becomes a sovereign, independent, free country, firmly anchored in the West.

The loss of a large amount of territory, the suffering of at least 3.5 million Ukrainians living under Russian occupation and the toll of dead, maimed and traumatised, would amount to a terrible cost. This would not be the complete victory Ukrainians have hoped for and deserve; but it would still be a victory for Ukraine and a historic defeat for Russia. A majority of Ukrainians could come to see it as such. In polling, the Kyiv International Institute of Sociology (KIIS) has shared with me in advance, Ukrainians are asked if to end the war they could (albeit with difficulty) accept the combination of economic reconstruction and European Union and NATO membership for the current territory. In just the past six months, the proportion saying yes has jumped from 47% to 64%.

To try to persuade Europeans to support the necessary policies, but also to understand the consequences if, as seems most likely, they don't do so in time, the question we have to ask is: what if Russia wins?

However, to get to this outcome with Donald Trump in the White House would require a European coalition-of-the-willing to make security commitments of a size and boldness not seen so far. There is a growing understanding of this among European leaders, but the democratic politics in most European countries are miles away from empowering them to do it. If Russia wins, we should realistically expect the following consequences for Ukraine, Europe, the US, and world peace. Ukraine would be defeated, divided, demoralised and depopulated. The money would not come in to reconstruct the country; instead, another wave of people would leave it. The politics would become rancorous, with a strong anti-Western trend. New possibilities for Russian disinformation and political destabilisation would emerge. Necessary reforms would stall, and hence also progress towards EU membership.



A member of the Ukrainian Emergency Service at the City Hall following shelling in Kharkiv, Ukraine.

> Suppose the Ukrainian territory, still controlled by Kyiv, gets military commitments from the West strong enough to deter any further Russian advances, secure large-scale investment in economic reconstruction, encourage Ukrainians to return from abroad to rebuild their country...



Timothy Garton.

Europe as a whole would see an escalation of the hybrid war that Russia is already waging against it, still largely unnoticed by most blithely Christmas-shopping western Europeans. Not a week passes without some incident: a Russian destroyer fires a flare at a German military helicopter; there are exploding DHL packages, sabotage on the French railways, an arson attack on a Ukrainian-owned business in east London; undersea cables in the Baltic Sea are cut; there is a credible death threat to a top German arms manufacturer. Not all can definitely be traced back to Moscow, but many can. Full-spectrum hybrid warfare includes election interference. In Georgia, the election was rigged. In the Moldovan EU referendum, about 9% of the votes were directly bought by Russia, according to the president, Maia Sandu. In Romania, the first round of the presidential election will be re-run because a court found large-scale violation of campaigning rules on TikTok. "Ah, that's eastern Europe!" cries the complacent Christmas shopper in Madrid, Rome or Düsseldorf. But the head of Germany's domestic security service recently warned that Russia will try to interfere in February's German general election, which is hardly marginal to the future of Europe.



> Putin may be indicted by the international criminal court, but he still travels half the world as a welcome guest. He himself has talked of a new 'global majority' and 'the formation of a completely new world order.' In that new order, war and territorial conquest are entirely acceptable instruments of policy.

In December, we saw president Vladimir Putin again supremely confident in his annual end-of-year marathon press conference cum Call-the-Tsar phone-in, despite the recent Ukrainian assassination of his WMD general. His is now a war economy, dependent on military production for sustaining growth, and a dictatorship defined by confrontation with the West. It would be beyond naive to hope that diplomacy can achieve some magical moment when Putin's Russia will suddenly become 'satisfied' with an outcome in Ukraine, and return to peacetime business as usual. When NATO planners say that we should be ready for possible Russian aggression against NATO territory by 2029, they are not simply peddling horror stories so as to increase military budgets. Maga voters in the US may say, "Well, what's all that to us? You Europeans look after yourselves! We have to worry about China." But Russia is now working more closely than ever with China, North Korea and Iran. Putin may be indicted by the international criminal court, but he still travels half the world as a welcome guest. He himself has talked of a new 'global majority' and 'the formation of a completely new world order.' In that new order, war and territorial conquest are entirely acceptable instruments of policy, on a continuum with poisoning, sabotage, disinformation and election interference. Victory for Russia in Ukraine will encourage China to step up its pressure on Taiwan and North Korea's needling of South Korea.

That brings us to the most serious consequence of all: nuclear proliferation. Remember that Ukraine voluntarily gave up its nuclear weapons in 1994, in return for security assurances from the US, the United Kingdom and Russia, and then got hammered by one of the powers that promised it security. In the latest KIIS polling, 73% of Ukrainians support Ukraine 'restoring nuclear weapons.' Remarkably, 46% say that they would do so even if the West imposed sanctions and stopped aid. In effect, Ukrainians are saying to the West: if you won't defend us, we'll (expletive deleted) do it ourselves. On recent visits to Ukraine, I've been told several times, "It's NATO or nukes!" But this is not just about Ukraine. Vulnerable countries around the world, also looking at what is happening in the Middle East, will draw the same conclusion. The more countries, and possibly non-state actors, acquire nuclear weapons, the more certain it is that one day, they will be used. In the German election, Chancellor Olaf Scholz has been shamelessly and shamefully trying to exploit the fear of nuclear war for electoral advantage over his chief rival, the Christian Democrat Friedrich Merz. In fact, it is precisely the consequences of the West's self-deterrence for fear of Russian nuclear escalation in Ukraine, personified by Scholz and skilfully exploited by Putin, that are increasing the likelihood of nuclear proliferation, and therefore, the long-term risk of nuclear war. The conclusion is clear, and depressingly familiar. European democracies' reluctance to pay a high price now means that the world will pay an even higher price later.

rajeshsharma1049@gmail.com



Ukrainian soldiers of the 68th Jaeger Brigade.


#LIVING-HEALTHY

# Daily Skincare Routine



Winter is a time to switch to creamy cleansers. Choose an oil-based foaming cleanser or try cleansing oil. A DIY ground oatmeal scrub with honey is an amazing way to naturally clean and exfoliate.

Winter always brings dry skin that lacks lustre and glow. You must make necessary changes in your skincare routine to fight harsh weather. While the cold wind and windy backdrop seems extremely fascinating to look forward to, you seldom realise the implications it can have on your hair and skin. Winter always brings dry skin that lacks lustre and glow. You must make necessary changes in your skincare routine to fight harsh weather. The cold weather can make your skin dry and dull. Here are quick tips to keep your skin healthy and glowing all through winter.



### 1. Nourish while cleansing

Winter is a time to switch to creamy cleansers. Choose an oil-based foaming cleanser or try cleansing oil. A DIY ground oatmeal scrub with honey is an amazing way to naturally clean and exfoliate your skin. Just grind some dry oatmeal and add milk and honey. Et voila! Your winter face and body scrub is ready.

### 2. Moisturize at least twice a day

Your skin loses moisture very easily in winter. Use a good moisturizer immediately after a warm shower to seal the moisture in. Apply a hydrating mask once or twice a week to save your parched skin. Swap your light moisturizer for something that is richer in texture and deeply nourishing. Maybe, you can try that skin oil that you have been eyeing!

### 3. Wear a sunscreen every day

You will be surprised to know that the winter sun is actually more harmful for your skin. In summer, you feel hot and take cover, limiting your UV exposure. But in winter, you love to sit out all day in the sun. Not only can this aggravate pigmentation, but also prematurely age your skin. Did you know that there is no difference in the amount of UV rays that are present in summer and winter?

### 4. Replenishing care at night

Night time is when your skin repairs itself. Invest in a good nourishing night cream according to your skin concern. Whether it is pigment reduction or anti-aging benefit that you are looking for. Ask your dermatologist to pick out a night cream that has good research backing and proven results. Also, don't forget to slather on some hand and foot butter before you hit the sheets.



### 5. Hydrate yourself well

Do not miss out on your water intake. You might not feel as thirsty because you are not sweating. But not to forget, the 8 glasses of water rule applies in winter too! Lack of water intake immediately reflects on your skin. It can make your skin look dull and dehydrated.

### 6. Eat right

Your skin reflects what you eat. Winters tend to make you hungry. Reach out for dried fruit and nuts when you feel like snacking. Do not forget to include the green leafy vegetables, fruits and millets which will keep your body warm and healthy through winter.




### 7. Sweat it out

Exercise is the key to a radiant skin. Sweating removes toxins from your body. The more you work out and sweat, the more you can see your skin gain a natural glow. You naturally sweat less in winters, so, get in action to bring the glow!

### 8. Get your beauty sleep

Get good sleep, who doesn't love to sleep swaddled in a blanket! Make the most of it and you will avoid dark circles and a hoard of other stress related skin disorders. Winter is a great time to pamper your skin. Let your skin be its dewy best by following the right skin care and making the right lifestyle choices.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार मां-बेटे को कुचला, मौत

## ग्राम टोरडा रामपुरा में अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे बाइक सवार मां-बेटे

**पावटा, (निसं)।** पावटा उपखंड के पावटा कस्बे में मंगलवार को नारेहडा-पावटा स्टेट हाइवे पर कुनेड पण्डितपुरा चौराहा पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टोरडा रामपुरा अपनी बेटी से मिलने जा रहे बाइक सवार मां-बेटे को कुचल दिया। हादसे में युवक रोशन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां चौथी देवी ने जिला अस्पताल कोटपुतली जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दोनों थानागाजी के टोड़ी जोधावास गांव के निवासी थे।



उपजिला अस्पताल पावटा की मोर्चरी के सामने मृतकों के परिजन व सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।

- **घटना के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रैक्टर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया**

हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार में आ रही अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने चौराहा पार करते समय बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो गई व बाइक पर सवार मां-बेटे गंभीर घायल व लहूलुहान अवस्था में सड़क पर गिर गए। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रैक्टर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह रोशन की टोरडा रामपुरा निवासी अपने जीजा सुरेंद्र से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद वह मां के साथ बहन के ससुराल मिलने के लिए जा रहा था। इस दौरान बेटी के घर से तीन किलोमीटर पहले ही हादसा हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने फोन कर एम्बुलेंस को बुलाया व घायलों को पावटा उपजिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने रोशन को मृत घोषित कर दिया व छोटी देवी की गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल कोटपुतली रेफर किया गया, जहां छोटी देवी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। वहीं मां-बेटे के शवों को प्रागपुरा थाना पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उपजिला अस्पताल पावटा की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को घटना की सूचना दी गई। उपजिला अस्पताल पावटा मोर्चरी के सामने मृतकों के परिजन व सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए और अवैध बजरी खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई व मृतकों के परिवार को मुआवजे की मांग करने लगे। उन्होंने मौके पर उच्च अधिकारियों को बुलाने की बात कही। परिजनों ने शवों को लेने से इंकार कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने मांगों के बारे में बताया कि खनन विभाग और पुलिस एक दूसरे को जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ लेते हैं, यही वजह है कि अवैध बजरी से भरे अनियंत्रित वाहनों पर लगाम नहीं लग पा रही है। अवैध खनन बंद होने के बावजूद बजरी का कार्य अवैध रूप से जारी है। किसकी सह पर यह कारोबार किया जा रहा है। अवैध खनन में कौन कौन लिप्त है इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हो, मृतकों के परिवार में पिता फूलचंद वृद्ध व विकलांग है, वहीं एक भाई है। सरकार की ओर से इन्हें आर्थिक संबल प्रदान कर दोनों मृतकों के 50- 50 लाख रुपए सरकार से दिलवाए जाए। दोषियों पर कार्यवाही व अवैध खनन माफियाओं को तुरंत प्रभाव से पाबंद किया जाए।

धरना स्थल पर एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, डीवाईएसपी शिप्रा राजावत, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह पहुंचे, जहां एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय ने परिजनों और ग्रामीणों से समझाइश करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। डीवाईएसपी शिप्रा राजावत ने कहा कि अवैध बजरी खनन करने वाले दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। जिस पर परिजनों व ग्रामीण धरना समाप्त कर शवों को लेने पर राजी हुए।

# नौ वर्षीय मासूम बालक की हत्या, एक आरोपी दस्तयाब

**अजमेर/अंराई, (कासं)।** अराई थाना क्षेत्र में 9 साल के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मंगलवार सुबह से परिजन और माली समाज के लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने किशनगढ़ स्थित यज्ञनारायण हॉस्पिटल पर धरना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। अस्पताल में हंगामे को देखते हुए मौके पर चार थानों का पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। पुलिस द्वारा शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने के बाद बालक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

एएसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस टीमें मामले की जांच में जुटी और चंद घंटे में हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपित को दस्तयाब किया गया है, जिससे पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार अरांई के आकोडिया गांव में रहने वाले धनराज माली का पुत्र खुशीराम सोमवार दोपहर घर से लापता हो गया था। परिजनों और ग्रामीणों ने गांव में काफी तलाश की, लेकिन देर शाम सात बजे घर के ही बाड़े में संदिग्ध हालत में मिला। परिजन उसे किशनगढ़ के यज्ञनारायण अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सरपंच प्रतिनिधि करतार चौधरी ने बताया कि मृतक के सिर पर चोट और गले पर रस्सी के निशान पाए गए हैं। बच्चे की गला दबाकर हत्या की गई है। पिता धनराज माली ने पुलिस को दी शिकायत में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

एएसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि मनोवैज्ञानिक रूप से अनुसंधान करते हुए कड़ी से कडी मिलाकर लगातार भरसक प्रयास करते हुए उक्त बालक खुशीराम की हत्या के आरोप में दीपक (18) पुत्र कालुराम माली निवासी आकोडिया पुलिस थाना अरांई जिला अजमेर को दस्तयाब किया गया है। आरोपी से टीम द्वारा गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# निजी हॉस्पिटल के डॉक्टर ने नाबालिग से दुष्कर्म करने की कोशिश की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले में एक और डॉक्टर की काली करतूत सामने आई है। डॉक्टर ने नाबालिग के साथ रेप करने की कोशिश की, लेकिन जब अपने इरादों में सफल नहीं हुआ तो नाबालिग को मुंह बंद करने की धमकी दी। यह सनसनीखेज मामला भीलवाड़ा जिले से सामने आया है। यहां एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ निजी हॉस्पिटल के डॉ. एसपी शर्मा पर रेप करने की कोशिश का मामला पॉक्सो में दर्ज हुआ है। नाबालिग मेडिकल स्टूडेंट है। छुट्टियां होने के चलते वह हॉस्पिटल में डेढ़ महीने से काम सीख रही थी। मंगलवार दोपहर एक बजे तक नाबालिग ने ड्यूटी की और घर चली गई। डॉक्टर ने शातिर तरीका अपनाते हुए वारदात को अंजाम दिया। उसने शाम को करीब 6.30 बजे नाबालिग की मां के फोन पर मैसेज किया कि हॉस्पिटल भेजो एक केस आया हुआ है। फिर डॉक्टर ने नाबालिग के फोन पर कॉल करके कहा कि आपकी मां को बता दिया है हॉस्पिटल आ जाओ। नाबालिग हॉस्पिटल चली



आरोपी डॉक्टर

गई। वहां से डॉक्टर उसे बहला फुसलाकर घुमाने ले गया। सूनसान रास्ते पर ले जाकर नाबालिग के साथ रेप करने की कोशिश की, लेकिन नाबालिग ने इसका विरोध किया तो डॉक्टर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया। बाद में गिड़गिड़ाने लगा। फिर भी नाबालिग नहीं मानी तो डॉक्टर उसे धमकाने लगा। बाद में वह जैसे तैसे घर पहुंची। इधर, नाबालिग गुमसुम दिखी तो परिजनों ने पूछा। वह रोने लगी। उसने

- **डॉक्टर जब अपने इरादों में सफल नहीं हुआ तो नाबालिग को मुंह बंद रखने की धमकी दी**
- **मेडिकल स्टूडेंट के साथ निजी हॉस्पिटल के डॉक्टर पर रेप करने की कोशिश का मामला पॉक्सो में दर्ज हुआ**

डॉक्टर की करतूत के बारे में बता दिया। परिजन सुभाष नगर थाने में जाकर आरोपी डॉ. एसपी शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। सुभाष थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि पीड़िता के नाबालिग की वजह से पॉक्सो में मामला दर्ज किया है। फिलहाल बयान किए जाने हैं। मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

# तीन लाख पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते दलाल गिरफ्तार

- **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्पेशल इन्वेस्टीगेशन यूनिट क्राईम अगेंस्ट वुमन उदयपुर हितेश मेहता के लिए रिश्वत ली**

**उदयपुर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर की टीम ने हितेश मेहता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्पेशल इन्वेस्टीगेशन यूनिट क्राईम अगेंस्ट वुमन उदयपुर के लिए 3 लाख 50 हजार रूपये रिश्वत लेते उदयुपर में प्राईवेट व्यक्ति दलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जयपुर नगर तृतीय जयपुर इकाई द्वारा मंगलवार को कार्यवाही करते हुए आरोपी प्राइवेट व्यक्ति दलाल शांतिलाल सोनी पुत्र गोपाललाल सोनी निवसी धमाना रोड़ नई हरिजन बस्ती हैप्पी पब्लिक स्कूल के पास कपासन पुलिस थाना कपासन जिला चित्तौड़गढ को 3 लाख 50 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी चौकी जयपुर नगर तृतीय जयपुर को एक शिकायत मिली कि परिवादी द्वारा विक्रय की गई बीएमडब्ल्यू कार की बकाया रूपये दिलवाने में मदद करने व परिवादी द्वारा जरिये कोर्ट मे दर्ज कराये जा रहे प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध चालान पेश करने व सारे मामले को निपटाने की एवज में आरोपी शांतिलाल सोनी व हितेश मेहता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट क्राईम अगेंस्ट वुमन उदयपुर द्वारा 3 लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है, जिस पर रिश्वत मांग सत्यापन के दौरान 3 लाख 50 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग करने के तथ्य प्रकट हुए।

जिस पर एसीबी उप महानिरीक्षक द्वितीय जयपुर आनन्द शर्मा के सुपरविजन में एसीबी जयपुर नगर तृतीय जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञानप्रकाश नवल के नेतृत्व में सुरेश कुमार स्वामी उप अधीक्षक पुलिस एवं अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी शांतिलाल सोनी प्राईवेट व्यक्ति दलाल को हितेश मेहता अतिरिक्त पुलिस अधक्षक के लिए 3 लाख 50 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी की कार्यवाहक महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी शांतिलाल सोनी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। आरोपी हितेश मेहता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की भूमिका संदिग्ध प्रकट हुई है, जिसके संबंध में अलग से विस्तृत अनुसधान किया जावेगा। ब्यूरों ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# जेसीबी चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थाना पुलिस ने पीड़ित के चालक के मकान के सामने खड़ी जेसीबी मशीन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मशीन जब्त की। प्रकरण के अनुसार 22 अगस्त को दिलीप कुमार पुत्र प्यारचंद लौहार निवासी सायरा ने रिपोर्ट दी कि 20 अगस्त को हमेशा की तरह जेसीबी को शराफत अली निवासी सायरा के मकान के सामने खड़ी करके गया। दूसरे दिन शांतिदास को मशीन नहीं मिली। इसकी सूचना पर मौके पर पहुंच कर देखा तो मशीन नही थी। दो माह पूर्व जेसीबी मशीन आपरेटर सोमाराम गरासिया चलाता था जिस पर शंका है। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर एएसआई भवंरसिंह मय टीम ने तलाश कर शांतीदास पुत्र प्रभुदास वैष्णव निवासी गायफल सायरा तथा भेराराम पुत्र रूपाराम गरासिया निवासी मेर का खेत रावछ सायरा को गिरफ्तार किया।

# जवाई व बांडी नदी में पानी आने पर किसानों ने खुशी जताई




सायला के निकटवर्ती आसाना में रपट के ऊपर से नदी बह रही है।

**सायला, (निसं)।** पश्चिमी राजस्थान में गत दिनों हुई मूसलाधार बारिश से सायला क्षेत्र में दो नदियों के आगमन से किसानों सहित ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

गत सप्ताह जालोर, सिरोही व पाली जिले में मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार मूसलाधार तेज बारिश हुई थी। बारिश से नदी नालों में बरसाती पानी बहना शुरू हो गया था। पाली जिले व आहोर क्षेत्र में बारिश से जवाई नदी सोमवार को प्रवाहित होनी शुरू हुई थी, जिसका पानी मंगलवार सुबह बिशनगढ से जवाई नदी में होता हुआ मांडवला,केशवना, ऐलाना, उम्मेदाबाद खरल ओटवाला होता हुआ आगे बढ़ रहा है, जिसकी सूचना ग्रामीणों को मिलते ही ढोल ढमाकों के साथ नदी किनारे पहुंचे तथा पूजा-अर्चना कर उसका स्वागत किया। दिनभर नदी देखने ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। किसानों का कहना है कि नदी बहने से कुंओं का जलस्तर बढ़ेगा, जिससे किसानों को सिंचाई में काफी लाभ मिलेगा तथा फसल भी अच्छी होगी। इसी प्रकार सिरोही क्षेत्र में बारिश से तूरा, आसाना, बोरवाडा, पोषाणा में बांडी नदी के आने से ग्रामीणों ने खुशी जताई। तूरा में रात्रि में नदी बहनी शुरू हो गई थी।

# जवाई बांध का जलस्तर 51 फीट पहुंचा

**पाली, (निसं)।** पाली जिले में मंगलवार को भी कई क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहा। शहर में सुबह और शाम पांच बजे हल्की की बारिश का दौर चला। दिनभर बादल छाए रहे। सोमवार को हुई बारिश के कारण शहर में बांडी नदी फिर चल पड़ी। रपट पर पानी बहने से ऊपरी पुल पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे जाम लग गया। पाली शहर शहर के रेलवे अंडरब्रिज में पानी भरने से आवागमन बाधित हो गया है। बारिश बंद हुई तो भी दो-तीन दिन तक पानी भरा रहता है। वहीं हेमावास बांध पर एक फीट की चादर वापस शुरू हुई। जिले में आधा दर्जन से ज्यादा बांधों पर चादर चल रही है। पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा जवाई बांध मंगलवार को 51 फीट पहुंच गया, जिससे किसानों में खुशी के लहर छा गई है।



पाली के रेलवे अंडरब्रिज में पानी भरने से आवागमन बाधित हो गया।

# भालू ने फॉरेस्टर पर हमला किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जंगली भालू के हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इसके चलते एक व्यक्ति घायल हो गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा। जंगली जानवर के हमले का मामला बदनोर क्षेत्र के बेराट माता मंदिर के जंगल में हुआ है। यहां बदनोर थाने के अंतर्गत जंगली भालू ने फॉरेस्टर भैरूलाल पर हमला कर दिया। जंगली भालू ने भैरूलाल के कान एवं हाथ सहित सिर पर हमला किया।

**राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज :** जैसलमेर जलदाय विभाग के जेइएन पूनम परिहार को चूड़ियां पहनाने और लिपस्टिक लगाने के मामले में शहर कोतवाली थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

पूनम परिहार ने राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज करवाते हुए कहा कि इस घटना के बाद से मानसिक तनाव में हूं। ऑफिस के लोग भी भयभीत हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गौरतलब है कि जैसलमेर शहर स्थित जलदाय विभाग के बीपी टैंक स्थित ऑफिस में शनिवार को पेयजल किल्लत की समस्या के चलते लोगों ने धरना प्रदर्शन किया था। इंदिरा कॉलोनी के निवासियों ने थाली बजाते हुए ऑफिस के आगे विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वहां पहुंचे पूनम परिहार के साथ भीड़ में शामिल महिलाओं ने चूड़ियां पहनाई और लिपस्टिक लगाने का प्रयास किया था।

# छह दशक से भारतीय सरहदों की रखवाली कर रहा मिग-21 फिर से चर्चा में

## रिटायरमेंट से पहले राजस्थान में मिग-21 ने आखिरी उड़ान भरी

**बीकानेर, (निसं)।** रिटायरमेंट से पहले राजस्थान में मिग-21 ने आखिरी उड़ान भरी। एयरचीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह से बीकानेर के नाल एयरबेस से इसमें उड़ान भरी। वे इस मौके पर भावुक भी नजर आए। वहीं, करीब छह दशक से भारतीय सरहदों की रखवाली कर रहा मिग-21 फिर से चर्चा में आ गया है। विंग कमांडर जयदीप सिंह ने बताया कि भारतीय वायुसेना का वर्तमान में ऐसा कोई पायलट नहीं है जिसने इस फाइटर जेट को न उड़ाया हो।

बालाकोट स्ट्राइक के बाद कैप्टन अभिनंदन वर्धमान ने मिग-21 बाइसन से ही एफ-16 को मार गिराया था। ये फाइटर जेट ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी ऑपरेशनल भूमिका में रहा। अब राजस्थान में हल्के लड़ाकू विमान तेजस की तैनाती की चर्चा है। भारतीय वायु सेना के बेड़े में मिग-21 को 1963 में शामिल किया गया था। चंडीगढ़ में स्थापित इसकी पहली स्क्वाड्रन, 28 स्क्वाड्रन, को भारत के पहले सुपरसोनिक लड़ाकू विमान के रूप में "फर्स्ट सुपरसोनिक्स" उपनाम दिया गया था। मिग-21 लड़ाकू विमान को नाम भी इसके डिजाइनर व निर्माता के नाम पर दिया गया। मिग शब्द मिकोयान और गुरेविच का संक्षिप्त रूप है, जो इस विमान के डिजाइनर और निर्माता थे।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बीकानेर के नाल एयरबेस पर सोमवार (25 अगस्त) को मिग-21 में उड़ान भरकर राजस्थान में इसके रिटायर होने की औपचारिक शुरुआत की। इस लड़ाकू विमान ने कई युद्धों में निर्णायक भूमिका भी निभाई। 1971 के युद्ध में, मिग-21 ने ढाका में राज्यपाल के आवास पर हमला किया था, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान ने आत्मसमर्पण कर दिया। इस विमान ने दुश्मन के लड़ाकू विमानों की कई पीढियों को मार गिराया है। इसमें साल 1971 में इ-104 से लेकर 2019 में इ-16 तक के फाइटर जेट शामिल हैं। जिस इ-16 को मारा गया था वो पाकिस्तानी एयरफोर्स का था, जिसे अमेरिका से खरीदा गया था। सिंह ने बताया कि भारतीय वायु सेना का लगभग हर

- **भारतीय वायुसेना का वर्तमान में ऐसा कोई पायलट नहीं है जिसने इस फाइटर जेट को न उड़ाया हो : विंग कमांडर जयदीप सिंह**
- **बालाकोट स्ट्राइक के बाद कैप्टन अभिनंदन वर्धमान ने मिग-21 बाइसन से ही एफ-16 को मार गिराया था, ये फाइटर जेट ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी ऑपरेशनल भूमिका में रहा**
- **वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बीकानेर के नाल एयरबेस पर मिग-21 में उड़ान भरकर राजस्थान में इसके रिटायर होने की औपचारिक शुरुआत की**

पायलट, अन्य विमानों की ओर रुख करने से पहले मिग-21 उड़ा चुका है। मिग-21 को साल 2025 की शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर में भी ऑपरेशनल भूमिका में तैनात किया गया था। अब इस फाइटर जेट को रिटायर करने की शुरुआत राजस्थान से कर दी गई है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बीकानेर के नाल एयरबेस पर सोमवार (25 अगस्त) को मिग-21 में उड़ान भरी। अब 19 सितंबर को मिग-21 लड़ाकू विमान को चंडीगढ़ एयरबेस पर मिग-21 का मुख्य विदाई कार्यक्रम होगा।

मिग-21 का रिकार्ड शानदार रहा, लेकिन पिछले कुछ दशकों में हुए हादसों ने इसे बदनाम कर दिया। पिछले 60 सालों में 400 से ज्यादा मिग-21 क्रैश हुए, जिनमें 200 से ज्यादा पायलटों को जान गंवानी पड़ी। पुराने पुर्जों और तकनीक की वजह से इसका रखरखाव मुश्किल हो रहा था। इस वजह से मिग-21 को 'फ्लाइंग कोफिन' या 'उड़ता ताबूत' कहा गया।

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से छह हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस मिल जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2021 में वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए जेट की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48000 करोड़ रुपए का सौदा किया था। मंत्रालय 67000 करोड़ रुपए की लागत से 97 और एलसीए एमके-1ए खरीदने की प्रक्रिया में है। तेजस एकल इंजन वाला बहु-उपयोगी लड़ाकू विमान है, जो उच्च-खतरे वाले हवाई क्षेत्रों में संचालन में सक्षम है। तेजस एमके-1ए एक विश्व-स्तरीय विमान है, जो उच्च गुणवत्ता वाले रडार, इलेक्ट्रानिक युद्ध प्रणाली और कई तरह की मिसाइल से युक्त है। इन दिनों आकाश में तेजस, तेजस एमके2, राफेल, सू-30 पहले से ही उड़ान भर रहे हैं।

# किसान के घर से 51 लाख के जेवर चोरी

**बीकानेर, (निसं)।** चोरों ने किसान के घर से 51 लाख के जेवर चुरा लिये और फरार हो गये। पुलिस को दो चोरों के खिड़की से घुसने का अंदेशा है। किसान और उनकी पत्नी घर में ही सो रहे थे। इस दौरान देर रात चोर घुसे और लोहे की संदूक के ताले तोड़ कर ज्वेलरी ले गए। मौके पर डॉग स्क्वॉड और एफएसएल की टीम ने सबूत जुटाए हैं।

दंतौर एसएचओ जेठाराम मेघवाल ने बताया कि किसान मनीराम डारा के घर से 40 तोला सोना और 31 तोला चांदी की चोरी हुई है। जब चोरी घुसे तो दोनों पति-पत्नी घर पर अकेले ही थे। उनके बेटे दोनों फौज में हैं। सूचना पर यहां पहुंचे और मौके पर डॉग स्क्वायड बुलाई, जो घर के अंदर और बाहर छानबीन कर रही है। दंतौर पुलिस को मौके से पैरों के पद चिन्ह मिले हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है, जिसके आधार पर चोरों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घर की खिड़की को तोड़कर चोर घर में घुसे और अलमारी में रखे सोने और चांदी के जेवरात निकाल लिए। सोने और चांदी के अलावा करीब डेढ़ लाख रुपए नगद भी पड़े थे, जो चोर ले गए। माना जा रहा है कि चोरी करने वाले दो लोग थे।

# प्लॉट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने इस्तागासे के जरिये दर्ज कराये गये धोखाधड़ी के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी ने परिवादी से प्लॉट बेचने के नाम पर 3 लाख 60 हजार रूपये की धोखाधड़ी की थी।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने वांछित भूखंडों की फर्जी रसीद देकर धोखाधड़ी करने के मामले में शातिर आरोपी भवानी शंकर योगी को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि परिवादी अमन वर्मा ने न्यायालय में इस्तागासा पेश किया जिसके आधार पर न्यायालय से परिवाद मिला, परिवादी ने परिवाद में कहा था कि काला तालाब निवासी भवानी शंकर योगी ने परिवादी को साईनाथ रेजिडेंसी कालातालाब उर्फ रंगतालाब में प्लॉट संख्या 12, पैमाईश कुल एरिया 552 वर्ग फुट का बेचान 4 लाख 40 हजार में करने का करार किया था। उक्त इकरारनामे की पालना में परिवादी ने भवानीशंकर योगी को 3 लाख 60 हजार का भुगतान कर दिया तथा शेष राशि भी देने का तैयार था लेकिन आरोपी ने उक्त प्लाट की ज्यादा रेट मिलने पर प्लॉट का बेचान अन्य व्यक्ति को कर दिया। परिवादी ने परिवाद में कहा कि कई बार उसने भवनी शंकर से संपर्क किया तो आरोपी ने उसे आश्वासन दिया कि वह उसे अन्य स्थान पर उक्त राशि में ही प्लॉट उपलब्ध करा देगा, लेकिन इसके लिये उसको पूर्व में किये गये प्लॉट के सौदे को कैन्सिल करवाना होगा और परिवादी ने आरोपी की बातों में आकर 11 दिसम्बर 2024 को पूर्व में प्लॉट को लेकर किये गये सौदे को कैन्सिल कराने का एग्रीमेंट कर लिया। परिवादी ने कहा कि जिसके बाद आरोपी भवानी शंकर ने परिवादी को अन्य स्थान पर प्लॉट नही दिलाया, जिस पर परिवादी ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराने की बात कही तो आरोपी ने उसे आश्वासन दिया कि वह उसको 3 लाख 60 हजार का चैक दे देगा और आरोपी ने जो चैक दिया वह भी बैंक में बाउंस हो गया। शहर एसपी ने बताया कि 18 जुलाई को मिले परिवाद पर आरोपी भवानीशंकर योगी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए आरोपी कालातालाब निवासी भवानी शंकर योगी (47) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

## संक्षिप्त

### सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** वनस्थली ग्राम पंचायत के गांवों में हुई अतिवृष्टि को लेकर किसानों की फसलों का सर्वे करवाकर मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक कमल बैरवा के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि वनस्थली ग्राम पंचायत के सभी गांवों में अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसले पूर्ण रूप से चौपट हो गई है। उन्होंने अतिवृष्टि के कारण किसानों की चौपटहुई फसलों का शीघ्र सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामराय मीणा, पूर्व सरपंच श्रीराम चौधरी, हंसराज शर्मा वनस्थली, विनोद सेन वनस्थली, पूर्व पार्षद रामूमाथुर, छोटूलाल यादव, हीरालाल यादव, कालूराम लूनिया, विशाल यादव, बद्रीलाल प्रजापत, मथुरालाल, रमेश गुर्जर, धर्मवीर जगसरा, सूरज चौधरी, शिवशंकर व विनोद सिंगवाडिया सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### दसलक्षण महापर्व कल से

**निवाई।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में शहर के सभी जिनालयों में रोट तीज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैन धर्म प्रचारक सुनील भाणजा एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि रोट तीज पर्व को लेकर मंदिरों में तीस चौबीसी विधान मंडल, अभिषेक व शांतिधारा सहित अनेक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि मंदिरों में भादौ शुक्ल तृतीया पर चौबीस महाराज की तीस चौबीसी पूजा अर्चना की गई। उन्होंने बताया कि जैन समुदाय में रोट तीज का त्यौहार का बड़ा ही महत्व है। उन्होंने बताया कि रोट तीज के दिन पूजा करने से लक्ष्मी अटल रहती है। इस दिन महिलाएं रोट तीज का व्रत एवं उपवास रखती है। श्री दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर एवं सहस्कुट विज्ञातीर्थ सहित सभी जैन मंदिरों में 28 अगस्त से दसलक्षण महापर्व आरंभ होंगे। जो 6 सितंबर तक चलेंगे। इस दौरान दिगंबर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे।

### अलग-अलग मामलों में चार गिरफ्तार

**निवाई।** एरिया डोमिनेशन अभियान को लेकर निवाई थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध शराब रखने के आरोप में एक जने को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार दो स्थाई वारंटियों व शांति भंग के आरोप में एक गैर सायल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब रखने के आरोप में रामप्रसाद पुत्र गिरधारी बावरिया निवासी अमरपुरा पुलिस थाना पचेवर को बिना लाईसेंस के अवैध हथकढ दो लीटर शराब के साथ मोदी विस्तार कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार स्पेशल व लोकल माईनर एक्ट में विनोद पुत्र हरिराम बैरवा निवासी भैरूजी के मंदिर के पास गांव झिलाय व कमलेश पुत्र छीतरमल माली निवासी टोडी हरमाडा जिला जयपुर व एक स्थाई वारंटी पूरणमल पुत्र लादुलाल जाट निवासी भांवती को न्यायालय के आदेशों की पालना में गिरफ्तार किया है।

### पौधारोपण किया

**निवाई।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार की पहल "मेरा युवा भारत के अंतर्गत टोंक जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# किशनगढ़ बास में आधे घंटे की बारिश से बाजार में भरा पानी, सड़कें हुई जलमग्न



किशनगढ़ बास के मुख्य बाजार में भरा पानी।

- नालों की अधूरी सफाई और अतिक्रमण मुख्य कारण

**किशनगढ़ बास।** किशनगढ़ बास शहर में हर साल बरसात का मौसम आते ही जलभराव की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। सोमवार को हुई महज 30 मिनट की तेज बारिश ने एक बार फिर नगर पालिका और प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। गंज रोड और मुख्य बाजार की सड़कें नदी-नाले का रूप ले बैठीं। ऐसा दृश्य देखने के लिए कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बल्कि शहरवासी और राहगीर सड़क पर खड़े होकर ही बाघ की ऊपरा जैसी धारा बहते पानी का नजारा देख सकते हैं और कई लोग तो फोटो और वीडियो भी शूट करते नजर आए लेकिन जहां एक ओर यह दृश्य आम लोगों के लिए रोमांचक और देखने लायक होता है, वहीं दूसरी ओर बाजार में व्यापार करने वाले दुकानदारों के लिए यह किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं।

30 मिनट की बारिश में कई दुकानों के भीतर पानी भर गया। बारिश थमने के बाद दुकानदारों को घंटों तक पानी निकालने में मशक्कत करनी पड़ी।

गंज रोड और मुख्य बाजार में बरसात के दिनों में पानी भरने की समस्या कोई नई नहीं है। यह समस्या वर्षों से चली आ रही है और इसका मूल कारण अधिकारी और जनप्रतिनिधि सभी जानते हैं। समय-समय पर अधिकारियों की ओर से समाधान के प्रयास भी हुए, लेकिन हर बार यह प्रयास अधूरे रह गए। आखिर किस दबाव या कारण से अधिकारी रुक जाते हैं, यह तो वही बेहतर जानते हैं, लेकिन हकीकत यही है कि जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान आज तक नहीं हो पाया।

हर साल मानसून शुरू होने से पहले नगर पालिका लाखों रुपए खर्च कर नालों की सफाई करवाने का दावा करती है। इस बार भी करीब 25 लाख रुपए नालों की सफाई पर खर्च किए गए। आनन-फानन में किए गए इन कार्यों को लेकर नगर पालिका ने दावा किया कि बरसाती पानी की निकासी में दिक्कत नहीं होगी। लेकिन पहली ही जोरदार बारिश ने सफाई कार्यों की हकीकत सामने ला दी।

पार्षदों का आरोप है कि नालों की सफाई अधूरी की गई और केवल खानापूर्ति हुई। कई नालों की गंदगी ज्यों की त्यों बनी रही, जिससे पानी की निकासी अवरुद्ध हो गई। पार्षदों ने इस पूरे मामले में भ्रष्टाचार के आरोप तक लगाए, लेकिन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों ने कई बार एसडीएम, नगर पालिका ईओ और अध्यक्ष से मिलकर जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग उठाई। लोगों का कहना है कि पानी निकासी के रास्तों पर स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण होने से पानी बाहर नहीं निकल पाता। यदि इन अतिक्रमणों को हटाया जाए और नालों की सही तरह से सफाई की जाए तो समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। इसके बावजूद अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए। नतीजतन हर साल बरसात के दिनों में गंज रोड और मुख्य बाजार की सड़कें तालाब जैसी स्थिति बना देती हैं और दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

## वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए

- यातायात पुलिस ने लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया

**भरतपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस ने लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बिजली घर चौराहे पर वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए और उनसे नियमों का पालन करने की अपील की गई। सीओ ट्रैफिक नरेंद्र कुमार ने बताया कि यह अभियान ट्रैफिक पुलिस और सैनी मिठाई के सहयोग से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि हर साल सड़क हादसों में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है, जिनमें से अधिकांश हेड इंजरी के कारण होती है। यदि लोग हेलमेट पहनकर सफर करें तो ऐसी मौतों को काफी हद तक रोका जा सकता है। हेलमेट सिर को गंभीर चोटों से बचाने में सहायक होता है और जिंदगी सुरक्षित बनाता है।

इस अवसर पर उदय सैनी ने भी लोगों को हेलमेट के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल कानून के डर से नहीं पहनना चाहिए, बल्कि यह अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य समाज में यह संदेश फैलाना है कि सुरक्षित सफर ही जीवन की गारंटी है। वहीं, हेलमेट प्राप्त करने वाले वाहन चालकों ने कहा कि उन्हें अब इसकी अहमियत समझ में आई है और वे आगे से बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाएंगे। उनका कहना था कि सड़क हादसों में हेलमेट जान बचाने में सबसे बड़ी ढाल साबित होता है। इस अभियान के जरिए पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि यातायात नियमों का पालन और हेलमेट का उपयोग सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय है।

### ज्ञापन सौंपा

**निवाई।** शहर की बापू नगर कॉलोनी के मकानों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के तार को हटाने की मांग को लेकर कॉलोनीवासी शिक्षिका अंजू बाला शर्मा, गिरिराज मीणा, कमलेश पारीक, महेश पारीक, सीताराम राजवंशी, मोहित सैनी, आशीष जायसवाल, दिनेश मंगल, दिनेश जोशी, सूरजमल जाट व मंजू शर्मा सहित कई कालोनी वासियों ने विद्युत वितरण निगम के अधिशाषी अभियंता नंदकिशोर खींची को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि 5 वर्ष पूर्व घरों के सामने से 11 हजार केवी हाई टेंशन लाइन का खुला तार डाल दिया गया था। उस वक्त इसका विरोध किया गया। इसके बाद भी तार डाल दिया गया। इस लाइन से कई बार हादसे हो चुके हैं। शिक्षिका अंजू बाला शर्मा ने बताया कि 24 अगस्त की शाम को करीब 6 बजे उसके घर में अचानक विस्फोट होने जैसी तेज आवाज आई और चिनगारियां उठने लगी। ज्ञापन में उक्त हाई टेंशन विद्युत लाइन के तार को अन्यत्र स्थानांतरित करने, घरों में हुए नुकसान का मुआवजा देने व लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की गई है।

## त्रिनेत्र गणेश जी का तीन दिवसीय मेला प्रारंभ

**बौंली- बामनवास।** देश के प्रसिद्ध लक्खी मेलों में शामिल रणथंभौर श्री त्रिनेत्र गणेश जी मंदिर पर लगने वाला तीन दिवसीय मेला मंगलवार 26 अगस्त से प्रारंभ हो गया। मेला स्थल का मुख्य द्वार खुलते ही पैदल यात्री व अन्य श्रद्धालुओं का समूह गणेश जी के जयकारों के साथ मंदिर के दर्शन करने पहुंचने लगे हैं। मेला 26 अगस्त से 28 अगस्त तक भरेगा, मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए करीब 50 निशुल्क भंडारे विभिन्न संगठनों एवं भक्तों द्वारा लगाए गए हैं, 3 दिन तक 24 घंटे श्रद्धालु प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश जी के दर्शन कर सकेंगे, इसके लिए जिला प्रशासन ने करीब 15सो से अधिक पुलिस, प्रशासन, वन विभाग, सिविल डिफेंस व अन्य टीमों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया है, प्रशासन द्वारा करीब 50 सीसी टीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मंगलवार को मेला प्रारंभ होते ही जिला कलेक्टर कानाराम, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, डीएफओ रामानंद भाकर सहित अन्य अधिकारियों ने गणेश धाम से जोगी महल तक संपूर्ण मेला मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, भारी वर्षा के कारण मेला मार्ग अनेको जगह से क्षितग्रस्त हो गया था जिसे प्रशासन ने जवानों की सहायता से दो दिन तक दिन-रात कड़ी मेहनत करके पैदल आवागमन के लिए सुगम बना दिया है। जिला प्रशासन ने वन विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर निर्णय लेते हुए त्रिनेत्र गणेश जी पैदल परिक्रमा मार्ग को भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया है, जिससे प्रतिवर्ष गणेश जी की पैदल परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं में खुशी के लहर दौड़ गई, लेकिन प्रशासन ने श्रद्धालुओं से पैदल परिक्रमा मार्ग में समूह के रूप में जाने की अपील की है एवं जगह-जगह जवानों को तैनात कर टाइगरों से बचाव का प्रबंध किया गया है। फिलहाल राष्ट्रीय नेशनल पार्क में निचले स्तर पर पानी भर जाने के कारण सभी वन प्राणी पर्वत श्रृंखला के ऊपर बने गुफाओं में शरण लिए हुए हैं इस कारण फिलहाल कोई खतरा श्रद्धालुओं के लिए नजर नहीं आ रहा है। अनेकों टीमों को प्रमुख पानी के स्त्रोतों व स्नान करने के आसपास तैनात किया गया है।

## जिले को मिलेंगी सभी बुनियादी सुविधाएँ : भूपेंद्र यादव



भूपेंद्र यादव ने खैरथल-तिजारा से आए जाटव समाज संस्थान के सदस्यों से संवाद किया।

अलवर। अलवर सांसद और केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने खैरथल-तिजारा से आए जाटव समाज संस्थान के सदस्यों से संवाद किया।

अपने वक्तव्य में यादव ने कहा कि शिक्षा और खेल के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाना उनका उद्देश्य है। जाटव समाज संस्थान की खैरथल-तिजारा में महिला छात्रावास की मांग का उत्तर देते हुए यादव ने कहा कि केवल छात्रावास ही नहीं, क्षेत्र में महिलाओं की शिक्षा से लेकर कौशल विकास और छोटे उद्योग खड़े करने में मदद देने जैसे सभी प्रयास उनकी प्राथमिकताएँ हैं। यादव ने कहा कि वे खैरथल में एक महिला कौशल विकास केंद्र बना रहे हैं जहाँ न सिर्फ महिलाओं को प्रशिक्षण मिलेगा बल्कि उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को मार्किट देने का प्रयास भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग सेंटर में महिलाओं को पॉटरी, कढ़ाई और जूतियाँ जैसे उत्पाद बनाने में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यादव ने कहा हम महिलाओं को अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने में भी सहयोग करेंगे। इसके साथ अपने उत्पाद को बेचने के लिए बाज़ार मुहैया कराने की भी चिंता करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, खैरथल मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ है इसलिए वहाँ पार्किंग, कार्यालय जैसी बुनियादी सुविधाएँ अनिवार्य हैं। जिले का मुख्यालय इन बिंदुओं को ध्यान में रखकर सभी की सहमति लेकर बनाया जाएगा।

## अलवर में रोज खुलने वाला महा लक्ष्मी मटका पुलिस की आंखों से दूर

- पिछले 15 सालों से नया बास निवासी एक व्यक्ति लगातार महालक्ष्मी नामक मटका चला रहा

**अलवर।** अपराधों पर लगाम लगाने और अपराधियों में भय पैदा करने का दावा करने वाले अलवर जिले में 15 साल से करीब आठ से दस पुलिस अधीक्षक आए और गए लेकिन आज तक किसी भी पुलिस अधीक्षक यहां रोजाना खुलने वाला महालक्ष्मी मटके को बंद नही करवा पाया है । अब नए एसपी चौधरी क्या इस मटके पर लगाम लगा पाएगे यह एक अलवर की जनता के लिए एक दक्ष प्रश्न है।

15 सालों से नया बास निवासी एक व्यक्ति लगातार महालक्ष्मी नामक मटका चला रहा है जिसके चलने से शाम पांच बजते ही मटके की खबर जानने के लिए सट्टा खेलने वाले युवकों की भीड़ शहर के चौराहों पर एकत्रित हो जाती है। मटका किंग की जानकारी अलवर पुलिस को नही है पुलिस पूरी तरह से जानती है कि यह मटका किंग कौन है और कहा इसका काला बाजार चलता है लेकिन पुलिस के तेज तर्रार नेन आज तक इस मटके को नही खोज पाए। लोगों का कहना है कि सट्टा किंग से पुलिस की सांठगांठ है मोटी मंथली के कारण पुलिस उक्त सट्टा किंग पर कोई कार्यवाही नही कर रही है। यहां पर आपको बता दे कि महालक्ष्मी सट्टा मटका में रोज लोग इस उम्मीद में अपनी कमाई का मोटा हिस्सा लगा देते है कि हो सकता है उनका नंबर लग जाए लेकिन उन्हें क्या पता कि सट्टा किंग अपने मटके में वही नंबर खोलता है जिसे लोगों ने या तो खेला नही या फिर कुछ ही लोगों ने लगाया हो इसी कारण से आज मात्र 15 सालों में यह सट्टा किंग अरबपति बन गया है।

# शाहपुरा उप जिला चिकित्सालय के मैन गेट के छज्जे का प्लास्टर गिरा



हादसे के बाद हरकत में आये प्रशासन ने मैन गेट के छज्जे को ड्रिल मशीन से तुड़वा दिया।

- अस्पताल में बड़ा हादसा होने से टला, एक युवक घायल हुआ, अस्पताल में भर्ती कराया
- अस्पताल को बने लंबा समय होने के कारण भवन की छत में कई स्थानों से चूने ने जगह छोड़ दी

**शाहपुरा।** शहर के लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल राजकीय उपजिला चिकित्सालय में एक बार फिर चिकित्सालय प्रशासन की लापरवाही मरीजों पर भारी पड़ती नजर आई। मंगलवार को करीब 11:30 हॉस्पिटल समय में मैन गेट के छज्जे का प्लास्टर गिर गया, जिससे युवक के सिर व पैर में चोट आई। युवक को घायल अवस्था में हॉस्पिटल की इमरजेंसी में दाखिल किया।

जानकारी के अनुसार हॉस्पिटल का उद्घाटन राजस्थान के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे मोहनलाल सुखाड़िया ने 5 फरवरी 1969 को किया था। अस्पताल को बने लंबे समय होने के कारण भवन की छत मे कई स्थानों से चूने ने जगह छोड़ दी। मेन गेट के छज्जे से चूना कई दिनों से झड़ रहा था। यहां तक की गत 5 दिन पूर्व अस्पताल में निरीक्षण करने आए संयुक्त निदेशक को भाजपा नेता उपेन यादव ने छज्जे की जर्जर स्थिति से अवगत भी कराया था और चेताया था कि अगर इसकी शीघ्र इसकी मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी हादसा हो सकता है। संयुक्त निदेशक ने बीच चिकित्सालय प्रभारी पीएमओ डॉक्टर विनोद योगी को इसको गंभीरता से लेने की बात कही थी। बावजूद इसकी और किसी भी न ध्यान नहीं दिया और मंगलवार सुबह हॉस्पिटल समय में ही छज्जा पत्नी को दिखाने आए भाबरू निवासी एक युवक विनोद बुनकर के सिर पर गिर गया। जिससे वह घायल हो गया और उसे अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज के लिए भर्ती किया गया।

### नाम परिवर्तन

मैं आशा गवलानी, पत्नी स्व. श्री भगवान दास शर्मा, यह कि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम ASHA GAVLANI दर्ज है तथा PNB METlife INSURANCE POLICY में मेरा नाम ASHA हैं। यह दोनों नाम एक ही महिला के हैं।

I have changed my name from Sushil Kumar katariya to Sushil kumar kataria for all porpuse. R/o Kanchan villa mahaveer colony jhilay road Newai Tonk. (Raj.)

I have changed my name from Prabha Devi katariya to Prabha Devi kataria for all purpose. R/o Kanchan villa mahaveer colony jhilay road Newai Tonk. (Raj.)

I smt Suresh Kumari legally wedded spouse fo Navy no 162255N Rank petty officer Late Ramesh Kumar S/o Ram singh resident of plot no 13A ragunath vihar Sirsi road panchyawala Jaipur that I want change my name which is wrongly entered in my husband service record from SURESH KUMARI TO SURESH DEVI vide affidavit dated 25/8/25 before district sub divisional megistrate Jaipur south.

मैं रिषिराज सिंह शेखावत, निवासी 32, तिलक विहार, गोकुलपुरा, झोटवाड़ा, जयपुर। मेरी 10वीं और 12वीं की मार्कशीट में मेरी मां का नाम पुष्पा गलत दर्ज है। मेरी मां का सही नाम पुष्पा राठौड़ है।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


### खोया-पाया

मैं शिव कुमार चौधरी s/o केशर लाल चौधरी निवासी जाटों की ढाणि रामनगरिया जयपुर से हूं कि मेरा प्लॉट का पट्टा सरोज तेवतिया w/o राजवीर सिंह चौधरी के नाम से प्लॉट संख्या B-58 बैंक ऑफिसर्स कॉलोनी जगतपुरा का ज.वि.प्रा. से जारी किया था. मेरे से कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें. 9414008359

मैं अनिता कंवर, निवासी प्लॉट नं. 19, मेजर बन्ने सिंह कॉलोनी, खातीपुरा, सूचित करती हूं कि उक्त प्लॉट की रजिस्ट्री मेरे नाम है, परंतु उसी प्लॉट का 1550 का पट्टे का स्टाम्प पेपर गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें - 9928700259

**प्रपत्र संख्या 7**
**( देखिये नियम 21 )**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( प्रथम )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**

**मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-1TRUST/2025/492**

चूँकि प्रार्थी श्री अनिल कुमार भार्गव, साईंस पार्क, टी.बी. हॉस्पिटल रोड, शास्त्री नगर, जयपुर-302016 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास दी रोज सोसायटी ऑफ राजस्थान, साईंस पार्क, टी.बी. हॉस्पिटल रोड, शास्त्री नगर, जयपुर-302016 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है, की वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख के साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गयी तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जायेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 24-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधिन जारी किया गया। आइन्दा तारीख पेशी 29/09/2025

**सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम**

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
**व्यवहार मिश्रित ( मुत्तफरिक ) वाद सं.01/2025**

**विषय :** उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
**प्रार्थी-** नाम शरद सेठ पुत्र श्री सुभाष चन्द्र खत्री प्लाट नं. 149, शंकर कोलोनी, नया खेड़ा, विद्याधर नगर जयपुर (राज.)
**विवाद स्थान** हाल निवासी प्लाट नं. 529/272, रहीम नगर महानगर लखनऊ (यूपी.)
मृतक सपना सेठ पत्नी शरद सेठ पुत्री श्री रमेशचंद सहगल, प्लांट नं. 149, विद्याधर नगर, जयपुर राज. हाल निवासी प्लांट 529/272, रहीम नगर, लखनऊ (यूपी)
**दिनांक** 08-09-2025 पुत्री स्व. श्री रमेश चन्द्र सरगना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्राथी/प्रार्थीगण ने इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम सपना सेठ पुत्री स्व. श्री रमेशचन्द्र सहगल खत्री निवासी प्लाट नं. 529/272, रहीम नगर, लखनऊ (यूपी) का उत्तरधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे। अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक.....माह....सन् 20.... को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 21 माह 07 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

रीडर
एडमिनिस्ट्रटर जनरल
राजस्थान, जयपुर

**जिला उपभोक्ता विवाद परितोष आयोग जयपुर शहर, जयपुर प्रथम EA/41/24**
**नोटिस अंतर्गत धारा 71 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019**

श्री चोपड़ा साउंड विरुद्ध साहिल कार्गो मूवर्स बनाम श्री प्रबंधक मुकेश शर्मा पता- 2102 बोराज हाउस, बोराज ठाकुर का रास्ता, किशनपोल बाजार जयपुर, चुकी इस फर्म द्वारा दिनांक 13/5/ 2022 को उक्त प्रार्थी के पक्ष में व अप्रार्थी के विरुद्ध आदेश पारित कर निर्देश दिया गया था अप्रार्थी विपक्षी माल की वास्तविक कीमत 35,000 उसकी बुक करने की दिनांक 18/ 3/ 2024 से अदायगी 12 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज दर सहित अदा करें। इसके अतिरिक्त प्रार्थी को विपक्षी शारीरिक व मानसिक वेदना व आर्थिक क्षति की क्षतिपूर्ति स्वरूप 15000 की राशि व परिवार खर्चा पेट 10000 की राशि अदा करें जिसकी अनु अनुपालना आप द्वारा अभी तक नहीं की गई है। अत: आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 29/8/2025 को आप स्वयं आयोग के समक्ष उपस्थित होकर बताएं कि अन्यथा आपको 10,000 अक्षरे दस हजार रुपये के अर्थदंड तथा 3 वर्ष के कारावास से क्यों नहीं दंडित किया जाए। आगह रहे कि आप यदि उक्त दिनांक 29.8.2025 को उपस्थित नहीं हुई तो आपको वारंट गिरफ्तारी से तलब किया जाएगा।

मोहर अदालत

डा. सुमेसिंह यादव
जिला उपभोक्ता विवाद परितोष आयोग, जयपुर प्रथम एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम वर्ग जयपुर

**आम सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री राजेन्द्र चौधरी पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र चौधरी निवासी-69/376, वी.टी. रोड चौराहा, मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जिला जयपुर के स्वामित्व व अधिकार का प्लाट नम्बर 69/376 के मूल दस्तावेजात की सम्पूर्ण फाईल जिनमे असल दस्तावेजात रखे थे दिनांक 24.08.2025 को कही गुम हो गये है। जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट मेरे अभिभाष्य द्वारा पुलिस थाना वरूण पथ, मानसरोवर, मे दिनांक 25.08.2025 को दर्ज करवायी है। जिसके परिवाद संख्या 078780332501773 एवं परिवाद रजि. क्रमांक 1694 है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि को उक्त प्लाट के बाबत किसी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर भीतर मेरे अभिभाष्य से सम्पर्क कर लेवे बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति व एतराज मान्य नहीं होगा।

जयपुर भवदीय
दिनांक 25/8/25 ( सुरेश कुमार शर्मा ) एडवोकेट

**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक: 6574 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 26.08.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 261/404 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री उमेश अग्रवाल पुत्र श्री प्रभुदयाल अग्रवाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 5837 दिनांक 15.10.2003 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 7501 दिनांक 20.11.2003 को जारी किया गया। श्री उमेश अग्रवाल द्वारा श्री रामकिशोर मीणा पुत्र श्री अर्जुनलाल मीणा को दिनांक 05.04.2007 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री रामकिशोर मीणा के द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से श्री उमेश अग्रवाल के पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहाँ दिनांक 14.05.2007 को पंजीकृत करवाये गये। श्री रामकिशोर मीणा द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 28.01.2011 के द्वारा श्रीमती सन्तोष देवी पत्नी श्री रामकिशोर मीणा को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्रीमती सन्तोष देवी पत्नी श्री रामकिशोर मीणा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती सन्तोष देवी पत्नी श्री रामकिशोर मीणा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। **संपदा प्रबंधक, वृत प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर**

**कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन,**
**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर
क्रमांक-एफ ()/न.नि.ज.ग्रेटर/मा.न.जोन/2024/1513 दिनांक 21/8/20525

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री कल्पेश भाई पटेल पुत्र श्री रमेश भाई पटेल द्वारा भूखण्ड संख्या 115, योजना स्कीम नं0 01 सोसायटी सैन कॉलोनी गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर क्षेत्रफल 222.22 वर्गगज भूमि का नाम हस्तानान्तरण चाहा गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा दिनांक जुलाई 2000 भूखण्ड संख्या 115, योजना स्कीम नं0 01 सोसायटी सैन कॉलोनी गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर क्षेत्रफल 222.22 वर्गगज का पट्टा विलेख श्री रमेश भाई पटेल पुत्र श्री जयन्ती लाल के पक्ष में जारी किया गया। श्री रमेश भाई पटेल पुत्र श्री जयन्ती लाल की मृत्यु दिनांक 27.11.2000 को हो गई थी। श्रीमती सुमन बेन पत्नी श्री रमेश भाई पटेल, वन्दना पटेल पुत्री श्री रमेश भाई पटेल पत्नी श्री केनन पटेल द्वारा जरिये रजिस्टर्ड हक त्याग के द्वारा अपने-अपने 1/3 हिस्से का हक त्याग श्री कल्पेश भाई पटेल पुत्र श्री रमेश भाई पटेल के पक्ष में किया गया। आवेदक के द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत किये गये अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति के आधार पर भूखण्ड सं. 115, योजना स्कीम नं. 01 सोसायटी सैन कॉलोनी गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर का नाम हस्तानान्तरण नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा श्री कल्पेश भाई पटेल पुत्र श्री रमेश भाई पटेल के पक्ष में किया जाना है। इस नाम हस्तानान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम ग्रेटर) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार पट्टा विलेख की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची ज संख्याक 4**
**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बस्सी**
**स्थान - जयपुर न्यायाधीश प्रथम** 279 22/8/25
**योगेश बनाम मीनाक्षी वगैरह**
**वाद/प्रार्थना पत्र उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र**
**प्रार्थना पत्र संख्या 1/25**

**प्रार्थीगण- योगेश शर्मा पुत्र स्व. श्री गणेश नारायण शर्मा माता स्व. श्रीमती संतोष शर्मा, निवासी- प्लॉट नं. 58, माली की कोठी, बगराना, आगरारोड, लूणियावास**
**वि. प्रार्थीगण -**
1. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा पत्नी श्री ऋषिशर्मा पुत्री स्व. श्री गणेश नारायण शर्मा, पता- 1299, रामगंज बाजार, जयपुर
2. श्रीमती करिश्मा शर्मा पत्नी श्री मनोहर लाल शर्मा पुत्री स्व. श्री गणेश नारायण शर्मा पता- 135, विजयपुरारोड, आगरारोड, जयपुर
3. श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी श्री आशीष शर्मा पुत्री स्व. श्री गणेश नारायण शर्मा, पता- ग्राम खिजूरिया ब्राह्मणान, तह. बस्सी, जयपुर
4. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, पता- क्षेत्रीय कार्यालय भविष्य निधि भवन, ज्योति नगर, जयपुर
5. PNB शाखा- जामडोली केशव विद्यापीठ समिति, जामडोली
6. SBI शाखा- कानोता, तह. बस्सी, सुपर बाजार, आगरारोड, जयपुर

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 28.08.2025 को 10:00 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक् रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगें तो उक्त आदेश की सुनवाई व उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जायेगा। यह आज दिनांक 22.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

मोहर न्यायालय

आज्ञा से - अपर जिला एवं सेशन न्यायालय बस्सी, जयपुर महानगर-प्रथम

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR BENCH, JAIPUR**
**S.B./D.B. CIVIL WRIT PETITION NO....../2025**
**Any Person**
**Versus**
**State of Rajasthan and Ors.**

Application under Rule 159 of Rajasthan High Court Rules for entering into Caveat
MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS :
Your Lordship's humble applicant wants to enter into caveat under Rule 159 of the Rajasthan High Court Rules and let nothing be done till the applicants are heard in the matter.
The particulars of the **Writ Petition** which is likely to be filed are given below :-
The Writ Petition may be filed by the following person:-
Any Person
That the Writ Petition is likely to be filed against following parties:-
1. Additional Chief Secretary, Rural Development and Panchayati Raj Department, Government Secretariat, Jaipur-302005
2. Principal Secretary and Commissioner, Panchayati Raj Department, Government Secretariat, Jaipur
3. All Chief Executive Officer, Zila Parishad, Rajasthan
4. All District Collector, Rajasthan.

That the Order against which the Writ is to be filed is against क्रमांक:-17()परावि/प्रशा-2/संस्था/जांच/कलिभ-13/ई-62127 दिनांक 15.07.2025 passed by the Secretary, Panchayat Raj Department, Jaipur.
That the Writ Petition which is to be filed against the Panchayati Raj Department.
That Vakalatnama on behalf of Chief Executive Officer, Zila Parishad, Jaipur, is submitted herewith.
It is, therefore, humbly prayed that nothing be done in the case till the applicants are heard.

**HUMBLE PETITIONER**
**Through counsel**
**(Kapil Prakash Mathur)**
**AAG**
**(Registration No.-R/119/2000**
**Mobile No.-9828020309**
**Email Id: kpmathur.aag@rajasthan.gov.in**
Raj.Samwad/C/25/8804

**जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि.**
गांधी नगर रेल्वे स्टेशन के पास, जयपुर-302015, ईपीएबीएक्स: 0141-2713666-69, Ext. 218
E-Mail: computer@jaipurdairy.com website: www.jaipurdairy.com
क्रमांक: एफ ()जजिदुउस/प्रचार/2025/17679-80 **ई-आमंत्रण प्रस्ताव** दिनांक: 26.08.2025

दुग्ध संघ की निविदा सूचनाओं, सजावटी विज्ञापन आदि का विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु दि इण्डियन न्यूजपेपर सोसायटी (INS) से नवीनतम अनुमोदित एजेन्सियों का दो वर्ष के लिए एम्पेनलमेन्ट हेतु ऑन लाईन आवेदन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित किये जाते है। विस्तृत आवेदन प्रपत्र, महत्वपूर्ण दिनांक आवेदन फीस/ईएमडी राशि का पूर्ण विवरण संघ की वेबसाईट www.jaipurdairy.com पर ही देखा जा सकता है।
NIB: CDF2526A0573 प्रबन्ध संचालक
जीवन में भरे रस - हमारा प्यारा

**13th BN THE GRENADIERS REGIMENT, JAIPUR (RAJ)**

Application from eligible indian citizen are invited in prescribed format for the following group 'C' Defence Civilian post at various establishment of South Western Command. Application form duly completed in all respects along with all requisite documents, duty self-attested should reach by speed/Registered Post to Commanding Officer, 13th GRENADIERS, Vaishali Nagar, Jaipur, Rajasthan-302021 within 21 days from the date of publication of this advertisiment in the newspaper which shall also be crucial on determining the age limit of all candidates.

| S.No. | Name of Post | Pay Band | Vacancies UR | SC | ST | OBC | EWS | ESM | PH (LD) Not Less than 40% | Total | Education Qualification |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | Stenographer Grade - II | Level 4 Rs. 25500-81100 | 02 | 01 | - | 01 | 01 | - | - | 05 | (a) 12th Class equivalent from a recognized Board of University (b) Dictation : 10 minutes @ 80 words per minute (c) Transcription 50 minutes (English) 65 minutes (Hindi) on computer |
| (b) | Cook | Level 2 Rs. 19900-63200 | 01 | - | - | - | - | - | - | 01 | (a) Essential Matriculation Pass or equivalent from recognized board (b) Must have knowledge of Indian cooking & proficiency in trade (c) Desirable conversant with duties of the respective trades with one year experience in the trades |
| (c) | MTS | Level 1 Rs. 18000-56900 | 02 | - | - | 06 | 05 | 01 | - | 14 | (a) Matriculation Pass or equivalent from recognized Board (b) Desirable Conversant with duties of the respective trades |
| (d) | Washerman | | 01 | - | - | - | - | - | - | 01 | |
| | Total | | 06 | 01 | - | 07 | 06 | 01 | - | 21 | |

• Detailed Eligibility Criteria, Application Form, Declaration and Terms & conditions are available at www.indianarmy.nic.in. Any Future amendment corrigendum in advertisement will be published in www.indianarmy.nic.in. • Full Advertisement (total 05 (Five) pages in pdf file) may please be download from www.indianarmy.nic.in. • Recruitment advertisement published in Times of India, Punjab Kesri and Dainik Navjyoti (Jaipur Edition) on 25th Mar 2023 has been cancelled vide Advertisement published on 28 Sep 2024 in Times of India and Dainik Bhaskar. The candidates who applied previously and were called for written examination are not required to apply again. Fresh admit cards will be issued to them accordingly. Their age limit will be calculated as per previous application.

## संक्षिप्त

### बालिका विद्यालय के जर्जर भवनों को ठीक कराने की मांग

**बौंली- बामनवास।** क्षेत्र के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बरनाला के भवनो की छत जगह-जगह से टूटी हुई है, इस कारण विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं के अभिभावकों को चिंता व्याप्त हो रही है एवं बालिका विद्यालय के जर्जर भवनों को ठीक कराने की मांग राज्य सरकार से की गई है। बरनाला निवासी ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार व अन्य अभिभावकों ने बताया कि बालिका विद्यालय भवन की छत जगह-जगह टूटी हुई है एवं पट्टियां भी टूट कर नीचे गिर चुकी है, ऐसी स्थिति में कक्षाओं में पानी टपकता रहता है, जिससे छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विद्यालय प्रशासन द्वारा लाखों रुपए बाहरी सुंदरता व फर्श निर्माण में तो खर्च कर दिया गया है लेकिन वास्तविक समस्या को नजरअंदाज कर दिया गया है, इससे बालिकाओं को हमेशा खतरा बना रहता है।

### टोंक-सवाई माधोपुर में बाढ़ से भारी तबाही

**चौरु/उनियारा।** टोंक और सवाई माधोपुर जिलों में आई भीषण बाढ़ से जन-जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। हजारों मकान क्षितग्रस्त, सड़कें-पुलिया टूटीं, बिजली-पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। वहीं खेतों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो जाने से किसान गहरे आर्थिक संकट में हैं। पशुधन के भारी नुकसान के चलते ग्रामीण परिवारों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। टोंक सवाई माधोपुर सांसद हरीश चन्द्र मीना भी पिछले दो दिनों से क्षेत्र में घूमकर बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर स्थिति का अवलोकन कर रहे हैं और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर रहे हैं। इन हालातों को गंभीर बताते हुए टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश चन्द्र मीना ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दोनों जिलों के लिए विशेष पैकेज की मांग की है। सांसद ने पत्र में लिखा है कि बाढ़ से प्रभावित गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार बुरी तरह बेघर हो गए हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। ऐसे में केंद्र सरकार से निवेदन है कि तुरंत राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए विशेष पैकेज घोषित किया जाए। उन्होंने आशा जताई कि केंद्र सरकार त्वरित निर्णय लेकर पीड़ित परिवारों को शीघ्र सहायता प्रदान करेगी।

### अनन्त चतुर्दशी पर मीट व्यवसायियों के प्रतिष्ठान बंद रखने के आदेश

**फुलेरा।** फुलेरा नगरपालिका मण्डल की ओर से जारी आदेश के अनुसार पर्यूषण पर्व व अनन्त चतुर्दशी के पर्व को लेकर क्षेत्र की सभी मीट की दुकाने बंद रहेगी। फुलेरा नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक के आदेश की पालना करते हुए जैन धर्म के पर्यूषण पर्व संवत्सरी बुधवार 27 अगस्त व शनिवार 6 सितम्बर अनन्त चतुर्दशी पर्व पर नगरपालिका क्षेत्र के समस्त मीट-मांस, मछली व अण्डे के व्यवसायियों को दुकान बंद रखने के आदेश दिए हैं। आदेश की अवेहलना करने वालो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### 45 वाहन चेक, 9 के कटे चालान

**मनोहरपुर।** थाना क्षेत्र के चौकी के पास मंगलवार तड़के मनोहरपुर थाना पुलिस ने कानून व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर बड़ा एक्शन लिया। सुबह 4 बजे से 6 बजे तक मनोहरपुर से नवलपुरा मोड़ और नवलपुरा मोड़ से मनोहरपुर मार्ग की सड़क चौकी के पास की ओर आने-जाने वाले वाहनों की सख्त नाकाबंदी की गई। थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने कुल 45 वाहनों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान नियम तोड़ने वालों पर सख्ती दिखाते हुए 9 वाहनों के मौके पर ही चालान काटे गए इस दौरान पुलिस का कहना है कि इस अभियान का मकसद सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति को अमल में लाना है।

### गणेश जी का 58वा पाटोत्सव मनाया

**मनोहरपुर।** कस्बे के इंद्रा कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर परिसर में श्रीगणेश जी महाराज का 58वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। पुजारी विष्णु शर्मा ने बताया कि 26 अगस्त की रात्रि को विशाल जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर से आए प्रसिद्ध कलाकार भक्ति प्रस्तुतियां दी।आज विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# 'वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण व अवैध खनन बर्दाश्त नहीं होगा'

■ संजय शर्मा ने कचरा निस्तारण, खनन इकाइयों द्वारा प्रदूषण और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर दिया बल

**भिवाड़ी।** भिवाड़ी रीको गेस्ट हाउस पर मंगलवार को राज्य के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा की अध्यक्षता में जिले में वन एवं पर्यावरण से संबंधित बजट घोषणाओं, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा क्षेत्रीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी प्रशांत किरण, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक. टी. जे. कविधा, मुख्य वन संरक्षक राजीव चतुर्वेदी, उप वन संरक्षक राजेन्द्र हुड्डा अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट खैरथल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र भिवाड़ी, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पूर्व चैयरमेन संदीप दायमा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



वन मंत्री संजय शर्मा ने जनकल्याणकारी योजनाओं तथा क्षेत्रीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।

मंत्री शर्मा ने हरियालो राजस्थान मिशन के तहत जिले की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लगाए गए पौधों की देखभाल, पानी एवं सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा त्रिस्तरीय मूल्यांकन का कार्य भी किया जा रहा है जिसके तहत संभाग सहित सभी स्तरों पर एजेंसियां औचक निरीक्षण कर रही हैं। जो पौधारोपण संरक्षण के लिए सैंपलिंग लेकर किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।डाटा पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करें। उन्होंने कहा जिले में शिक्षा विभाग द्वारा सर्वाधिक पौधे लगाए गए हैं, इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी को उनकी विशेष देखभाल के लिए अलग से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री शर्मा ने बजट घोषणाओं एवं जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाने को कहा साथ ही उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### निवाई से खाटूधाम के लिए प्रथम पदयात्रा हुई रवाना

**निवाई।** बाबा श्याम की कृपा एवं श्याम सखा संस्थान परिवार के सानिध्य में निवाई से खाटूधाम के लिए प्रथम पदयात्रा रवाना हुई। इन्दिरा कालोनी में स्थित श्याम मन्दिर में पदयात्रा निशानों का विधिवत पूजन कर आरती की गई। पदयात्रा का जुलूस झिलाय रोड, अहिंसा सर्किल, बडा बाजार, चौहट्टी बाजार व जयपुर रोड से होती हुई भव्य गाजे-बाजे के साथ यात्रा खाटूधाम के लिए रवाना हुई। शहर वासियों ने पदयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रथ यात्रा के जुलूस में बाबा श्याम को रथ में विराजित कर मनमोहक श्रृंगार किया गया। इस दौरान पदयात्री व श्रद्धालु नाचते गाते हुए चल रहे थे। पदयात्रा चाकसू, सांगानेर व रींगस होती हुई खाटूधाम पहुंचेगी। जहां निशान अर्पित कर सवामणी का भोग लगाया जाएगा। पदयात्रा के दौरान 28 अगस्त को जयपुर में भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

# राजा मिहिर भोज की जयंती धूमधाम से मनाई, युवाओं ने निकाली वाहन रैली

**निवाई।** सकल गुर्जर समाज के तत्वावधान में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जयंती को लेकर मंगलवार को विशाल वाहन रैली निकाली गई। समाजसेवी अशोक लांगडी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के अवसर पर सम्राट मिहिर भोज जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

उन्होंने बताया कि सम्राट मिहिर भोज जयंती को लेकर झिलाय रोड पर स्थित वीर गुर्जर छात्रावास से डीजे के साथ विशाल वाहन रैली रवाना हुई। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए जमात में स्थित देव भूमि हाडा वाली ढाणी पहुंची, जहां पर रैली का समापन करके विचार गोष्ठी का आयोजन कर पुष्प अर्पित किए गए।

विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने राजा मिहिर भोज के पराक्रम और राष्ट्र रक्षा के लिए किए कार्यों को याद किया। समाजसेवी सुरेश डोई ने कहा कि मिहिर भोज परम प्रतापी और पराक्रमी राजा थे।



राजा मिहिर भोज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए युवा।


इनका साम्राज्य मुल्तान से लेकर बंगाल तक और उत्तर में कश्मीर से लेकर दक्षिण में कर्नाटक तक फैला हुआ था। मेघराज बोकण ने कहा कि राजा मिहिर भोज भगवान विष्णु के परम भक्त थे। अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा अध्यक्ष अशोक लांगडी ने कहा कि राजा मिहिर भोज ने अपने शासनकाल में कन्नौज को अपनी राजधानी बनाया। इस दौरान युवाओं ने राजा मिहिर भोज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विकास बोकण, नंदलाल लांगडी, देवनारायण डोई, हरपाल कसाना, सुरेश बेसला, गिर्राज सेदरिया, श्रवण सेदरिया, कन्नू कसाना, हेमराज काटोली, सूरज भडाना व हंसराज कसाना सहित गुर्जर समाज के कई युवा मौजूद थे।

# भगवान श्री देवनारायण का लक्खी मेला आज से

**निवाई।** देवधाम जोधपुरिया मे गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले जन जन के मानस भगवान श्री देवनारायण का लक्खी मेले का शुभारंभ बुधवार की सुबह ध्वज पूजन के साथ होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष फूलचंद लांगडी ने बताया कि मेले को लेकर बुधवार की सुबह 8 बजे विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा

■ निशान यात्रा आज पहुंचेगी निवाई, देव भूमि जमात में होगा रात्रि विश्राम

गांव जोधपुरिया से रवाना होकर देवधाम जोधपुरिया मंदिर में पहुंचेगी। 10 बजे विधिवत ध्वज पूजन से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह व शाम को 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार 28 अगस्त को सुबह अतिथि सम्मान समारोह, शाम 4 बजे यात्रा ध्वज पूजन, शाम 5 बजे भामाशाह सम्मान समारोह, रात्रि 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रि 11 बजे भोपा द्वारा कमल के फूल पर भगवान



लक्खी मेले को लेकर सजाई गई देवजी की झांकी।

देव दर्शन करवाए जाएंगे।

इसी प्रकार 29 अगस्त को सुबह 11 बजे से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। लक्खी मेले के आयोजन को लेकर प्रशासन व मंदिर ट्रस्ट द्वारा अतिवृष्टि से क्षितग्रस्त सडक मार्ग वनस्थली से लोदेडा, मनोहरपुरिया से जोधपुरिया, डांगरथल से मनोहरपुरिया, छोरिया से जगतपुरा की मरम्मत पूरी कर दी गई है और दोनों रास्ते चालू हो गए हैं। इधर आस-पास के क्षेत्र से कई पद यात्राएं भी देवधाम जोधपुरिया पहुंच गई हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रांतों से निशान यात्राएं बुधवार की शाम निवाई पहुंचेगी। निशान यात्रा का जुलूस निवाई शहर से गुजर कर जमात में स्थित देवभूमि पहुंचेगा जहां पर रात्रि विश्राम होगा। मंदिर ट्रस्ट द्वारा लक्खी मेले को लेकर संपूर्ण तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन ने भी सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार की व्यवस्थाएं कर ली है।

# बाड़ीजोड़ी में गोवंश को पीठ में कुल्हाड़ी घोपी, ग्रामीणों मे आक्रोश

■ शाहपुरा थाने में जय श्री राम सेवा समिती ने कराया मुकदमा दर्ज, रात 12 बजे पशु चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन कर निकाली कुल्हाड़ी

**शाहपुरा।** उपखंड क्षेत्र के बाड़ीजोड़ी ग्राम पंचायत के रामचंद्रपुरा गाँव मे देर रात अज्ञात असामाजिक तत्व ने गौवंश की पीठ में कुल्हाड़ी घोप दी जिससे वो शरीर में ही लगी रह गयी। सोशल मीडिया पर वायरल होने पर आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गये। देर रात 11 बजे स्थनीय ग्रामीण मुकेश शर्मा ने गौरक्षक धर्मपाल यादव को सूचना दी। जिससे ट्रोमा व बहुउद्देशीय राजकीय पशु चिकित्सालय की टीम ने 4 घंटे की कठिन परिश्रम के बाद सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर कुल्हाड़ी निकाल गौवंश को राहत प्रदान किया। गौरक्षक धर्मपाल यादव ने बताया कि देर रात 11 बजे गौवंश को अज्ञात द्वारा कुल्हाड़ी से काटने की सूचना आने पर तुरंत ट्रोमा व बहुउद्देशीय राजकीय पशु चिकित्सालय के उपनिदेशक डॉ.प्रहलाद सहाय रैगर को सूचना देकर मौके पर इलाज के लिए अवगत कराया गया। उपनिदेशक डॉ. प्रहलाद सहाय रैगर ने चिकित्सक टीम गठित कर वरिष्ठ सर्जन डॉ.पंकज जैन,पशुधन निरीक्षक प्रवीण शर्मा, पशुधन निरीक्षक रामशरण मीणा, पशुधन निरीक्षण संजय शर्मा मौके पर रात 12 बजे भेजकर 4 घंटे चले जटिल ऑपरेशन कर कुल्हाड़ी निकाल सर्जरी कर गौवंश को बचाया। देर रात मौके से घायल गौवंश को खोरी स्थित परमानंद गौशाला पहुंचाया गया। गौवंश को अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल्हाड़ी से काटने पर जय श्री राम सेवा समिती संयोजक रमेश कुमावत ने शाहपुरा थाने मे राजस्थान गोवंशीय पशु वध का प्रतिषेध और अस्थाई प्रजनन या निर्यात का विनियमन नियम 1995 के तहत धारा 3 व 9 में मामला दर्ज करा दोषी को गिरफ्तार करने की मांग की। उपनिदेशक डॉ.प्रहलाद सहाय रैगर,डॉ.पंकज जैन,पशुधन निरीक्षक प्रवीण शर्मा,रामशरण मीणा,संजय शर्मा, सरपंच अनिल कुमार त्रिवेदी, कमलेश सेनी, विकास महेंद्र ,पूर्व सरपंच पीथाराम, सीताराम, अर्जुन,आकाश सैनी समेत सैकडो लोग मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री बेढ़म ने दर्ज मुकदमों की पेंडेंसी को कम करने के निर्देश दिये

**भरतपुर।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की अध्यक्षता में मंगलवार को पंचायत समिति सभागार डीग में पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। गृह राज्य मंत्री ने डीग

■ डीग जिले में जन सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर गृह राज्य मंत्री का बड़ा फोकस

पुलिस को साइबर क्राइम पर निरंतर प्रभावी कार्रवाई करने पर उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और पुलिसिंग में पारदर्शिता लाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप पुलिस विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में है। बैठक में पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश मीना ने जिला पुलिस डीग द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में की गई कार्रवाइयों को पीपीटी



गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने डीग में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली ।

के माध्यम से अवगत करवाया। इस दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल मौजूद रहे।

बैठक में गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग की गुणवत्ता, साइबर क्राइम, लंबित आपराधिक प्रकरणों पर की जा रही कार्यवाही, विशिष्ट अभियानों के संचालन, नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि अपराध मुक्त प्रदेश बनाने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने बृज क्षेत्र में गौतस्करी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए है। मेवात क्षेत्र में होने वाले अपराधों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाए तथा क्षेत्र के विकास को गति देकर समन्वित विकास के आयाम स्थापित करने की बात की गई।

उन्होंने थानेवार वर्ष 2025 और गत वर्षो में दर्ज किए गए मुकदमों, मुकदमों का निस्तारण प्रतिशत, मुकदमों के प्रकार सहित अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा दर्ज मुकदमों की पेंडेंसी को कम करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कानून व्यवस्था संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की एवं पूरी ईमानदारी से जांच करने, आरोप सही पाए जाने पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग द्वारा शहर में गस्त की संख्या बढ़ाने, गस्त को प्रभावी करने, थानों में समन्वय स्थापित कर सूचना आदान-प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि अपराध की पुनरावृत्ति न हो।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर देवी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कामां महेश मीना, सीओ डीग मनीषा, साइबर सीओ कृष्ण कुमार यादव, नगर सीओ मनोज गुप्ता, कामां सीओ धर्मराज चौधरी, सीओ पहाड़ी गिर्राज मीणा सहित समस्त थाने के एसएचओ मौजूद रहे।

### गौ सेवकों ने दिखाई मानवता

**पावटा।** ग्राम रामचंद्रपुरा बाड़ीज़ोड़ी में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीबन रात 12 बजे एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। जब अज्ञात असामाजिक तत्वों ने नंदी महाराज पर धारदार हथियार कुल्हाड़ी से क्रूरतापूर्वक हमला कर दिया। शांत रात के सन्नाटे में हुई इस बर्बरता ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के जागरूक एवं संवेदनशील गौ सेवक तुरंत सक्रिय हुए। उन्होंने नंदी पर इस तरह के हमले की कठोर निंदा करते हुए आक्रोश जताया व घटना की सूचना शाहपुरा एसडीएम संजीव कुमार खेदड़ व शाहपुरा एसएचओ हेमराज गुर्जर को दी। जिस पर इनके द्वारा तुरंत मेडिकल टीम व पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया।

जिन्होंने घायल नंदी महाराज को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। समर्पित टीम ने अपनी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए नंदी के गहरे जख्मों का सफलतापूर्वक इलाज किया व उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

## सार-समाचार

### शिविर आयोजित



**फुलेरा।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जयपुर जिला अजित कुमार हिंगर के निर्देशन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश,क्र.स.1) अरविन्द कुमार जांगिड़, सांभरलेक के निर्देशानुसार पैनल अधिवक्ता नितेश जांगिड़ ने नगरपालिका मण्डल फुलेरा के मीटिंग हॉल में फुलेरा व उसके आस-पास के गांवों के पक्षकारों के मध्य न्यायालय में विचाराधीन राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री लिटिगेशन मामलों में समझाइश करवाई तथा पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण भावना के साथ अल्प समय में आपसी राजीनामा से 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलो के निस्तारण हेतु प्रेरित किया। इस दौरान सचिव तालुका विधिक सेवा समिति सुशीलकुमार गौतम, लिगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया, कैलाशचन्द माली, नरेंद्र वर्मा, सौम्या वर्मा, महिपाल सिंह, राकेश कुमार, तरुण शर्मा, रमेश नारनौलिया, तनुज शर्मा, मधु कुमावत, आरती गुर्जर, श्रवण सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस स्टॉप वोट चोरी पर चालाएगी जनजागृति अभियान

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए, स्टॉप वोट चोरी मुहिम को सफल बनाने की कड़ी में स्टॉप वोट चोरी का स्टीकर गाडिय़ो पर लगाकर शुरूआत की जायेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ मिलकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने एवं उनकी आवाज़ बुलंद करने के लिए अपराह्न 3.30 बजे , नंगली सर्किल, अलवर पर एआईसीसी महासचिव, असम प्रभारी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में स्टॉप वोट चोरी का स्टीकर टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर गाडिय़ों पर लगाकर जनजागृति अभियान की शुरुआत करेंगे। इस दौरान सांसद संजना जाटव, विधायक ललित यादव, विधायक दीपचंद खैरिया, विधायक कान्ति मीणा, विधायक मांगेलाल मीणा, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत जी, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, जौहरी लाल मीणा, बलजीत यादव, सफिया खान, संदीप यादव, कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान, संजय यादव, आर्यन जुबेर, वरिष्ठ कांग्रेसजन, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रधान एवं पूर्व प्रधान, नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के चेयरमैन एवं पूर्व चेयरमैन, जिला पार्षद, नगर निगम पार्षद, पंचायत समिति सदस्य, कांग्रेस विचारधारा के सरपंच, कांग्रेस के कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहेंगे।

### श्रृंगार से अलंकृत हुए गणपति बप्पा

**श्रीमाधोपुर।** ऋषि-सिद्धि के दाता भगवान गणेश के जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी पर्व की पूर्व संध्या पर मंदिरों में सिंजारा महोत्सव मनाया गया। सिंजारा महोत्सव के तहत गणपति का विशेष श्रृंगार कर नवीन पोशाक धारण करवाने के साथ, डंके और मेहंदी अर्पित की गई। शहर के प्रमुख गणेश मंदिर कुंड वाला के गणेश, टिड्डी नाथ आश्रम गणेश, आदि जगहों पर सिंजारा मनाया गया वहीं बहुत सुंदर डेकोरेशन किया गया। कुंडवाला गणेश मंदिर के महावीर ठठेरा ने बताया कि आज रात्रि जागरण भी किया जाएगा जिसमें बाहर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। बुधवार को पर्व के मौके पर घरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ ही बप्पा विराजमान किए जाएंगे। वाहन, प्रापर्टी, ज्वैलरी की खरीदारी के साथ शुभ कार्यों के लिए दिनभर शुभ योग रहेंगे। कई जगह व गांवों में पंडाल सजाकर दस दिन विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस दौरान बच्चों के लिए धार्मिक प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। सामाजिक संस्थान एसबीएन स्कूल के निदेशक इंजीनियर प्रदीप धायल ने बताया कि 9 दिन तक गणेश जी की विशेष पूजा अर्चना की कर सुख समृद्धि की कामना की जाएगी।

### हनुमान मंदिर में लगा विशाल मेला

**राजगढ़।** धार्मिक आस्था के छाहरीन धाम हनुमान मंदिर पर विशाल मेले के चलते आकर्षक झांकियों के साथ मंगलवार सायं भव्य शोभा यात्रा निकाली। पूजा अर्चना के साथ पंडित राम अवतार शर्मा एवं अन्य ने सैनी धर्मशाला से विधि विधान के साथ शोभा यात्रा को रवाना किया। आकर्षक शोभायात्रा को देखने प्रमुख बाजारों में महिला पुरुष श्रद्धालुओं का जमावड़ा प्रमुख आकर्षण रहा। इधर हनुमान मंदिर पर आयोजित मेले में मंगलवार सुबह से दर्शना र्थियों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी महाराज के दर्शन कर धर्म लाभ कमाया। सैनी धर्मशाला से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में श्री राम दरबार, पंचमुखी हनुमान, वानर सेवा एवं अघोरी महाकाल, सहित अन्य प्रमुख झांकियां निकाली। महाकाल भस्म आरती की शोभायात्रा में भोले के भक्तों की ओर से रोचक भस्म नृत्य प्रमुख आकर्षण रहा। मंदिर से जुड़े युवा एवं स्काउटिंग के कार्यकर्ताओं ने प्रमुख बाजारों में व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया। इधर हनुमान मंदिर पर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। इस दौरान मंदिर परिसर में भव्य सजावट एवं रोशनी की सभी ने सराहना की। शोभायात्रा के दौरान भजनों की प्रस्तुति पर युवा कार्यकर्ताओं ने नृत्य कर सभी को आकर्षित किया। शोभा यात्रा का प्रमुख बाजारों में पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

### घायल नंदी का किया उपचार

**फुलेरा।** रेलवे ट्रैक के समीप एक घायल नंदी का राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय फुलेरा में उपचार किया गया। जानकारी देते हुए पशुधन निरीक्षक लोकेश दम्बीवाल ने बताया कि सोमवार को सुबह गौसेवक बजरंगलाल जोशी, वीरेनसिंह चौहान अपनी टीम के साथ एक घायल नंदी को लेकर पशु चिकित्सालय लाएं, जिसके किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से या अन्य किसी कारण से चारों पैर कटे हुए थे, और गम्भीर रूप से घायल था। नंदी की स्थिति गम्भीर देखते हुए पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉ. गणेश गर्ग के निर्देशन में पशुधन प्रसार अधिकारी सीताराम नागा, पशुधन निरीक्षक लोकेश दम्बीवाल, रामनिवास भटेश्वर, योगेश कुमावत, हजारीलाल मीणा एवं सिविल डिफेंस के कर्मचारी गणेश बंजारा के सहयोग से नंदी के गंभीर रूप से कटे हुए चारों पैरों को ऑपरेशन के माध्यम से जोड़ से हटाकर नंदी के पैरों का उपचार किया गया। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार की ओर से बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत तो कर दिया, परंतु साधन बढ़े और ना ही संसाधनों में कोई इजाफा हुआ। संसाधन बढ़े तो पशुपालकों को फायदा मिल सकता है।

### देवनारायण धाम के लिए पदयात्रा रवाना

**निवाई।** गांव रजवास से श्री भगवान देवनारायण धाम के लिए अष्टम पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। श्री हीरामन बाबा मंदिर से ध्वज पूजा अर्चना व महा आरती करके गोठिया भोजाराम गुर्जर व रामफूल गूर्जर ने पदयात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर पदयात्रा संघ के कार्यकर्ता रामचंद्र गूर्जर, छीतर गुर्जर, सुगन गूर्जर, हनुमान गुर्जर, मदन गूर्जर, रामअवतार गूर्जर, रमेश गूर्जर, सूरज गूर्जर, पप्पू गूर्जर, भगवान सहाय, राम प्रसाद, भजनलाल, हरिराम, रूपनारायण, कालू गूर्जर, धर्मेंद्र सिंह चौहान, रमेश गुर्जर, मदन बारवाल, कानाराम बारवाल, हरजीराम लावडा, सुगन लावडा, सूरज लावडा, श्योराज धाभाई, हरिराम गुर्जर व प्रेम खटाणा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री बूढला बालाजी होती हुई गिरधारीपुरा, सीदडा, देवरी, डांगरथल व मनोहरपुरा होकर देवनारायण मंदिर पहुंचकर ध्वज अर्पित करके महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### जांगिड़ ब्राह्मण समाज की बैठक 31 को

**निवाई।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर पर रविवार दिनांक 31 अगस्त को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा निवाई एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आवश्यक बैठक निवर्तमान तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़ भूरटिया की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें समाज की आगामी गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।



हां अर्जुन और सानिया ने सगाई कर ली है और हम सब उसके नए सफर को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस जवाब के साथ ही अर्जुन की सगाई की खबर पक्की हो गई, जो अब तक सिर्फ अटकलों पर टिकी थी। - **सचिन तेंदुलकर**

**पूर्व भारतीय क्रिकेटर, अपने बेटे के बारे में बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## नेमार



**नेमार** को चिली और बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह लगातार चोटों से जूझ रहे हैं। 33 वर्षीय सैंटोस फॉरवर्ड ने अक्टूबर 2023 के बाद से ब्राजील के लिए कोई मैच नहीं खेला है, जब उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान उनके बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (अठास्थ क्रूसिएट लिगामेंट) फट गया था। मांसपेशियों की बार-बार की समस्याओं के कारण उनकी रिकवरी में बाधा आ रही है और पिछले गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान उनकी जांघ में फिर से खिंचाव आ गया।

**क्या आप जानते हैं ?...** श्रीलंका ने सबसे ज़्यादा एशिया कप (16) खेले हैं, उसके बाद भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश (15-15) का स्थान है।

## दो बार की विंबलडन चैम्पियन क्वितोवा ने यूएस ओपन में हार के बाद संन्यास लिया

वाशिंगटन, 26 अगस्त। दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने यूएस ओपन के पहले दौर में हार के बाद सोमवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया। 35 वर्षीय चेक खिलाड़ी, जिन्होंने



विंबलडन से पहले घोषणा की थी कि न्यूयॉर्क उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, फ्रांस की डायने पैरी से 6-1, 6-0 से हार गईं। क्वितोवा ने खुलासा किया कि उन्हें तीन हफ्ते पहले कोविड-19 हुआ था और उन्हें अपनी फिटनेस से जूझना पड़ रहा था। क्वितोवा ने 31 डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं, जिनमें 2011 और 2014 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम खिताब शामिल हैं। वह विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं, आठ शीर्ष-10 सीजन (2011-15, 2018-20) में जगह बनाई और 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। क्वितोवा ने कहा, ''मैं कभी भी दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी नहीं रही, लेकिन मुझे लगता है कि वे दो ग्रैंड स्लैम जीतें दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी से भी बेहतर हैं। इसलिए मैं इसे इसी तरह लेती हूँ, खासकर विंबलडन की जीत। मुझे कई बातों पर गर्व है।''

## सिफ्ट कौर समरा ने ओलंपिक स्पर्धाओं में भारत को दिलाया छठा सीनियर स्वर्ण पदक

शिमकेंट, 26 अगस्त। ओलंपियन सिफ्ट कौर समरा ने कजाखस्तान के शिमकेंट में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोज़िशन्स (3पी) स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर अपना पहला एशियाई खिताब हासिल किया। महिलाओं की 3पी फाइनल में सिफ्ट ने अपने अनुभव और खासकर स्टैंडिंग पोज़िशन में अपनी महारत दिखाई। उन्होंने 459.2 का स्कोर किया, जिससे चीन की उभरती निशानेबाज यांग युजीए से 0.4 अंकों से पीछे रह गईं। शुरुआत में नीलिंग पोज़िशन के बाद सिफ्ट सातवें स्थान पर थीं। भारत के जूनियर निशानेबाज़ों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीते, जिसमें चार टीम गोल्ड शामिल थे। महिलाओं की 50 मीटर 3पी में अनुष्का ठोकुर और ट्रैप महिलाओं की स्पर्धा में सबीरा हारिस ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते। आर्यवंश त्यागी ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में रजत और समीर गुलिया ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में कांस्य पदक जीता। अब प्रतियोगिता में दो और ओलंपिक इवेंट फाइनल शेष हैं - पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और ट्रैप मिक्स्ड टीम - जो अगले दो दिनों में खेले जाएंगे। भारत और चीन अब बराबरी पर हैं, दोनों ने छह-छह स्वर्ण पदक जीते हैं।

## हॉकी इंडिया ने पुरुष एशिया कप के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की

राजगीर, 26 अगस्त। हॉकी इंडिया ने आज घोषणा की कि 2025 के पुरुष एशिया कप राजगीर, बिहार के सभी मैचों में प्रवेश नि:शुल्क होगा। यह टूर्नामेंट, जो 29 अगस्त से 7 सितंबर तक नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, बिहार के हृदय स्थल में हॉकी का एक भव्य उत्सव होने का वादा करता है। प्रशंसक अपने मुफ्त टिकटों के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, जहां प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें एक वर्चुअल टिकट प्राप्त होगा। यह प्रणाली एक सहज और परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है, जिससे भौतिक रूप से टिकट वापस लेने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और आयोजन स्थल तक सुगम पहुंच सुनिश्चित होती है। इस घोषणा पर, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, ''राजगीर में हीरो पुरुष एशिया कप की मेजबानी भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, और हम चाहते हैं कि हर प्रशंसक इस यात्रा का हिस्सा बने।प्रवेश नि:शुल्क रखकर हमारा उद्देश्य इस खेल को और अधिक सुलभ बनाना और परिवारों, छात्रों और युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय हॉकी देखने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह सिर्फ़ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह खेल का उत्सव है और बिहार और उसके बाहर के लोग इसके केंद्र में रहने के हक़दार हैं।''

## विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप से पहले मुक्केबाजी टीम विदेश में प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

नई दिल्ली, 26 अगस्त। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले एक उच्च-तीव्रता वाले संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफ़ील्ड, यूनाइटेड किंगडम भेजा है। यह कदम भारतीय मुक्केबाजों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने और टूर्नामेंट से पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए सर्वोत्तम संभव तैयारी सुनिश्चित करने के बीएफआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। वर्तमान में शेफ़ील्ड में मौजूद टीम में 9 पुरुष और 8 महिला मुक्केबाज हैं, जिन्हें 8 कोच और 2 स्टाफ सदस्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं। 28 अगस्त तक उनके साथ 1 पुरुष और 2 महिला मुक्केबाज, 1 सहायक स्टाफ भी शामिल हो जाएगा। भारतीय टीम यूके के प्रमुख उच्च-प्रदर्शन खेल केंद्रों में से एक, इंग्लिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट शेफ़ील्ड में चल रहे अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा है। यह शिविर मुक्केबाजों को शीर्ष अंतरराष्ट्रीय एथलीटों के साथ गुणवत्तापूर्ण अभ्यास और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है।

## एशिया कप 2025 : क्या कभी पूर्व भारतीय क्रिकेटरों को दूसरे देशों की टीमों के चयन के बारे में बात करते सुना है : गावस्कर

नई दिल्ली, 26 अगस्त। गावस्कर ने कहा कि अगर भारतीय मीडिया, सोशल मीडिया और क्रिकेट पंडितों के बीच एशिया कप टीम को लेकर कोई बहस नहीं होती, तो उन्हें हैरानी होती। लेकिन यह बात कि विदेश के पूर्व क्रिकेटर भी इस बहस में पड़ रहे हैं, उन्हें स्वीकार्य नहीं है।

एशिया कप को शुरू होने में अब कुछ ही दिन का समय शेष रह गया है। भारत ने अगले महीने यूएई में होने वाले इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की है जिसकी कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। टीम में श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को शामिल नहीं करने पर काफी चर्चा हुई थी, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने इस बात हैरानी जताई है कि एशिया कप टीम को लेकर भारत के अलावा पूर्व विदेशी खिलाड़ी क्यों टिप्पणी कर रहे हैं जिनके बयान आग में घी डालने का काम कर रहे हैं।



गावस्कर ने कहा कि अगर भारतीय मीडिया, सोशल मीडिया और क्रिकेट पंडितों के बीच एशिया कप टीम को लेकर कोई बहस नहीं होती, तो उन्हें हैरानी होती। लेकिन यह बात कि विदेश के पूर्व क्रिकेटर भी इस बहस में पड़ रहे हैं, उन्हें स्वीकार्य नहीं है। गावस्कर ने एक कॉलम में लिखा, हैरान करने वाली बात यह है कि जिन विदेशियों का भारतीय क्रिकेट में कोई योगदान नहीं है और जिन्हें इसके बारे में बहुत कम जानकारी है, वे इस बहस में कूद पड़े हैं और आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। वे खिलाड़ी के रूप में चाहे कितने भी महान क्यों न हों और भारत में कितनी भी बार क्यों न आए हों, भारतीय टीम का चयन उनका बिल्कुल भी काम नहीं है। उन्हें अपने देश के क्रिकेट पर ध्यान देना चाहिए और हम भारतीयों को अपने क्रिकेट की चिंता करने देना चाहिए। हैरानी की बात यह है कि जब उनके देश की टीमों का चयन होता है तो चयन के बारे में उनसे शायद ही कुछ सुना जाता है।

गावस्कर ने लिखा, ऐसा लग रहा है जैसे चयन एकदम सही है और उन्हें कोई टिप्पणी करने की जरूरत ही नहीं है। तो फिर भारतीय टीम के चयन में दखलंदाज़ी क्यों? क्या आपने कभी पूर्व भारतीय क्रिकेटरों को दूसरे देशों की टीमों के चयन के बारे में बात करते सुना है? नहीं, हम अपने काम से मतलब रखते हैं और हमें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे किसे चुनते हैं और किसे नहीं।

गावस्कर का मानना है कि सोशल मीडिया पर भारतीय दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से इन विदेशी क्रिकेट हस्तियों को सोशल मीडिया पर अधिक फॉलोअर्स और व्यूज मिलने में मदद मिलती है, जिससे उन्हें अपनी आजीविका चलाने में मदद मिलती है। गावस्कर ने कहा, सोशल मीडिया के जमाने में जहां व्यूज और फॉलोअर्स पाना ही मुख्य विषय है, संख्या बढ़ाने का सबसे तेज तरीका भारतीय मामलों पर टिप्पणी करना है।

ज्यादातर वे इसे नकारात्मक रूप से करते हैं, इसलिए भारतीय यूजर्स की प्रतिक्रिया काफी होती है, जिससे उनके फॉलोअर्स की संख्या बढ़ जाती है। अगर आपकी चमड़ी मोटी है, तो और भी अच्छा है। यही कारण है कि कई विदेशी क्रिकेटरों ने भारतीय क्रिकेट और क्रिकेटरों के बारे में अपनी ज्यादातर नकारात्मक टिप्पणियों से भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को परेशान करके अपनी आजीविका चलाई है।

## भारत एशिया कप 2025 जीतेगा : सहवाग

नई दिल्ली, 26 अगस्त। बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2025 से पहले, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ बातचीत में वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि भारत एशिया कप जीतेगा। एशिया कप 2025 के आधिकारिक प्रसारक, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ एक विशेष बातचीत में, वीरेंद्र सहवाग ने भारत की संभावनाओं पर कहा,हम विश्व चैंपियन हैं। हमने अभी-अभी चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 विश्व कप जीता है और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और उम्मीद है कि हम एशिया कप जीतेंगे।



भारत के अभियान के लिए युवाओं की तुलना में उनका अनुभव कितना महत्वपूर्ण है? उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और स्काई (सूर्यकुमार यादव) आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और वह टी20 प्रारूप में एक शीर्ष खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि उनकी कप्तानी में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हमने पहले भी देखा है कि जब स्काई ने कमान संभाली थी, हमने कई टी20 मैच जीते थे और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप भी जीतेंगे।

हम आमतौर पर एशिया कप को विश्व कप की तैयारी के रूप में देखते हैं। 2026 का विश्व कप आ रहा है। क्या यह एशिया कप विश्व कप की तैयारी के रूप में काम करेगा? इस बारे में सहवाग ने कहा, मुझे लगता है कि टी20 प्रारूप में, यह एशिया कप हमारे 2026 के टी20 विश्व कप के लिए एक बेहतरीन तैयारी का काम कर सकता है। यह देखने का मौका है कि किन नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए और किसे टीम में शामिल किया जा सकता है। आप विश्व कप के लिए टीम बनाना शुरू कर सकते हैं। मेरे विचार से, भारतीय टीम के लिए अपनी ताकत परखने का एशिया कप से बेहतर कोई मौका नहीं हो सकता।

टीम चयन अक्सर बहस का विषय बन जाता है। एशिया कप के लिए मौजूदा भारतीय टीम और इस टीम के लिए चयनकर्ताओं के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर पूर्व ओपनर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत अच्छा टी20 चयनकर्ता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत अच्छी टी20 टीम है। सूर्य कुमार यादव के नेतृत्व में, हमने टी20 मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि उन्हें चयनकर्ताओं द्वारा दी गई सर्वश्रेष्ठ टीम मिलेगी, और उम्मीद है कि हम इस बार एशिया कप जीतेंगे।

## ब्रोंको टेस्ट को लेकर बीसीसीआई पर उठ रहे सवाल

नई दिल्ली, 26 अगस्त। पूरी दुनिया में अपनी शानदार बल्लेबाजी के दम पर रोहित शर्मा ने कई उपलब्धि अपने नाम की हैं। रोहित को हिटमैन के तौर पर भी जाना जाता है। वह टी20 और टेस्ट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं जिसके बाद अब वह सिर्फ वनडे क्रिकेट में खेलते हुए दिखेंगे। साथ ही कहा जा रहा है कि, वह अगल वनडे वर्ल्ड कप 2027 भी खेलेंगे। हालांकि, उस समय तक रोहित 40 साल से ज्यादा के हो जाएंगे।

वहीं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने हाल ही में ब्रोंको टेस्ट की शुरुआत की है। ये फिटनेस एसेसमेंट टेस्ट भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान कई खिलाड़ियों, खासकर तेज गेंदबाजों की फिटनेस संबंधी समस्याओं के बाद शुरू किया गया था। जिसका उद्देश्य हाईलेवल की फिटनेस बनाए रखना और खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता में सुधार करना था।

दरअसल, ब्रोंको टेस्ट एक तरह से एरोबिक रनिंग ड्रिल है, जिसकी मदद से खिलाड़ी का स्टेमिना, स्पीड और हर्ट की स्थिति को जाना जा सकता है। इस टेस्ट में 20 मीटर, 40 मीटर और 60 मीटर की शटल दौड़ होती है। एक सेट में तीन दूरियों को दौड़ता होता है और प्लेयर को ऐसे पांच सेट बिना रुके पूरे करने होते हैं। इस तरह से कुल मिलाकर खिलाड़ी को 1,200 मीटर बिना आराम किए दौड़ना होता है। इससे भी बड़ी बात ये है कि इस टेस्ट को 6 मिनट के अंदर खिलाड़ी को पूरा करना होता है।

वहीं अब ब्रोंको टेस्ट का जिक्र करके पूर्व भारतीय बल्लेबाज मनोज तिवारी का मानना है कि बीसीसीआई और रोहित शर्मा को लेकर बड़ा दावा किया है। मनोज तिवारी का मानना है कि, बीसीसीआई ने सुनिश्चित करने के लिए ब्रोंको टेस्ट शुरू किया है कि रोहित शर्मा 2027 के वनडे वर्ल्ड कप से पहले क्रिकेट से संन्यास ले लें। सभी जानते हैं कि भारत के रोहित सबसे फिट क्रिकेटर नहीं हैं। लेकिन उनका प्रदर्शन ऐसा रहा है कि कोई भी उन्हें बेंच पर नहीं बैठा सकता। मनोज का ये भी मानना है कि, इसलिए ब्रेंको टेस्ट शुरू किया जा रहा है। रोहित इस समय 38 साल के हैं।

क्रिकट्रैकर से मनोज ने कहा कि, मुझे लगता है कि विराट कोहली को 2027 वर्ल्ड कप की प्लानिंग से बाहर रखना मुश्किल होगा, लेकिन मुझे शक है कि रोहित शर्मा को अपनी प्लानिंग में शामिल करेंगे। क्योंकि, देखिए मैं भारतीय क्रिकेट में चल रही गतिविधियों को बहुत बारीकी से एनालिसिस करता हूं। मेरा मानना है कि ये ब्रोंको टेस्ट, जो कुछ दिन पहले ही शुरू किया गया था। रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों और ऐसे लोगों के लिए है जो मेरे विचार से भविष्य में टीम का हिस्सा नहीं बनना चाहते और इसी कारण से इसे शुरू किया गया है।

## जैक ड्रेपर चार सेटों में जीत के साथ दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क, 26 अगस्त। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी जैक ड्रेपर अर्जेंटीना के क्वालीफायर फेडेरिको अगस्टिन गोमेज को 6-4, 7-5, 6-7 (7-9), 6-2 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। पिछले साल न्यूयॉर्क सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पांचवें वरीय खिलाड़ी, हाथ में चोट लगने के बाद जुलाई की शुरुआत में विंबलडन के बाद अपना पहला एकल मैच खेल रहे थे। ड्रेपर ने कहा, ''मुझे अपने पैरों में टेनिस की जरूरत थी। मुझे तीन घंटे का मैच खेलना था।'' ''तीसरा सेट हारने पर मैं थोड़ा खुश था क्योंकि मेरा स्तर बहुत अच्छा नहीं था। फिर मुझे लगा कि चौथे सेट के अंत में मैं और बेहतर होता जा रहा हूँ।'' 23 वर्षीय ड्रेपर को अपने शानदार ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन के बाद वापसी करते हुए खिताब के दावेदारों में से एक माना जा रहा है। हालांकि वह अपने विश्वसनीय और शक्तिशाली सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में नहीं थे, लेकिन बाएं हाथ के इस अंग्रेज खिलाड़ी ने अंततः गोमेज के विस्फोटक खेल को पूरी तरह से बेअसर कर दिया। ड्रेपर ने बेसलाइन पर काफी दबाव झेला और ऐसे सवाल पूछे जिनका जवाब उनका 203वीं रैंकिंग वाला प्रतिद्वंद्वी लगातार नहीं दे पा रहा था।



## ज्यूरिख में चमक बिखेरेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, 26 अगस्त। नीरज चोपड़ा एक बार फिर डायमंड लीग में चमक बिखेरते हुए नजर आएंगे। गुरुवार को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होने वाले प्रतिष्ठित फाइनल में नीरज अपने पुराने खिताब को वापस पानी की कोशिश करेंगे। लेकिन राह आसान नहीं होगी क्योंकि सामने होंगे एंडरसन पीटर्स, जूलियन वेबर और केशोर्न वालकॉट जैसे दिग्गज खिलाड़ी। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा एक बार फिर डायमंड लीग में चमक बिखेरते हुए नजर आएंगे। गुरुवार को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होने वाले प्रतिष्ठित फाइनल में नीरज अपने पुराने खिताब को वापस पानी की कोशिश करेंगे। लेकिन राह आसान नहीं होगी क्योंकि सामने होंगे एंडरसन पीटर्स, जूलियन वेबर और केशोर्न वालकॉट जैसे दिग्गज खिलाड़ी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन नीरज ने 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी, जबकि 2023 और 2024 में उन्हें उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। इस सीजन की शुरुआत उन्होंने धमाकेदार अंदाज में की। मई में उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का थ्रो कर 90 मीटर की दीवार तोड़ी, हालांकि वह वेबर से पीछे रहे। जून में नीरज ने पेरिस में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ बाजी मारी और साबित किया कि वह खिताब के प्रबल दावेदार हैं। फाइनल की सूची में नीरज के अलावा एंड्रियन माडरि, गत चैंपियन पीटर्स, ओलंपिक चैंपियन वालकॉट, जूलियस येगो और मेजबान स्विट्जरलैंड के साइमन वीलैंड भी शामिल हैं इस वजह से ज्यूरिख का मुकाबला रोमांच से भरपूर रहने वाला है। 27 वर्षीय नीरज की लय इस सीजन में बेहतरीन रही है। बेंगलुरु में 5 जुलाई को एसी क्लासिक में उन्होंने 86.18 मीटर के थ्रो से खिताब जीता। मौजूदा सीजन में उन्होंने 6 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिनमें 4 बार जीत दर्ज की और दो बार उपविजेता रहे।

## फाइनल में पहुंची टीम जाजू पोलो



जयपुर, 26 अगस्त। राइडिंग एंड पोलो क्लब ने आज टीम जाजू पोलो के शानदार प्रदर्शन की बदौलत महाराज जगत सिंह मेमोरियल कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टीम जाजू पोलो ने टीम तोपची (आर्टिलरी-भारतीय सेना) पर शानदार जीत दर्ज की। अंतिम स्कोर 10-5 रहा, जो गति, सटीकता और दमदार प्रदर्शन से भरपूर मैच को दर्शाता है। टीम के संरक्षक सूरज जाजू के अटूट जुनून ने जाजू पोलो को फाइनल में पहुँचाया, जो उनकी विरासत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है।


ध्रुवपाल गोदारा शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने हैट्रिक बनाई और टीम जाजू पोलो की अगुवाई की। आरव मेवाड़ा और सूरज जाजू ने टीम की रणनीति में और निखार लाया, जबकि तोपची के कैप्टन प्रिंसपाल सिंह और मेजर किरण गोले ने दबाव बनाए रखने के लिए बहादुरी से मुकाबला किया। अब रोमांचक फाइनल के लिए मंच तैयार है, जो ध्रुव के साथ टीम जाजू पोलो और सवीर के साथ टीम बीकानेर पोलो के बीच खेला जाएगा, पिता-पुत्र गौरव के लिए एक-दूसरे का सामना करेंगे।

## टेस्ट क्रिकेट आसान नहीं है, ये मानसिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला फॉर्मेट है : रोहित

नई दिल्ली, 26 अगस्त। टीम इंडिया के पूर्व टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने मई 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। दरअसल, रोहित उस दौरान न केवल टीम इंडिया के कप्तान थे, बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली अहम सीरीज में टीम की सबसे बड़ी उम्मीद भी माने जा रहे थे। लेकिन अचानक रिटायरमेंट के बाद बीसीसीआ को नया कप्तान चुनना पड़ा और शुबमन गिल को ये जिम्मेदारी दी गई।

वहीं तमाम की अटकलों के बाद अब खुद रोहित ने अपने टेस्ट संन्यास पर खुलकर बात की है। मुंबई में एक इवेंट के दौरान रोहित ने कहा कि, टेस्ट क्रिकेट आसान नहीं है, ये मानसिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला फॉर्मेट है। ये खेल आपसे लंबी अवधि तक खेलने की मांग करता है। खासकर पांच दिन तक लगातार फोकस बनाए रखना आसान नहीं होता।

रोहित ने आगे कहा कि, भारतीय क्रिकेटर बचपन से ही लंबे फॉर्मेट खेलने के आदी होते हैं। उन्होंने बताया कि जब हम मुंबई में क्लब क्रिकेट खेलते थे, तो दो-दो, तीन-तीन दिन तक मैच चलते थे। इसलिए हमारे अंदर ये आदत बचपन से ही डाल दी जाती है। रोहित का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में सबसे अहम चीज है कंसंट्रेशन यानी एकाग्रता। पूर्व टेस्ट कप्तान ने कहा कि, लंबे फॉर्मेट में खेलने के लिए मानसिक रूप से फ्रेश रहना जरूरी है।




## मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट में बढ़-चढ़कर सहयोग व सहभागिता करें : डॉ. नीरज के. पवन

### खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को लेकर हुई बैठक

जयपुर, 26 अगस्त। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सयुंक्त तत्वावधान में माह नवम्बर आयोजित होने वाले खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित अर्जुन सभागार में डॉ. नीरज कुमार पवन, शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग की अध्यक्षता में राज्य के समस्त निजी विश्वविद्यालयें के कुलसचिव, खेल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। डॉ. पवन ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पहली बार आयोजित होने वाले खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट में निजी विश्वविद्यालयों को बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने सामर्थ्य के अनुसार सहयोग व समर्थन करना चाहिए। खेलों में राज्य के खिलाड़ियों की प्रतिभागिता भी अधिक से अधिक हो इसके लिए प्रयास किए जाने के निर्देश प्रदान किए। निजी विश्वविद्यालय के प्रायोजक के रूप में या अन्य किसी भी स्वरूप में जुड़ सकते है। इसके अलावा खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2025 के तहत होने वाले खेल आयोजनों में विद्यार्थियों की संख्या दर्शकों के रूप में अधिक से अधिक हो इसके लिए सार्थक प्रयास करते हुए उचित मात्रा में परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने का आठाह किया। इस मौके पर डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, सयुंक्त सचिव, उच्च शिक्षा, अनिता मीना, शासन शासन उप सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार, राजेन्द्र सिंह, सचिव, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, नीलम कंवर, वरिष्ठ लेखाधिकारी, युवा मामले एवं खेल विभाग सहित काफी संख्या में निजी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव, खेल अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद थे।

## राज्य के सभी 33 जिला क्रिकेट केन्द्रों पर आरसीए कराएगा क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण : कुमावत

जयपुर, 26 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावतके अनुसार राजस्थान में क्रिकेट के विकास, युवा खिलाडियों को आवश्यक सुविधाओं सहित उच्च स्तरीय क्रिकेट गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन दिखाने, राज्य क्रिकेट को वापस पटरी पर लाने की जो जिम्मेदारीराज्य सरकारने नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी को दी है उसे सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए हमारी आरसीए एडहॉक कमेटी हर स्तर पर अथक प्रयास कर रही है। आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य के सभी जिला क्रिकेट केंद्रों पर खेल के विकास व उत्थान हेतु क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण हेतु प्रयासरत है जिससे जिले के युवा खिलाडियों को उच्च स्तरीय खेल मैदान पर प्रशिक्षण व अपना प्रदर्शन दिखाने का अवसर प्राप्त हो।



संयोजक डी डी कुमावतने बताया कि एडहॉक कमेटी के सभी सदस्यों का मानना है कि राज्य में राजस्थान क्रिकेट संघ के सभी 33 जिलों क्रिकेट केंद्रों पर आरसीए/जिला क्रिकेट संघ के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होजिसमेजिले के प्रतिभावान खिलाडियों को न केवल उच्च स्तरीय परिस्थितियों में प्रशिक्षण प्राप्त होने के साथ जिले में जल्द से जल्द आरसीए की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सके जिससे राज्य के हर क्षेत्र व जिले में क्रिकेट का विकास व विस्तार होने से राज्य के युवा खिलाडियों को अपना प्रदर्शन दिखाने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होगा।

डी डी कुमावत के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी ने जिलों में क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की रूपरखातैयार कर जिलों में आरसीए , जिला क्रिकेट संघ व सी एस आर फंड के सहयोग से जल्द से जल्द क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण हेतु 6 सदस्य कमेटी गठित की है जिसका चेयरमैनआरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य श्री आशीष तिवारीको बनाया गया है। आरसीए क्रिकेट ठाउंड व स्टेडियम डवलपमेंट कमेटी :- आशीष तिवारी चेयरमैन, सत्यनारायण शर्मा, ब्रज किशोर उपाध्याय, पवन गोयल, सुशील जैन, गोविन्द स्वरुप उपाध्याय, अरिष्ट सिंघवी को सदस्य बनाया गया है।

एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवारी की अध्यक्षता वाली क्रिकेट ग्राउंड व स्टेडियम डवलपमेंट कमेटी राज्य के सभी 33 जिला केंद्रों पर क्रिकेट स्टेडियम के लिए आवश्यक भूमि को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार भूमि के आवंटन, अनुबंध, लीज की प्रकिया जिलों में सीएसआर फंड, जिला क्रिकेट संघ व आरसीए के सहयोग से क्रिकेट स्टेडयम के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा कर राज्य के युवा खिलाडियों के हित में हर संभव कार्य करेगी।

# 'कांग्रेस कमीशन देखती थी, हम ''सबका विकास'' में विश्वास रखते हैं'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष संवाद में विकसित राजस्थान की रूपरेखा पर चर्चा की




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांसद-विधायक संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर-सिरोही, पाली, बीकानेर, श्रीगंगानगर, झुंझुनू, सीकर, चूरू, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, अजमेर और दौसा के जनप्रतिनिधियों और जिला अध्यक्षों से संवाद किया।*

जयपुर, 26 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांसद-विधायक संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर-सिरोही, पाली, बीकानेर, श्रीगंगानगर, झुंझुनू, सीकर, चूरू, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, अजमेर और दौसा संसदीय क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ प्रदेश के विकास पर संवाद किया।

**■ मुख्यमंत्री ने कहा, कि शेखावाटी की हवेलियां हमारी विरासत हैं। यदि हम इनका संरक्षण व संवर्धन कर टूरिस्ट सर्किट के माध्यम से विकास करें तो पर्यटकों का ठहराव बढ़ेगा, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा व स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विकसित राजस्थान2047 की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि जन आकांक्षाएं राज्य सरकार के विजन का केन्द्र बिन्दु हैं। हमारी सरकार ने बजट में सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बिना किसी भेदभाव के बजट का प्रावधान किया है। हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास में विश्वास रखती है, जबकि पिछली कांग्रेस सरकार कमीशन के लिए काम करती थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियां हमारी विरासत हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि विरासत और विकास दोनों साथ चलने चाहिए। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में घरेलू पर्यटक बहुत बड़ी संख्या में आते हैं। यदि हम इन हवेलियों का संरक्षण और संवर्धन कर टूरिस्ट सर्किट के माध्यम से इनका विकास करें तो इससे पर्यटकों का ठहराव बढ़ेगा। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा।

शर्मा ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों को केन्द्र एवं राज्य की योजनाओं से लाभान्वित करें।

इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के 17 जिलों के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना (ईआरसीपी) को धरातल पर शुरू किया। साथ ही, शेखावाटी क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के लिए यमुना जल समझौते को मूर्त रूप दिया है।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि आगामी विधानसभा सत्र के दौरान वे पूरी तैयारी कर सदन में होने वाली चर्चा में भाग लें।

## एससीओ समित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

महत्वपूर्ण रक्षा मुद्दों को संबोधित करने में एससीओ विफल रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव इस मंच पर भी झलकता है। जून में हुए एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने हिंदू पर्यटकों पर हमले का जिक्र न होने पर आपत्ति जताई, जिससे संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका। भारत ने ईरान पर इज़रायली हमले की निंदा करने वाले एससीओ बयान में भी शामिल होने से इनकार कर दिया था। हालाँकि भारत-चीन संबंधों में हाल ही में आई नरमी और ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर नए टैरिफ दबाव ने इस बार शी-मोदी बैठक से सकारात्मक उम्मीदें जगा दी हैं। एरिक ओलेंडर के अनुसार, "संभव है कि भारत अपनी प्रतिष्ठा को थोड़ा पीछे रखकर इस साल के एससीओ विवादों को भुला दे, क्योंकि चीन के साथ संबंध सुधारना मोदी की वर्तमान प्राथमिकता है।" ट्रंप के रुख से आहत मोदी जान गए है कि भारत के पास कूटनीतिक दांव के विकल्प सीमित है। इसलिए मोदी सरकार ने विदेश नीति के अन्य विकल्प तलाशने का निर्णय किया है चीन से हाथ मिलाना इसी का अंग है। बीजिंग भारत की दुविधा को समझता है और उसकी गणना में भारत के अमेरिका के पाले में जाने से अच्छा है स्वतंत्र व तटस्थ भार उसके पास आ जाए। विश्लेषकों को उम्मीद है कि भारत और चीन सीमा से सेना हटाने, व्यापार और वीज़ा नियमों में ढील, जलवायु सहयोग, और जन-संपर्क को बढ़ाने जैसे कई छोटे कदमों की घोषणा कर सकते हैं। हालाँकि इस सम्मेलन से बड़े नीति निर्णयों की उम्मीद नहीं है, फिर भी विशेषज्ञ मानते हैं कि इसके प्रतीकात्मक महत्व को कम करके नहीं आँकना चाहिए। ओलेंडर के शब्दों में, यह शिखर सम्मेलन प्रतीकों के बारे में है और बहुत शक्तिशाली प्रतीकों के बारे में। सम्मेलन के बाद मोदी चीन से रवाना हो जाएंगे, जबकि पुतिन बीजिंग में होने वाली द्वितीय विश्व युद्ध की सैन्य परेड में भाग लेने के लिए सप्ताहभर चीन में रहेंगे – जो रूस के बाहर उनका एक असाधारण रुप से लंबा दौरा होगा।

## हैल्थ इंश्योरैंस और...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर जीएसटी को शून्य कर दिया जाए। अब यह रिपोर्ट परिषद के पास है, जहाँ अंतिम निर्णय राज्य के वित्त मंत्रियों और केंद्र सरकार के हाथ में होगा। कुछ वैकल्पिक सुझाव भी विचाराधीन हैं – जैसे जीएसटी को आंशिक रूप से घटाकर 5 प्रतिशत या 12 प्रतिशत करना, या वरिष्ठ नागरिकों अथवा 5 लाख तक की पॉलिसियों के लिए राहत देना। ये आधे-अधूरे उपाय सरकार को राजस्व में अधिक नुकसान से तो बचा लेंगे, लेकिन बीमा को वास्तव में सुलभ बनाने के उद्देश्य को कमजोर कर सकते हैं।

राज्यों की अपनी चिंताएँ जायज़ हैं। बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से हर साल 2,600 करोड़ से 9,700 करोड़ तक का राजस्व आता है, जो छूट के दायरे पर निर्भर करता है। ऐसे समय में जबकि, कई राज्य वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं, इस राजस्व को छोड़ना आसान नहीं होगा। बीमा कंपनियाँ भी चिंतित हैं। अगर जीएसटी हटा दिया गया, तो उन्हें अपनी सेवाओं पर मिलने वाला इनपुट टैक्स क्रेडिट नहीं मिलेगा, जिससे उनके मुनाफे पर असर पड़ सकता है। इन मुद्दों पर परिषद में तीखी बहस की संभावना है। फिर भी, छूट के पक्ष में दलील बहुत मजबूत है। भारत लंबे समय से बीमा की कम पहुँच और अपर्याप्त सामाजिक सुरक्षा की दोहरी चुनौतियों से जूझ रहा है। इसका मतलब है कि बीमारी के समय या कमाने वाले सदस्य की मृत्यु की स्थिति में परिवार अपनी बचत पर निर्भर रहते हैं। जीएसटी को हटाकर सरकार की तरफ से यह संकेत जाएगा कि वह बीमा के जरिए लोगों को जोखिम बांटने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है। जिससे परिवारों की वित्तीय असुरक्षा कम होगी। यह वित्तीय समावेशन (फायनैंशियल इन्क्लूज़न) और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा की व्यापक नीति के अनुरूप भी है।

इस निर्णय का समय भी बहुत अहम है। जीएसटी परिषद की सितंबर बैठक में टैक्स स्लैब्स को बदलकर उन्हें आसान बनाने की संभावना है। इसमें 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाले स्लैब हटाकर सिर्फ दो दरें, 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रखने का प्रस्ताव है। इस व्यापक सुधार के बीच बीमा पर छूट सबसे ज्यादा उपभोक्ता-हितैषी कदम के रूप में उभर सकती है। सरकार इसे दिवाली तोहफे के रूप में पेश कर सकती है, और इसे अक्टूबर में त्योहारी सीज़न से पहले लागू किया जा सकता है। इससे बीमा कंपनियों को अपने उत्पादों की कीमतें फिर से तय करने और बाज़ार में उन्हें अधिक आकर्षक बनाने का मौका मिलेगा।

अंततः यह मुद्दा इस पर निर्भर करता है कि परिषद वित्तीय विवेक और सामाजिक ज़रूरत के बीच संतुलन कैसे बनाती है। भारत की बचत प्रणाली पहले ही बदल रही है, लोग अब सोना और अचल संपत्ति के बजाय वित्तीय साधनों में निवेश कर रहे हैं।

सुरक्षा (प्रोटैकशन) की लागत को कम करना इस प्रवृत्ति को और मज़बूत करेगा। यह एक ऐसा समाज बनाने में मदद करेगा जो ज्यादा स्वस्थ और आर्थिक रूप से सुरक्षित हो, जहां बीमारी या अकाल मृत्यु से लोग कम प्रभावित हों।

अगर परिषद यह साहसिक निर्णय लेती है और पूर्ण छूट देती है, तो यह सुधार जीएसटी के लागू होने के बाद से उपभोक्ता हित में लिए गए सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में गिना जाएगा। यह दिखाएगा कि टैक्स सिस्टम केवल राजस्व जुटाने के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक प्रगति को सक्षम बनाने के लिए भी है।

## आप नेता सौरभ भारद्वाज पर ईडी का छापा

नयी दिल्ली, 26 अगस्त। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 24 अस्पतालों के निर्माण से जुड़े 5,590 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के घर सहित 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। ईडी सूत्रों ने कहा कि फिलहाल तेरह स्थानों पर तलाशी चल रही है।

धन शोधन निवारण (पीएमएलए) मामला 2018-19 में हुए कथित दिल्ली अस्पताल निर्माण से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि निर्माण में देरी होने के कारण अस्पतालों की लागत बढ़ गई। 2018-19 में आप सरकार ने अस्पतालों के निर्माण को मंज़ूरी प्रदान की थी, हालांकि परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकीं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यवाही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है।

## राहुल की वोट अधिकार यात्रा में शामिल हुईं प्रियंका गांधी

पटना, 26 अगस्त। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज बिहार में चल रही मतदाता अधिकार यात्रा में अपने भाई राहुल गांधी के साथ शामिल हुईं। यात्रा के दसवें दिन सुपौल जिले में जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। पहली बार प्रियंका गांधी इस अभियान में शामिल हुईं और राहुल गांधी के साथ खुले वाहन में लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान माहौल उत्साहपूर्ण रहा और महागठबंधन के कार्यकर्ताओं में नई स्फूर्ति देखी गई।

## उपराष्ट्रपति के चुनाव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है उन्हें खुद भी कल्पना नहीं थी। तेलुगु नेता की व्यक्तिगत साख पर किसी भी प्रकार की चोट जल्द ही पूरे समुदाय के अपमान का रूप ले सकती है। इतिहास गवाह है कि ऐसी भावनाएं कभी-कभी राजनीति को हिला कर रख देती हैं।

जैसे-जैसे उपराष्ट्रपति चुनाव की घड़ी नज़दीक और इसे तेलुगु अस्मिता पर प्रहार माना जा सकता है। एक आम चुनाव तेलुगु अस्मिता बनाम गठबंधन अनुशासन का रंग लेने लगा है। यदि तेलुगु देशम एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी रहती है या फिर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराती है-दोनों ही स्थितियाँ आने वाले दिनों में न केवल चुनाव परिणाम, बल्कि आंध्र तथा तेलंगाना की राजनीतिक दिशा भी तय कर सकती हैं। यह सिर्फ एक वोट नहीं, एक भावनात्मक संकेत हो सकता है।

## मोदी ने ट्रंप के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तो हाल के हफ्तों में ट्रंप द्वारा चार बार फ़ोन कॉल करने के बावजूद मोदी ने जवाब देने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट में उन सटीक तारीखों का ज़िक्र नहीं किया गया है जिन पर कथित तौर पर कॉल किए गए थे। इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक, भारतीय अधिकारियों ने इन कॉल्स पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## कौन पैदा करवा रहा है ''ट्राइबल लीडर''...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की थी और स्वयं, राजीव दत्ता, जो एक आर.पी.एस. अधिकारी हैं, नियमानुसार किसी भी मूर्ति का अनावरण नहीं कर सकते।

याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि इस मामले में पिछले वर्ष एफ.आई.आर. भी दर्ज कराई गई परन्तु, राजकीय दबाव के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। बल्कि एक ही वर्ष में मामले पर एफ.आर. भी लगा दी गई।

अदालत ने याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए तथ्यों और उपलब्ध फोटो को रिकॉर्ड पर लेते हुए कहा कि इस मामले में राजनैतिक दबाव के चलते याचिकाकर्ता द्वारा दर्ज कराई गई एफ.आई.आर. में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

अदालत ने यह भी माना कि वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष के ओ.एस.डी. राजीव दत्ता एक आर.पी.एस. अधिकारी हैं, जो सरकारी नियमानुसार किसी भी मूर्ति का अनावरण नहीं कर सकते और आरोपियों ने इसमें कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दिया है। इसलिए मुख्य सचिव इस मामले की जल्द से जल्द सुनवाई कर मामले का निस्तारण करें।

## अमेरिका ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किए जाएंगे या गोदाम से निकाले जाएंगे।

ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में भारत के सामान पर टैरिफ को 25 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने की घोषणा की थी, जो रूस से तेल खरीदने के कारण लगाया जा रहा है। अमेरिका की यह समयसीमा 27 अगस्त को खत्म हो रही है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908